राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

11 एक्शन से भरपूर फतेह का ट्रेलर...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

जब तक ईवीएम छेड़छाड़... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 295, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

न्यूज डायरी

यमुनानगर : 3 युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग 2 की मौत, 1 की हालत नाजुक

यमुनानगर (आरएनएस)। हरियाणा के यमुनानगर में गुरुवार सुबह 3 युवकों पर नकाबपोश बाइक सवारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें 2 युवकों की मौत हो गईं, जबकि एक की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला सुबह करीब साढ़े 8 बजे रादौर के गांव खेडी लक्खा सिंह में सामने आया। तीनों युवक पावर नाम के जिम में एक्सरसाइज करने आए थे।

वह एक्सरसाइज करने के बाद घर जाने के लिए जैसे ही जिम से बाहर निकले तो हमलावरों ने उन पर 15 से 20 राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग में यमुनानगर के गांव गोलानी के वीरेंद्र कुमार और उत्तर प्रदेश के बड़ौत के पंकज कुमार की मौत हो गईं, जबकि यमुनानगर के गांव उनहेड़ी का रहने वाला अर्जुन घायल हो गया। हमलावरों की संख्या 4 से 5 बताई जा रही है। इस घटना की सूचना मिलते ही यमुनानगर स्क्क राजीव देशवाल घायल से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

धूमधाम से मनाई जाएगी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

अयोध्या (आरएनएस)। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया है कि अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ मंडप में शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों के साथ अग्निहोत्र का आयोजन सुबह 8 से 11 बजे और फिर दोपहर 2

से 5 बजे तक किया जाएगा। इसके अलावा, 6 लाख श्री राम मंत्रों का जप और राम रक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा सहित अन्य धार्मिक मंत्रों का उच्चारण भी किया जाएगा। मंदिर के भूतल पर 3 से 5 बजे तक राग सेवा 6-9 बजे तक बधाई गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद, यात्री सुविधा केंद्र की पहली मंजिल पर रामचरितमानस का संगीतबद्ध पाठ होगा। अंगद टीला पर राम कथा (2 से साढ़े तीन बजे तक), रामचरितमानस पर प्रवचन (साढ़े तीन से 5 बजे तक), साढ़े पांच से साढ़े सात बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुबह से श्री राम के प्रसाद का वितरण होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सभी श्रद्धालुओं और भक्तों को इस ऐतिहासिक अवसर पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह दिन अयोध्या और भारत के लिए एक विशेष धार्मिक महत्व का दिन होगा, जिसमें भक्तगण श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को व्यक्त करेंगे। बता दें कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त निकाला गया था। 22 जनवरी को 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस चीफ मोहन भागवत समेत कई दिग्गज शामिल हुए थे।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश का येलो अलर्ट, घने कोहरे से होगा सामना

नई दिल्ली (आरएनएस)। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में तीन दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक एनसीआर के लोगों को 27 और 28 दिसंबर को तेज बारिश और तेज हवा का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट देखने को नहीं मिलेगी। बारिश के बाद लोगों को घने कोहरे और तापमान में गिरावट का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए अलर्ट के मुताबिक 27 और 28 दिसंबर को तूफान के साथ तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि

उस दौरान न्यूनतम तापमान भी तकरीबन 3 से 4 डिग्री बढ़ जाएगा। इसके बाद वह 11 डिग्री पर पहुंच जाएगा जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री बने रहने की संभावना है। इसके बाद 29 से 31 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहेगा और इस दौरान एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक 29 दिसंबर को घना कोहरा छाया रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने की संभावना है। वहीं, 30 दिसंबर को भी घना कोहरा छाया रहेगा। हालांकि, इस दिन अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहने की संभावना है। साल के अंतिम दिन यानी 31 दिसंबर को घने कोहरे की संभावना जताई गई है। इस दिन अधिकतम तापमान 22 डिग्री रहने और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के चलते ही मैदानी इलाकों में भी लोगों को ठिठुरन भरी सर्दी का सामना करना पड़ेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया।

बता दें कि पीटीआई के मुताबिक, डॉ. मनमोहन सिंह को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद एम्स दिल्ली के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। 9 बजकर 51 मिनट पर उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। डॉ. मनमोहन सिंह ने साल 2004 से लेकर 2014 तक यूपीए की सरकार में भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाला था।

वह 92 वर्ष के थे। भारत के एकमात्र सिख प्रधान मंत्री ने 1991 में वित्त मंत्री के रूप में शपथ लेने के चार महीने बाद राज्यसभा में प्रवेश किया। जून 1991 में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे। उन्होंने उच्च सदन में पांच बार असम का प्रतिनिधित्व किया और 2019 में राजस्थान चले गए। उनके निधन पर भारत के राजनीतिक समेत विभिन्न क्षेत्र के हस्तियों की ओर से शोक संदेश आ रहे हैं।

24 घंटे मे फिर दहला हरियाणा: सोनीपत मे फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके

सोनीपत (आरएनएस)। हरियाणा में लगातार दूसरी बार धरती हिली है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में फिर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

हरियाणा में 24 घंटे में दूसरी बार आया भूकंप चिंता का विषय हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अक्सर ऐसे झटके टेक्टोनिक प्लेटों की हलचल का नतीजा होते हैं।

भूकंप का केंद्र आज सुबह 9 बजकर 42 मिनट 3 सेकंड पर सोनीपत के पहलादपुर किड़ौली क्षेत्र में स्टेडियम के पास दर्ज किया गया।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भले ही यह झटका हल्का था, लेकिन इसने एक बार फिर लोगों में चिंता पैदा कर दी है।भूकंप की तीव्रता और प्रभावरिक्टर पैमाने पर 2.6 की तीव्रता को मामूली श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे झटकों से आमतौर पर ज्यादा नुकसान नहीं होता, लेकिन स्थानीय निवासियों के लिए इनका अनुभव भयावह

हो सकता है। सोनीपत में कई लोगों ने हल्के झटके महसूस किए, हालांकि अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है

लगातार झटकेः क्या कहता है विज्ञान? हरियाणा में 24 घंटे में दूसरी बार आया भूकंप चिंता का विषय हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अक्सर ऐसे झटके टेक्टोनिक प्लेटों की हलचल का नतीजा होते हैं। जरूरी है कि लगातार आ रहे झटकों को हल्के में न लिया जाए, क्योंकि कई बार ये किसी बड़े भूकंप का संकेत भी हो सकते हैं।लोगों की सतर्कता और सरकार की भूमिकाइस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि भूकंप की तीव्रता कम थी, लेकिन फिर भी ऐसी स्थिति में बचाव उपायों के बारे में जागरूक होना जरूरी है। सरकार और संबंधित विभाग को भूकंप से जुड़ी संभावित आपदाओं के लिए तैयार रहना चाहिए और लोगों को सुरक्षा उपायों के बारे में बताना चाहिए।

भूकंप के दौरान क्या करें?

1. भूकंप आते ही घबराएं नहीं। 2. मजबूत फर्नीचर के नीचे छिप जाएं और सिर ढक लें।3. खुली जगह पर जाने की कोशिश करें। 4. लिफ्ट का इस्तेमाल न करें और सीढ़ियों का सहारा लें।

अयोध्या में शीशे की भूल भुलैया का हुआ उद्घाटन, 10 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त प्रवेश

अयोध्या (आरएनएस)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के मौके पर योगी सरकार ने अयोध्या को एक और सौगात दी है। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत 3 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से तैयार शीशे की भूल भुलैया का उद्घाटन किया।

यह भूल भुलैया राम पथ पर बेनीगंज जलकल कार्यालय के पास बनाई गई है। इसे माता सीता की खोज पर आधारित मिरर इमेज की थीम पर डिजाइन किया गया है। जो देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।

अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के मौके पर यह भूल भुलैया प्रति वर्ष श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त में खुली रहेगी, जबकि बाकी दिनों में प्रवेश के लिए टिकट लिया जाएगा। सामान्य प्रवेश शुल्क 25 रुपये प्रति व्यक्ति होगा, जबकि 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह प्रवेश मुफ्त रहेगा। स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश शुल्क 15 रुपये होगा और विद्यालय समूहों के लिए बुकिंग के माध्यम से 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अयोध्या मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, मेयर अयोध्या ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि लोग अयोध्या आते हैं।

पेपर लीक करवाकर युवाओं का एकलव्य की तरह काटा जाता है अंगूठा, ताजा उदाहरण बिहार : राहुल

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज होने के बाद से देश और प्रदेश की राजनीति का तापमान बढ़ गया है। विपक्ष के नेता इसे लेकर बिहार सरकार को घेरने में जुटे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैंने संसद में कहा था कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटवाया गया था उसी तरह पेपर लीक करवाकर युवाओं का अंगूठा काटा जाता है। इसका ताजा उदाहरण बिहार है। बीपीएससी अभ्यार्थी पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और एग्जाम को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, एनडीए की सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए उल्टा छात्रों पर ही लाठी चार्ज

करवा रही है। यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम उनके साथ हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए लड़ेंगे।

शरद पवार ने 8 और 9 जनवरी को बुलाई बैठक

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद एनसीपी (शरद पवार गुट) ने 8 और 9 जनवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। यह बैठक विधानसभा चुनावों के बाद की स्थिति पर चर्चा करने के लिए आयोजित की जा रही है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श

पार्टी की आगामी रणनीतियों पर होगी चर्चा

किया जाएगा, जिसमें चुनाव परिणामों के बाद की स्थिति, पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। शरद पवार और पार्टी के अन्य नेताओं इस बैठक में हिस्सा लेंगे।

जनवरी को सभी प्रकोष्ठों, विधायकों,सांसदों और विभागाध्यक्षों की बैठक होगी, वहीं 9 जनवरी को जिला अध्यक्षों और शहर अध्यक्षों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में पार्टी के स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावी तैयारियों और राज्य में पार्टी की स्थिति पर विचार किया जाएगा।

विधानसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र निकाय चुनाव को लेकर सभी दल एक्शन में नजर आ रहे है। ऐसे में एनसीपी (एसपी) की यह बैठक अहम मानी जा रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने ईवीएम छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जिसको लेकर इन दिनों प्रदेश की राजनीति गर्म है। इसी बीच शरद पवार की बेटी और एनसीपी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे लगता है कि जब तक मेरे पास कुछ ठोस सबूत नहीं हैं, तब तक आरोप लगाना मेरे लिए सही नहीं है। मैंने एक ही ईवीएम से चार चुनाव जीती हूं। आपको बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महायुति में शामिल भाजपा ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं महाविकास अघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस के खाते में 16 सीटें आई तो वहीं एनसीपी शरद पवार गुट ने 10 सीटों पर जीत हासिल की। इसके अलावा शिवसेना उद्धव गुट ने 20 सीटों पर जीत दर्ज की।

फंसा निर्णय विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और जन सुराज पार्टी छात्रों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके समर्थन में हैं

बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर डटे छात्र, अफवाह और जायज के बीच फंसा निर्णय

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर गुरुवार को भी अभ्यर्थियों का धरना जारी है। बीपीएससी प्रश्न पत्र लीक को अफवाह तो धरने पर बैठे छात्र अपनी मांगों को जायज बता रहे हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और जन सुराज पार्टी छात्रों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके समर्थन में हैं। इस बीच, बुधवार को बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे छात्रों पर हुए पुलिस के लाठी चार्ज को लेकर भी सियासत शुरू हो गयी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कहा कि मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है।

उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है उन्हें खोज-खबर ही नहीं बिहार में क्या हो रहा है? भाजपा ने प्रदेश में गुंडागर्दी की सीमा पार कर दी है। चंद माह पूर्व तक एनडीए के नेता नीतीश कुमार को किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बता उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते नहीं थकते थे अब वही। भाजपा, लोजपा, हम के नेता उनके तानाशाही निर्णयों को शिरोधार्य कर बीपीएससी परीक्षार्थियों को पुलिस से पिटवा इस गुंडागर्दी को उचित ठहरा रहे है। नीतीश कुमार खुद को जेपी का स्वयंघोषित चेला बताते है लेकिन छात्रों के लोकतांत्रिक विरोध

से नफरत है। समस्त स्वार्थी एनडीए नेताओं का यही हाल है। दूसरी तरफ, पटना सचिवालय-एक की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनु कुमारी ने कहा, गर्दनीबाग धरनास्थल पर कुछ लोगों द्वारा बीपीएससी की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है।

25 दिसंबर को निर्धारित धरना स्थल गर्दनीबाग से दूर नेहरू पथ पर बीपीएससी कार्यालय के निकट प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर प्रदर्शन किया जा रहा था। वापस धरना स्थल पर जाने का बार-बार अनुरोध करने पर भी वह नहीं माने और कुछ लोग वहीं धरने पर बैठ गये, जिन्हें हल्का बल प्रयोग कर वहां से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने, अफवाह फैलाने और लोगों को उकसाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इन सब के बीच आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि 13 दिसंबर को आयोजित की गई परीक्षा को रद्द करने का कोई सवाल ही नहीं है। केवल बापू परीक्षा केंद्र में दोबारा परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी ही प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी करें जो 4 जनवरी को आयोजित होनी है। आयोग की तरफ से 70वीं पीटी परीक्षा के अभ्यर्थियों से अप्रैल 2025 में संभावित परीक्षा की तैयारी करने का अनुरोध किया है।

चुनावी वर्ष के स्वागत से पहले विपक्ष इस मुद्दे को हवा देने में जुटा है। सत्ता पक्ष के नेता भी इस आंदोलन के पीछे यही कारण बता रहे हैं। बिहार में 2025 में विधानसभा चुनाव होना है।

वीर बाल दिवस पर किया चार साहिबजादों के बलिदान को नमन, फिल्म से दिखाई शौर्य गाथा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। राष्ट्र चेतना मिशन ने वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख पंथ के दशम गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के धर्म रक्षा हेतु बलिदान हुए चार पुत्रों की शौर्य गाथा सैकड़ों बच्चों को दिखाकर नमन किया डीएम रोड स्थित विवेकानंद सरस्वती विद्या मन्दिर कॉलेज में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे गुरुद्वारा लाल तालाब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रनजीत सिंह ने खालसा पंथ के 10 गुरुओं के योगदान और असंख्य वीर योद्धाओं के बलिदान का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मुगलों के अनेक असहनीय अत्याचार और यातनाओं के बावजूद चारों साहिबजादे नहीं झुके और धर्म की बलिवेदी पर कुर्बान हो गए विद्यालय के सभी बच्चों को प्रार्थना स्थल पर बैठाकर संस्था की ओर से बड़ी एलईडी और साउंड सिस्टम लगाकर गुरुपुत्रों के जीवन संघर्ष और शहादत पर आधारित 2 घंटे की एनिमेशन मूवी चार साहिबजादे भी दिखाई गई कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार गुरुपुत्रों को बलिदान दिवस को पुनर्स्मरण रखने के लिए वीर बलिदान दिवस मनाने की घोषणा की और 21 से 26 दिसम्बर तक देश भर में सिख समाज के साथ साथ पूरा हिंदुस्तान उन अमर साहिबजादों की वीरता को वंदन करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित चौहान ने की। उन्होंने गुरुद्वारा के ग्रंथी और राष्ट्र चेतना मिशन पदाधिकारियों को सम्मानित कर जनजागरण के विशेष अभियान के लिए आभार जताया। वीर बाल दिवस कार्यक्रम में गुरुद्वारा लाल तालाब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी रनजीत सिंह, राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, विवेकानंद सरस्वती विद्या मन्दिर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहित चौहान सहित न्यू गुप्ता, योगेश जादौन, राहुल कुमार, सुरेश कुमार, रामावतार लोधी, देव शर्मा, धनंजय सिंह, अरुण राजपूत, गिरधर चौधरी, जतिन कुमार आदि सम्मिलित रहे।

फूड सेफ्टी आन व्हील के माध्यम से किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू । खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के तत्वावधान में चलाए जा रहे अभियान में गुरुवार को फूड सेफ्टी आन व्हील के जरिये पहासू में लोगों को जागरूक किया गया। वैन में मौजूद अधिकारियों ने लोगों को मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच कर गुणवत्ता की जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने लोगों को मिलावट से सावधान किया।कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 11 नमूनों के जांच की गई। फूड सेफ्टी अधिकारी मनीषा शर्मा ने कहा कि जागरूकता में खाद्य सुरक्षा से संबंधित हाईजीन, सैनीटेशन, पैक्ड खाद्य पदार्थ में लेबेलिंग आवश्यकताओं की जानकारी, न्यूट्रीशन, फोर्टीफिकेशन, खाद्य पदार्थ के रख रखाव संबंधी जानकारियां लोगों से साझा की जा रही हैं, ताकि वह जागरूक हो सकें। इस दौरान दुध बर्फी, छेना मिठाई, ,लड्डू ,काजू बर्फी आदि मिठाइयों के कुल 12 नमूनों की जांच लोगों के सामने की गई।नमूनों से संबंधित खाद्य कारोबारकताओं को पायी गयी कमियों को दूर करने के लिए जागरूक कर-के चेतावनी दी गई।

साहब समझौता न करने पर आरोपी दे रहे अंजाम भुगत लेने की धमकी, पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर । साहब समझौता न करने पर आरोपी अंजाम भुगत लेने की दे रहे हैं धमकी। कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। यह गुहार पीड़ित परिवार ने एसएसपी से लगाई है। एसएसपी श्लोक कुमार ने शिकारपुर पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें की थाना शिकारपुर के मौहल्ला कौटकला निवासी पीड़ित शफदअर पुत्र अफसर अली ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया है कि प्रार्थी की बहन अन्जुम पुत्री अफसर ने अपने पति शबाब हैदर पुत्र अमीर हसन उर्फ छोटा सूफी निवासी गाँव चरौरा मुस्तफाबाद थाना औरंगाबाद समेत अन्य ससुरालजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसके बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग मुकदमा वापस नहीं लेने पर अंजाम भुगत लेने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने शिकायत में एसएसपी को बताया है कि उक्त आरोपित अल्ताफ पुत्र गफुर निवासी मोहल्ला सईदगढी थाना औरंगाबाद को बदमाश बताते हैं और अल्ताफ की लगातार धमकी देते हैं की अल्ताफ के पास बदमाशों का आना-जाना है। वह उच्च अधिकारियों से अल्ताफ की अच्छी साठ-गांठ है। आरोपित धमकी दे रहे हैं की मुकदमे में समझौता कर लो नही तो अंजाम भुगत लेना। जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है। पीड़ित परिवार ने उक्त लोगों से गंभीर वारदात की आशंका जताते हुए एसएसपी से गुहार लगाई है। एसएसपी श्लोक कुमार ने शिकारपुर थाना पुलिस को जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवीर की हत्या का खुलासा, घटना में संलिप्त मृतक का पुत्र आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। थाना अहमदगढ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुशरुपुर के जंगल में टयूबवैल पर 22 दिसंबर को सोमवीर का शव मिला था। जिसके सम्बन्ध में मृतक के पुत्र अनिल कुमार की तहरीर के आधार पर थाना अहमदगढ पर

बाप का कातिल निकला बेटा सनसनी खेज घटना का पुलिस ने किया खुलासा, बाप बेटे के पवित्र रिश्ते को बेटे ने किया कलंकित,पिता के खून से सने बेटे के हाथ

मुअसं-325/24 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु स्वाट टीम देहात व थाना अहमदगढ पुलिस को लगाया गया था। उक्त घटना के क्रम में जांच/छानबीन में मृतक के बेटे अमित कुमार उर्फ रवि का नाम प्रकाश में आया। उक्त के क्रम में थाना अहमदगढ पुलिस द्वारा गुरुवार को घटना में संलिप्त अभियुक्त को ग्राम खुशरुपुर से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त फावडे को बरामद किया गया

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अहमदगढ पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।गिरफ्तार अमित कुमार उर्फ रवि पुत्र सोमवीर सिंह निवासी ग्राम खुशरुपुर थाना अहमदगढ जनपद बुलन्दशहर पुलिस ने बरमाद किया है।एक फावडा(आलाकत्ल) गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया गया कि उसके पिता शराब पीने के आदि थे और पिछले काफी समय से टयूबवैल पर ही रह रहे थे तथा घर में लडाई झगडा करते रहते थे। उसके पिता ईधर-उधर लोगो से जमीन बेचने के लिए कहते-रहते थे जिसकी जानकारी उसे हो गयी थी, उसने अपने पिता से जमीन बेचने को मना किया तो उन्होने उसे काफी गालिया दी। इसी बात को लेकर उसने दिनांक 21.12.2024 की रात्रि में टयूबवैल में रखे फावडे से अपने पिता की हत्या कर दी और फिर घर जाकर सो गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हेम सिंह सैनी प्रभारी निरीक्षक थाना अहमदगढ व0उ0नि0 पवन कुमार मलिक उ0नि विजय प्रताप है.का रोहित कुमार, है0का0 विपिन कुमार का0 नीरज कुमार स्वाट टीम देहात में लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात है0का0 नेत्रापल राणा, है0का0 नितिन कुमार शर्मा, है0का0 कुलदीप सिंह, है0का अरूण कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का० विपिन कुमार, का0 अजय सोलंकी आदि शामिल रहे।

नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने जाना परमाणु गृह में विद्युत बनाने की प्रक्रिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)। एलडीएवी इंटर कॉलेज के भूगोल के छात्र-छात्राओं ने भौगोलिक क्षेत्रीय अध्ययन के अंतर्गत नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र का भ्रमण कर विद्युत बनने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय से 55 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के दल ने नरोरा में स्थित परमाणु विद्युत केंद्र का भ्रमण किया।

विद्युत केंद्र के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से विद्युत केंद्र में परमाणु से बिजली बनने की प्रक्रिया से अवगत कराया। रेडिएशन से सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि परमाणु विद्युत गृह से रेडियोधर्मिता का खतरा नहीं है। अत्याधुनिक सुरक्षा मानकों को अपनाते हुए विद्युत केंद्र पूरी तरह से सुरक्षित है। विद्यालय के प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने यात्रा दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव प्राप्त होता है।

इससे जानकारी में वृद्धि होती है। यात्रा दल के प्रभारी भूगोल के प्रवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष भौगोलिक क्षेत्रीय अध्ययन के अंतर्गत विद्यालय के भूगोल के छात्रों को महत्वपूर्ण स्थानों, संस्थानो, केंद्रों का भ्रमण कर कर छात्र-छात्राओं को विस्तार से वहां के बारे में भौगोलिक, ऐतिहासिक,सांस्कृतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय महत्व की जानकारी प्राप्त कराई जाती है। इस अवसर पर अखण्ड प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सतीश कुमार, राकेश कुमार आदि अध्यापकों ने यात्रा में अपना सहयोग प्रदान किया।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता: ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । जिला खेल योजना अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बुलंदशहर की ओर से

विजेता खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

विकासखंड शिकारपुर में सब जूनियर/ जूनियर/ सीनियर वर्ग में दो दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 24झ25 दिसंबर 2024 को चौधरी फिजिकल एकेडमी उटरावली में किया गया। जिसमें एथलेटिक्स,कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल आदि खेलों में प्रतियोगिता कराई गईं। प्रतियोगिता का उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी विभोर गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी की देखरेख में हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्र के पीटीआई एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं प्रथम आने वाले खिलाड़ियों को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।इस मौके पर एडीओ पंचायत शेरपाल सिंह एवं समस्त ब्लॉक स्टाफ उपस्थित रहा।

मयंक हत्याकांड का आरोपित अंशुल गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। 13 दिसंबर को शिकारपुर के मोहल्ला मुफ्ती वाडा परशुराम चौक निवासी वेद प्रकाश सैनी के पुत्र मयंक सैनी की हत्या में शामिल अंशुल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपित बलवीर, लोकेश और रोशन पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। प्रशिक्षु सीओ / कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे ने बताया कि हत्यारोपित अंशुल बाहर भागने की फिराक में था। पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मयंक हत्याकांड में फरार दो अन्य आरोपित दौलत और मनोज को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

श्री जगन्नाथ रथयात्रा में चेन-मंगलसूत्र स्नेचिंग की शिकार महिलाओं की संख्या बढ़कर हुई पांच, आक्रोशित पीड़ितों ने सी ओ से मिलकर की जल्द केस खुलासे की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। श्री जगन्नाथ यात्रा के दौरान चैन मंगलसूत्र स्नैचिंग की

शिकार हुई महिलाओं के पतियों ने आज सी ओ पूर्णिमा सिंह से मुलाकात कर जल्द इस केस के खुलासे की मांग की है। इस दौरान पीड़ितों में आक्रोश भी देखा गया उन्होंने केस खुलासा न होने पर बाजार बंद कराने की भी चेतावनी दी है! सीओ पूर्णिमा सिंह ने केस दर्ज कर खुलासा करने के दिए निर्देश दे दिए है और पीड़ित व्यापारियों से अपील की है कि वे धैर्य रखें हर हाल में केस का खुलासा होगा । पुलिस की कई टीमें इस पर काम कर रहीं है। पुरानी मंडी के प्रधान एवं भाजपा सभासद अजय गर्ग के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे थे व्यापारी एवं आयोजन समिति के लोग। पीड़ितों से पुलिस ने अपील की कि जो आभूषण उनके चोरी हुए हैं, उनकी खरीद संबंधी रसीद संभालकर रखें। ताकि आभूषण बरामद के समय के समय कोई परेशानी न आए ।

पहासू में बनाई नेकी की दीवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू। पहासू स्थित अम्बेडकर पार्क में गुरुवार को नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य गरीब व जरूरतमंदों को सभी के सहयोग से कपड़े उपलब्ध कराना है। कस्बे में इस अनोखी पहल की सभी लोग सराहना कर रहे हैं। अंबेडकर संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने सभी के सहयोग से नेकी की दीवार का शुभारंभ किया । इस अनोखी पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों,बच्चों तथा बुजुर्गों को सभी के सहयोग से वस्त्र उपलब्ध कराना है। इस दीवार पर जो भी व्यक्ति वस्त्र देना चाहता है, टांगकर जा सकता है। इसके बाद जरूरतमंद स्वयं दीवार से जितने वस्त्रों की जरूरत होगी, उतार कर ले जा सकता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेकी की दीवार खुशियों का पिटारा है। उन्होंने इस अनोखी पहल की सराहना करते हुए कहा कि गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करने से कोई कमी नहीं आती है। इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर बीटू शर्मा,

मलखानसिंह, दिनेश वर्मा, मुकेश कुमार , सुनील कुमार,किशनपाल सिह, बन्टी सिह, आदि मौजूद रहे।

खेत पर काम करते समय किसान को लगा करंट, मौके पर हुई मौत, मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव में बृहस्पतिवार को खेतों पर गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। युवक खेत पर काम करने के लिए गया था। इसी दौरान वह बिजली के तारों के चपेट में गया। युवक वहीं खेत पर गिर पड़ा। स्वजन अस्पताल लेकर पहुंचे, तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमवीर पुत्र नेत्रपाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम सेहतपुर वेरी बृहस्पतिवार सुबह अपने खेतों पर गया था। वह जब खेतों पर काम कर रहा था, इसी बीच छोटा पशुओं की रोकथाम के लिए खेत के चारों तरफ तार लगे हुए थे उन्हीं तारों में करंट लगा था जिसके विषय में किसान को सटीक जानकारी नहीं थी खेत पर लगे तार से उसे तेज करंट लग गया। करंट इतना तेज था कि युवक मौके पर ही गिर पड़ा। स्वजन खेतों पर पहुंचे तब उन्हें पता चला कि युवक को करंट लगा है। स्वजन उसे अस्पताल भी लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना

मैं निखिल राठी पुत्र अजीत सिंह राठी निवासी ग्राम पीपाला पोस्ट बिहरा जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) मेरा बैंक खाते में निखिल कुमार नाम है जबकि मेरा असल नाम निखिल राठी है। बैंक खाते में भी मुझे निखिल राठी नाम से जाना जाए भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

सौगात चेयरपर्सन राजबाला देवी ने परिवहन मंत्री से अप्रैल से पूर्व बस अड्डे का उद्घाटन करने का भी किया अनुरोध

शिकारपुर क्षेत्र वासियों को मिली रोडवेज बस अड्डे की सौगात, लोकार्पण जल्द

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। कई सालों से रोडवेज बस अड्डे की मांग करते चले आ रहे क्षेत्र वासियों का सपना पूरा हो गया है। शासन द्वारा स्वीकृत के बाद करीब 218 लख रुपए की लागत से रोडवेज बस अड्डे की सौगात क्षेत्र वासियों को मिल जाएगी। निर्माण निगम की ओर से इनवेटरी की प्रक्रिया चालू कर दी गई है और रोडवेज अधिकारियों को बस अड्डा हैंड ओवर कर दिया जाएगा। पिछले काफी वर्षों से विभिन्न सामाजिक संगठन रोडवेज बस अड्डे की मांग करते चले आ रहे हैं। तहसील बनने के बाद यह मुद्दा और भी उभर कर आया। वर्ष 2022 प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद चेयर पर्सन राजबाला सैनी ने इसके लिए अथक प्रयास करते हुए लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिलकर रोडवेज बस अड्डे के निर्माण को बजट दिए जाने की मांग की। उन्होंने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को निर्देशित किया। जिसमें शासन स्तर से करीब 218 लाख रुपए रोडवेज बस अड्डे के लिए स्वीकृत हुए।

एआरएम परिवहन विभाग बुलंदशहर परमानंद ने बताया कि निर्माण निगम द्वारा लगभग कार्य फाइनल टच पर है। बिजली विभाग से 8 किलो वाट का कनेक्शन स्वीकृत हो चुका है। निर्माण निगम के अधिकारी कार्य पूर्ण की रिपोर्ट देकर हैंड ओवर की प्रक्रिया पूरी कराएगे। उसके बाद रोडवेज बस अड्डा से बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जिसमें कुछ समय अभी लग सकता है।

रोडवेज बस स्टैंड के लिए पालिका परिषद चेयरपर्सन ने परिवहन मंत्री को पत्र सौपा

कई वर्षों से रोडवेज बस स्टैंड बनने की बाट जोह रहे शिकारपुर के क्षेत्र वासियों के लिए नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन राजबाला देवी सैनी ने परिवहन मंत्री से मुलाकात कर अधूरा पड़ा कार्य पूरा करने को पत्र सोपा। चेयरपर्सन ने लखनऊ में प्रधानमंत्री दयाशंकर सिंह से शिकारपुर में रोडवेज बस अड्डे के निर्माण कार्य में 10% शेष बचे कार्य को शीघ्र पूरा करने को मुलाकात की।साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से निर्माण खंड शाखा से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को हस्तांतरित कराकर बस संचालन हेतु अड़े का उद्घाटन करने का भी अनुरोध किया। चेयरपर्सन ने बताया कि परिवहन मंत्री ने उनकी मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। शिकारपुर क्षेत्र वासियों को मिली रोडवेज बस अड्डे की सौगात, जल्द लोकार्पण।

जेनरेटर का अल्टीनेटर चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू। पहासू में लोधीनगर स्थित बन रहे प्लाट से चोर वहां मौजूद जेनरेटर में लगा अल्टीनेटर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। खुर्जा रोड पर लोधीनगर में गांव बनैल निवासी प्रधान दिनेश राघव के प्लाट में निर्माण कार्य चल रहा है,जिसकी देखरेख बनैल निवासी सचिन राघव कर रहा है। गुरुवार सुबह काम कर रहे ठेकेदार ने फोन पर चोरी की सूचना दी। सचिन ने चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कारवाही की मांग की है।

टावर लगवाने के नाम पर 4 लाख रुपए ठगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेलिया कल्याणपुर निवासी राहत अली पुत्र असगर अली ने थाना अहमदगढ़ पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भतीजा आजम पुत्र फरहत के पास मोबाइल पर कॉल आई कॉल करने वाले ने अपना नाम प्रवेश बताया और कहा कि वह टावर लगवाता है यदि आप 400000 खर्च कर दें तो आपको 40 हजार महीने और एक नौकरी फ्री मिलेगी आजम उसकी बातों में आ गया प्रवेश ने विभिन्न माध्यम से 400000 से ज्यादा रूपए ठग लिए आरोपी प्रवेश अब उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया है थाना प्रभारी निरीक्षक हेम सिंह सैनी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

उद्योग बंधुओं की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें अधिकारीगण : डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गौतमबुद्धनगर। उद्योग बंधुओं के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी संगठन से जुड़े हुए प्रतिनिधियों की जलभराव, विद्युत कटौती, ट्रैफिक जाम, ई0एस0आई0 अस्पताल निर्माण, टूटी सड़के, अतिक्रमण जैसी आदि समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के औद्योगिक विकास में उद्यमियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए अधिकारियों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि उद्यमी प्रतिनिधियों के द्वारा उद्योग से जुड़ी हुई जो समस्या आज उद्योग बंधु की बैठक में रखी गई हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी गण अभियान चलाकर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे एवं प्रदेश सरकार के द्वारा

जनपद के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से उद्यमियों के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप उद्यमी बंधु तक प्रमुखता के साथ पहुंचाए जाने की कार्रवाई भी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित की जाए। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, श्रम विभाग, सिंचाई विभाग, पॉल्यूशन विभाग, पुलिस विभाग व प्राधिकरणों के अधिकारी गण अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के अलावा उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बिलासपुर कस्बे के निजी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी करा सकेंगे इलाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलासपुर । आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थियों को अब बिलासपुर कस्बे के एक निजी अस्पताल में भी निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलना प्रारंभ हो गया है। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत फलक लाइफ लाइन हास्पिटल प्राईवेट लिमिटेड बिलासपुर निजी अस्पताल को सूचीबद्ध किया जा चुका है। पात्र लाभार्थी को अबतक गोल्डेन कार्ड पर जिले के सरकारी अस्पतालों व ग्रेटर नोएडा व नोएडा के कुछ निजी अस्पतालों में ही निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही थी। आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक डाक्टर अजय कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय जिन निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत अबतक सूचीबद्ध किया गया है। उनमें बिलासपुर स्थित फलक लाइफ लाइन हास्पिटल प्राईवेट लिमिटेड शामिल है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थी परिवार को प्रत्येक वर्ष गोल्डेन कार्ड पर पांच लाख तक की निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। अबतक जिले के पात्र लाभार्थी को निःशुल्क इलाज की सुविधा जिले के सिर्फ सरकारी अस्पतालों व शहर के निजी अस्पतालों में ही मिल रहा था। परंतु अब ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र लाभार्थी इस योजना का लाभ सूचीबद्ध किए गए उन निजी अस्पतालों में भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थी का गोल्डेन कार्ड बनाने का अभियान भी लगातार जारी है। फलक लाइफ लाइन हास्पिटल प्राईवेट लिमिटेड बिलासपुर पर लाभार्थी का निःशुल्क गोल्डेन कार्ड बनाया जा रहा है। जिन लाभार्थियों ने अबतक गोल्डेन कार्ड नही बनवाया है। वे इस अस्पताल पर पहुंच गोल्डेन कार्ड बनवा लें। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग महिला पुरुष भी आधार कार्ड लाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

" बहुत से ऐसे आयुष्मान भारत योजना कार्डधारकों गरीब ग्रामीण परिवारों को बिलासपुर कस्बा स्थित निजी अस्पताल योजना अंतर्गत सूचीबद्ध पर लाभांवित होंगे ।

▶▶ 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला पुरूष आधार कार्ड के आधार पर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बिलासपुर स्थित फलक लाइफ लाइन हास्पिटल में बनवा सकते हैं।

▶▶ ग्रामीण क्षेत्र के निजी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क इलाज पर कस्बा व गांवों में खुशी

जो शहर के अस्पतालों में जाने से घबराते थे वे वहां नहीं पहुंच पाते थे । वहां तक पहुंचने पर गरीबों को तबज्जों नहीं दिया जाता । कस्बे व गांवों के कार्डधारकों में खुशी है ।

- माजिद अली खान, बिलासपुर

"बहुत से गरीब परिवारों के पास आयुष्मान भारत योजना कार्ड होते हुए भी शहर के निजी अस्पतालों में भर्ती होने से डरती है कि कहीं कार्ड मान्य नहीं हुआ तो देहात के निजी अस्पतालों में भर्ती होने में ऐसी समस्या नहीं होगी विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को बहुत राहत मिलेगी। **- वंदना भारद्वाज, बिलासपुर**

"कार्ड विहीन परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान काउंटर बनाया गया है । यहां निशुल्क कार्ड बनाए जा रहे हैं । कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी का आधार कार्ड, राशनकार्ड, परिवार पंजिका की नकल । वर्ष 2011 की आर्थिक जनगणना के अनुसार चयनित पात्रों, पंजिकृत श्रमिकों और अंत्योदय योजना कार्ड धारकों को ही योजना का लाभ मिल सकता है । यदि किसी के नाम का आयुष्मान कार्ड किसी कारणवश किसी और नाम से जारी हो गया है तो चिंता की जरूरत नहीं है । टोल फ्री नंबर 180018004444 या 14555 पर दर्ज करा सकते हैं ।

- डॉक्टर तकी इमाम, प्रबंधक, फलक लाइफ लाइन हास्पिटल प्राईवेट लिमिटेड बिलासपुर

" आयुष्मान भारत योजना के तहत बिलासपुर स्थित फलक लाइफ लाइन हास्पिटल प्राईवेट लिमिटेड को शामिल किया गया है ।

इससे ग्रामीणों को योजना लाभ मिलने में आसानी होगी । जो शहर में आने जाने में परेशानी महसूस कर रहे थे । अब ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है कि योजना का लाभ ले सकें ।

डाक्टर नेपाल सिंह, पूर्व सीएमओ व वरिष्ठ सलाहकार स्वास्थ्य विभाग गौतमबुद्धनगर

70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला पुरूष आधार कार्ड दिखाकर बिलासपुर स्थित फलक लाइफ लाइन हास्पिटल प्राईवेट लिमिटेड में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

डाक्टर अजय कुमार, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत गौतमबुद्धनगर

स्व.वेद प्रकाश शर्मा की याद में पत्रकार सुनील शर्मा द्वारा विशाल भंडारा आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। दैनिक खबरों का राज समाचार पत्र के संपादक वरिष्ठ समाजसेवी सुनील शर्मा द्वारा अपने दिवंगत पिता स्वर्गीय वेद प्रकाश शर्मा की पांचवीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुनील शर्मा और उनके परिवारिजनों ने बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ हजारों राहगीरों को प्रसाद वितरित किया।

बता दें कि वर्ष 2019 की 26 दिसंबर को वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा के पिता वेद प्रकाश शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया था। तभी से उनकी पुण्यतिथि पर उनकी याद में सुनील शर्मा और उनके पारिवारिजनों द्वारा विशाल भंडारा आयोजित करने का सिलसिला निरंतर जारी है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुनील शर्मा और उनके पारिवारिजनों द्वारा गोविंदपुरी बस अड्डे के निकट विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सुनील शर्मा और उनके छोटे भाई अमित शर्मा एवं परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा राहगीरों को बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा खंड क्षेत्र के अनेक पत्रकार एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी सुनील शर्मा के दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की और

स्व. वेद प्रकाश शर्मा

प्रसाद ग्रहण किया।

प्रसाद ग्रहण करने वालों में हजारों राहगीरों के अलावा पं विकास शर्मा, पत्रकार अनवर खान, पत्रकार संदीप चौहान, बृजपाल सिंह ,अवधेश ठाकुर, गिरीश मिश्रा, एडवोकेट संजीव शर्मा, अमित शर्मा, प्रदीप गुप्ता, सुधीर शर्मा, निशांत गुप्ता, अरुण शर्मा, देवराज शर्मा, मोहित अग्रवाल, बिट्टू विश्नोई, रिंकू जैन, रईस असगर खान, करण सिंह त्यागी, विक्रांत शर्मा, पौरुष चौधरी, निक्की शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति भी शामिल थे।

दी विजडम अकैडमी के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। हापुड़ स्तिथ जेएसएम वर्ल्ड स्कूल मे आयोजित तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में दी विजडम अकैडमी के विद्यार्थी माही सैनी ने अंडर 15 आयु वर्ग में गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह जानकारी देते हुए स्कूल के खेल प्रशिक्षक गौरव चौधरी ने बताया कि हापुड़ स्तिथ जेएसएम वर्ल्ड स्कूल मे तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के सैकड़ो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

था। इस प्रतियोगिता में गोला फेंक प्रतियोगिता की 15 वर्ष की आयु वर्ग में स्कूल की माही सैनी ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसके अलावा नौ वर्ष की आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्कूल के ही छात्र देव त्यागी ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक प्राप्त किया। पदक प्राप्त कर स्कूल लौट दोनों विद्यार्थियों का स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाति नेहरा ने भव्य अभिनंदन किया और दोनों ही खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

ग्लोबल इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल में हुआ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)। सिंभावली में गुरुवार को ग्लोबल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही पास आए छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य में मैनका भाटी ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय ग्लेबल इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल में 'सदैव अतल' लोगो डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के संस्थापक दीपक भाटी ने किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिमशा, द्वितीय स्थान शनी तथा तृतीय स्थान हुमैरा से प्राप्त किया। वही छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कम कीमत पर सोने के सिक्के देने का लालच देकर नौ लाख रुपए लेकर ठग हुए फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के निकट दुहाई में सोने के सिक्के देने के नाम पर आगरा निवासी एक व्यक्ति से बेखौफ ठग नौ लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर मुरादनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगरा की आवास विकास कॉलोनी में राधेश्याम वर्मा परिवार सहित रहते है। राधेश्याम वर्मा द्वारा मुरादनगर थाने में दी गई तहरीर के अनुसार पिछले दिनों मै बनारस गया था। वहां पर मेरी मुलाकात पायल नामक युवती से हुई थी। पायल ने बताया कि एक व्यक्ति के पास काफी सोने के सिक्के है और वह काफी कम कीमत पर उन्हें बेचना चाहता है। इसके बाद युवती ने उन्हें मेरठ बुलाया और एक सोने का सिक्का दिया। सोना का सिक्का असली थी। इसके बाद अन्य सिक्के देने की बात तय हो गई। 23 दिसम्बर को वह अपने परिवार के साथ मेरठ पहुंच गया। इसी बीच फोन पर कहा गया कि वह मुरादनगर थाना क्षेत्र के दुहाई आ जाए। इसके बाद वह ईस्टर्न पेरिफैरल एक्सप्रेस वे से होते हुए दुहाई पहुंच गए। दुहाई में पायल अपने साथियों के साथ पहुंच गई और नौ लाख रुपए ले लिए। पैसे लेने के बाद भी सोने के सिक्के नहीं दिए। ठग मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी गई है।

युवक हुआ लापता अनहोनी की आशंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) थानाक्षेत्र के गांव खैराजपुर निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है। गांव खैराजपुर निवासी नवाज दो दिन पूर्व गांव नेकपुर किसी काम से गया था, लेकिन वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

खेत की मेढ़ काटने को लेकर चल रहे विवाद में दबंगों ने 85 वर्षीय बुजुर्ग को पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) खेत की मेढ़ काटने को लेकर चल रहे विवाद में दबंगों ने 85 साल के बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर पुर्सी में 85 वर्षीय देवप्रकाश परिवार सहित रहते है। उनका काफी समय से पड़ोसी अमरीश त्यागी से खेत की मेढ को लेकर विवाद चल रहा है। देवप्रकाश अपने खेत पर टहलने के लिए गए थे। आरोप है कि वहां पर अमरीश त्यागी पक्ष के लोगों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। देवप्रकाश को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गए। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सुधीर चौधरी बने राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रांतीय सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सिरोही द्वारा तिबड़ा रोड बाग कॉलोनी निवासी सुधीर चौधरी को प्रांतीय सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तभी से सुधीर चौधरी को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। बता दें की सुधीर चौधरी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा अपनी आवाज उठाते रहते हैं।। इसके अलावा मजदूर और किसानों के हितों के लिए भी वे लगातार प्रयासरत रहते हैं। साथ ही अपने समाज के उत्थान के लिए भी सुधीर चौधरी निरंतर अपने प्रयासों के माध्यम से सक्रिय रहते हैं। उनको राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रांतीय सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सिरोही ने उनसे अपेक्षा की है कि जिस विश्वास के साथ उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है उस जिम्मेदारी का वे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए संगठन की नीतियों का प्रसार कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इसके बाद सुधीर चौधरी ने संगठन की नीतियों पर चलकर हर संभव योगदान देने का आश्वासन भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया है। नव मनोनीत प्रांतीय सचिव सुधीर चौधरी को बधाई देने वालों में जाट समाज के अनेक लोगों के अलावा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग शामिल हैं।

सुधीर चौधरी

स्व.दीपशिखा शर्मा की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। गुरुद्वारा रोड स्थित अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज के संचालक सोनम शर्मा द्वारा अपनी स्वर्गीय माता दीपशिखा शर्मा की पांचवीं पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज पर आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा के दौरान शिक्षाविद स्व दीपशिखा शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सोनम शर्मा ने कहा कि उनकी मां शिक्षा के प्रसार के प्रति अति गंभीर थीं। और वो चाहती थीं कि सभी आधुनिक शिक्षा हासिल कर अपने

पैरों पर खड़े हो सकें और आधुनिक समाज के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उन्नति की ओर अग्रसर हो सकें। इसके अलावा वहां मौजूद शिक्षाविद राजीव दीक्षित ने कहा कि स्व दीपशिखा शर्मा ने अपने जीवन काल में हमेशा शिक्षा प्रदान कराने को प्राथमिकता दी है। इसीलिए यह कोचिंग सेंटर उनके इस उद्देश्य को अपने प्रयासों से पूरा कर रहा है। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में अनेक शिक्षार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। श्रद्धांजलि देने वालों में रश्मि शर्मा, जिया शर्मा, हर्षवर्धन, कपिल, कनिष्का इरा, सचिन चंदेला, नीरज गुप्ता, भारती चौधरी, सोहेब खान आदि शामिल थे।

निर्देश निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जिला टास्क फोर्स समिति के अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का करे निरीक्षण: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गौतमबुद्धनगर। जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत मिशन के तहत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग के वर्तमान तक के कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जिलाधिकारी द्वारा सरकारी विद्यालय के परिसरों का कायाकल्प एवं शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य निपुण भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों का कायाकल्प का कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिन विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य चल रहा है निरंतर उनकी मॉनिटरिंग की जाए ताकि गुणवत्ता परक रूप से कार्य पूर्ण कराया जा सके।

उन्होंने जिला टास्क फोर्स के द्वारा विद्यालयों में किये गये निरीक्षण की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि ससमय लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण शत प्रतिशत पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता व मोजा खरीदने के लिए जो धन राशि हस्तांतरित की जाती है अध्यापक गण निरंतर मॉनिटरिंग करें कि उनके द्वारा यूनिफॉर्म, जूता, मोजा खरीदा गया है या नहीं। जिलाधिकारी इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके जनपद की शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता लाने एवं शिक्षा से सम्बन्धित योजनाओं का शत-प्रतिशत पात्र छात्र-छात्राओं तक लाभ पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जनपद शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश की रैंकिंग में अग्रणी स्थान बना सकें। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए की प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को जो मिड डे मील उपलब्ध कराया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनी रहे एवं विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं भी पढ़ने वाले छात्र छात्रों को मानकों के अनुरूप प्राप्त हो।

इस महत्वपूर्ण बैठक का सफल संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार के द्वारा किया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, डायट प्राचार्य राज सिंह यादव एवं यमुना ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी गण तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जनपद गाजियाबाद के रामेश्वर फार्म हाउस कमला हॉल विजय नगर में बहुजन समाज पार्टी मेरठ मंडल की मीटिंग संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। रामेश्वर फार्म हाउस कमला हॉल विजय नगर में बहुजन समाज पार्टी मेरठ मंडल के मुख्य अतिथि शमसुद्दीन राईन साहब प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश एवम् सूरज सिंह जाटव, रवि जाटव प्रभारी मेरठ मंडल, मोहित आनंद प्रभारी मेरठ मंडल रहे। मेरठ मंडल में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह द्वारा की गई परम पूज्य बौद्धिसत्व बाबा साहब पर विवादित टिप्पणी पर पूरे मेरठ मंडल में कार्यकर्ता द्वारा 24 दिसंबर को विरोध प्रदर्शन हुआ जिसमें पश्चिमी उत्तर के प्रभारी ने सभी कार्यकताओं को धन्यवाद कहा और 15 जनवरी को बसपा सुप्रीमो परम् आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी पूर्व

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का जन्मदिन है जिसकी तैयारी के लिए दिशा निर्देश दिए। मेरठ मंडल के सभी जिलाध्यक्ष मीटिंग में शामिल हुए। विक्रम भाटी बागपत, मोहित जाटव मेरठ, दो ऐके कर्दम हापुड़, नरेन्द्र मोहित एडवोकेट गाजियाबाद,नरेश गौतम, गौतमबुद्ध नगर,कमल ?राजन बुलंदशहर। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी गंगा शरण बबलू जी ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट नरेंद्र मोहित ने की जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, महानगर अध्यक्ष परमानंद गर्ग जी ने पार्टी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया, डा मुजाहिद हुसैन पूर्व प्रत्याशी अमरोहा लोकसभा, दयाराम सेन पूर्व मंत्री, विनोद कर्दम, मुनव्वर चौधरी, लेखराज बौद्ध, संजय कुमार चतरै, महेश जाटव, अजीत जाटव, मनीष जाटव, सुरेश पाल, राहुल, विनोद गौतम, ब्रह्म प्रकाश जिला प्रभारी, सभी ने बूथ को मजबूत करने की बात कही सभी कार्यकर्ता को बूथ लेवल पर महनत करने की जिम्मेदारी दी।

रवि धामा ने गहरे तालाब में गिरी गौमाता को भिजवाया गौशाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। लोनी में अशोक विहार जमाल पुरा से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि धामा को इरफान द्वारा सूचना दी गयी कि एक बेसहारा गौमाता पास के ही गहरे तालाब में गिर गयी है। उससे पहले वँहा उपस्थित कॉलोनी वासियों ने 112 पीआरवी को भी सूचना दी। पीआरवी ने सूचना अशोक विहार चौकी प्रभारी अहसान अली को दी। उन्होंने तुरंत चीता बाईक से गौरव सिपाही को भेजा। रवि धामा ने नगरपालिका इंस्पेक्टर राजकुमार से कैचर भेजने के लिए कहा। उन्होंने रविन्द्र को तुरंत कैचर लेकर मौके पर भेजा और उसके बाद उचित उपचार हेतू गौमाता का संरक्षण कर गौशाला भेज दिया गया। साथ मे भाजपा के शक्ति केन्द्र प्रभारी परशुराम नगर मण्डल शिवम कुमार, अशोक कुमार सहित कॉलोनी के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

वीरबाल दिवस के अवसर पर बाल मित्र केंद्र साहिबाबाद थाने में बालकों के लिए एकप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड कंपनी के संयुक्त तत्वाधान से चुप्पी तोड़ हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत दिनाँक 26/12/2024 को वीर बाल दिवस के अवसर पर बाल मित्र केंद्र साहिबाबाद थाने में बालकों के लिए एकप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दिवाकर माडल पब्लिक स्कूल श्याम पार्क के बालकों को वीर शहीदों से संबंधित प्रश्न पूछे गए और अमर शहीदों के द्वारा किए गए महान कार्य को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस कार्यक्रम के अवसर पर श्री योगेन्द्र पाल सिंह , जिला सूचना अधिकारी मुख्य अतिथि,इंस्पेक्टर अमित प्रताप सिंह और उनकी सहयोगी टीम थाना साहिबाबाद विशिष्ट

अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और उन्होंने बालकों को संबोधित करते हुए सतर्क और सुरक्षित रहने के लिए कहा तथा साइबर क्राइम से स्वयं को सुरक्षित रखने के कुछ महत्वपूर्ण नियमों से अवगत कराया और बताया कि यदि कोई अप्रिय घटना का अंदेशा होता है तो तुरंत सूचित करे। समाधान अभियान संस्था की संस्थापक श्री मति अर्चना अग्निहोत्री ने बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाव ,पोक्सो एक्ट 2012 की जानकारी दी। तथा वीर बाल दिवस के महत्त्व को भी समझाया।कार्यक्रम में संस्था की मैनेजर श्रीमती दीपा रानी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल अध्यापकों और पुलिस स्टाफ मे लोगों को जानकारी बहुत महत्वपूर्ण लगी ।सभी को कार्यक्रम पसंद आया और उन्होंने संस्था के द्वारा किया जा रहे कार्यों की सराहना की ।

सौरभ यादव व पंडित अशोक भारतीय ने किया पुरस्कार वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। विगत 2 माह से चल रहे तृतीय स्वर्गीय दादी परसंदी देवी ग्रामीण क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल बम्हेटा (गाज़ियाबाद) बनाम गाँव सफार्बाद (नोएडा) के बीच खेला गया इस टूनामेंट मे गाज़ियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, हापुड़, मेरठ व बुलंदशहर जिलों की 32 ग्रामीण टीमो ने प्रतिभाग किया जिसमे सफार्बाद की टीम विजेता व बमहेटा की टीम उपविजेता रही जिसमे विजेता टीम को ट्रॉफी व 71000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व 41000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

बम्हेटा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे 256 रन का स्कोर बनाया बम्हेटा की तरफ से मैन ऑफ द मैच रहे रोहित ने सर्वाधिक,79 (31) रन बनाये, रवि बोमा ने 76 रन और पार्थ ने 75 रन की पारी खेली जिसके जवाब में सफार्बाद ने 19.4 ओवरो मे लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जिसमे सर्वाधिक रन,,प्रशांत 75 (31) गौरव 51 (27),,अभिषेक 46(28) टूनामेंट मे मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार राहुल यादव सफार्बाद को (5100+ ट्रोफी) के रूप मे दिया गया टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज पार्थ को घोषित किया गया 'इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता व प्रदेश महामंत्री रास्ट्रिय व्यापार मंडल सौरभ यादव ने कहा की इस तरह के टूनामेंट से गांवों मे छुपी हुई प्रतिभाओ को अपना खेल कौशल दिखाने का अवसर मिलता है जो की खेलो के दृष्टिकोण से अच्छी बात है और ऐसे टूनामेंट समय समय पर आयोजित होने चाहिए जिससे की ग्रामीण

प्रतिभाओ को भी मंच मिल सके और उन्होंने आयोजनकर्ता सचिन गोस्वामी व उनकी समस्त टीम को सफल आयोजन की बधाई दीऔर पूर्व मेयर प्रत्याशी व सहसंयोजक वरिस्ठ नागरिक प्रकोस्ठ भाजपा पंडित अशोक भारतीय ने भी खेलो के महत्व को बतलाया कि खेल केवल शारीरिक तौर पर ही नही और मानसिक तौर भी महत्व पूर्ण है सभी खिलाडियों से कहा कि अपने जोश को बनाए रखें, मेहनत जारी रखें, और हमेशा याद रखें कि एक खिलाड़ी का असली गौरव उसकी खेल भावना और अनुशासन में है। इस अवसर पर आयोजनकर्ता सचिन गोस्वामी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद व आभार जताया ।

भाजपाई गाजियाबाद में 28 दिसंबर को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का करेंगे विशाल स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भाजपा के महानगर

अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा के विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में 28 दिसंबर को विजय नगर एन एच 9 पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। इस विशाल स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं सभी जनप्रतिनिधि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करने पहुंचेंगे। विशाल स्वागत समारोह की तैयारी हेतु भाजपा के नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर एक तैयारी बैठक का आयोजन भी किया गया । बैठक में तैयारी बैठक का जायजा लेने क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स पहुंचे। बैठक में संजीव शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं महानगर पदाधिकारी को चर्चा वार्ता कर जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, विजेंद्र नागर, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी,उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी, कुलदीप त्यागी , संदीप त्यागी,संजय कांत शर्मा, संजीव झा, चमन चौहान एवं सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जाएंगे। गाजियाबाद पहुंचने पर उनका स्वागत होना है। स्वागत के दौरान वह मंच पर आकर सभी कार्यकताओं को संबोधित भी करेंगे।

नियमों को ताक पर रखकर गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए ने जनवरी 2025 को बुलाई जनरल बोर्ड मीटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी की आरडब्लूए की मनमानी के आगे सारे नियम कानून कमजोर साबित हो रहे

पूर्व में हुए चुनाव की एसडीएम सदर के यहां चल रही है जांच,डिप्टी रजिस्ट्रार के कार्यालय पहुंचा मामला

हैं। आरडब्लूए के पूर्व में हुए चुनाव की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई है कि आरडब्लूए ने अगली आम सभा की बैठक बुलाने का फरमान भी जारी कर दिया है। नियमों को ताक पर रखकर बुलाई जा रही इस बैठक के खिलाफ सोसायटी के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व महासचिव आर के गर्ग के

नेतृत्व में डिप्टी रजिस्ट्रार से मिला और उनसे अवैध रूप से बुलाई गई जनरल बोर्ड मीटिंग के मामले की शिकायत की। वहीं सोसायटी के ही रहने वाले राम सरन नामक व्यक्ति ने डिप्टी रजिस्ट्रार को लिखित रूप में शिकायत कर इस आम सभा को निरस्त करने की मांग की है। गुरुवार को पूर्व महासचिव आरके गर्ग के नेतृत्व में गौरव बसंल, अश्विनी वधावन, व रामसरन आदि ने डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल से मुलाकात की। आर के गर्ग ने कहा कि आरडब्लूए के चुनाव की जांच अभी एसडीएम सदर के यहां चल रही है। इसके बावजूद 26 जनवरी 2025 को चुनाव के संबंध में आरडब्लूए ने जनरल बोर्ड मीटिंग बुलाई है। उन्होंने इस बैठक को निरस्त करने का अनुरोध भी डिप्टी रजिस्ट्रार से किया है। डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल ने भी इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए जांच करवाकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

हालांकि पूर्व में हुए चुनाव की पिछले काफी समय से केवल जांच ही चल रही है। लेकिन इस जांच का नतीजा आज तक कुछ नहीं निकला है। आरडब्लूए के आगे सारे नियम कानून और प्रशासन बौने नजर आ रहे हैं। देखना यह है कि डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन भी धरातल पर सही उतरता है है या केवल कागजी साबित होता है।

अजेंद्र चौधरी भाजपा नेता ने जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने पर दी शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भाजपा के वरिष्ठ

नेता अजेंद्र चौधरी द्वारा जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने पर अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अजेंद्र चौधरी ने गाजियाबाद के दो बार सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने जनरल वीके सिंह को अंगवस्त्र भेंट किया और उनके नए पद पर सफलता की कामना की। इस अवसर पर अजेंद्र चौधरी ने कहा कि जनरल वीके सिंह एक अनुभवी और योग्य नेता हैं और उनकी नियुक्ति मिजोरम के राज्यपाल के रूप में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जनरल वीके सिंह को उनके नए पद पर सफलता की शुभकामनाएं दीं।

राजनगर एक्सटेंशन के मधुबन बैंक्वेट हॉल में 25.12.24 को महाराजा सूरजमल जी के 261 वें बलिदान दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। शुरूवात हवन से हुई उसके बाद महाराजा सूरजमल जी की जीवनी पर भजन प्रस्तुत किये गए । कार्यकर्म में मुख्य अतिथितिओ द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ छोटे छोटे बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना की गयी ।कार्यक्रम में महाराजा मोहर सिंह के वंसज नरवीर सिंह , बाबा शाहमल तोमर जी के वंसज यशपाल सिंह तोमर ने कार्यक्रम में पधार कर कार्यकर्म की गरिमा बधाई ` इनके अतिरिक्त मुजफ्फरनगर के चौधरी हरेन्दर मालिक सांसद, भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत जी, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी श्री प्रवीण कुमार, जम्मू के पूर्व मेयर चौधरी मनमोहन सिंह जी, देश की विभिन्न जाट महासभाओ के अध्यक्ष, खाप चौधरियो एवं अन्य गणमान्य विभूतियों ने कार्यकर्म में पधार कर कार्यकर्म की शोभा बधाई और जाट समाज की एकता का परिचय दिया । कार्यक्रम के दौरान हरियाणा की देश भक्त महिला गायक राकेश सेवोरान,

ने कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ महाराजा सूरजमल एवं शहीद भगत सिंह की जीवनी पर गीत प्रस्तुत कर-के कार्यकर्म की शमा बांध दी और सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया` कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में समाज को नशे से दूर रहने, बच्चो को शिक्षा दिलाना, स्वरोजगार की तरफ बच्चो को प्रेरित करना, माता पिता एवं अपने बड़ो का सम्मान, और दहेज प्रथा उन्मूलन के लिए समाज को प्रेरित किया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यसमिति के डॉ. जयदेव सिंह तोमर, चौधरी राहुल ढाका, चौधरी विकास तेवतिया, चौधरी मनीष, चौधरी सुरेंदर सिंह, चौधरी प्रवीण राठी, चौधरी आजाद चिल्लर, चौधरी रजत, चौधरी मोहित मालिक, एडवोकेट श्याम बीर सागर तेवतिया, अधिवक्ता राजकुमार चौधरी, चौधरी जयवीर तेवतिया, चौधरी प्रमोद धनकड़, प्रश्नजीत कालखंडे, चौधरी रविंदर तोमर, आदि ने सहयोग किया और कार्यकर्म को सफल बनाया । कार्यक्रम के अंत में कार्यसमिति के डॉ जयदेव सिंह तोमर ने सभी गणमान्य विभूतियों का, पूरी कार्यसमिति का, मधुबन बैंक्वेट हॉल के मालिक गौरव अत्रि का, और सभी प्रेस बंधुओ का कार्यक्रम की अपार सफलता के लिए आभार व्यक्त किया ।

एडवाइजरी महाकुम्भ-2025 का आयोजन दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 के मध्य उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में किया जा रहा है

महाकुम्भ,2025 के दृष्टिगत यात्रियों एव कल्पवासियों हेतु प्रशासन ने जारी की स्वास्थ्य एवं यात्रा की एडवाइजरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह की निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गाजियाबाद सौरभ भट्ट द्वारा महाकुम्भ–2025 हेतु आवश्यक एडवाजरी जारी की। श्रद्धालुओं हेतु स्वास्थ्य संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश महाकुम्भ-2025 का आयोजन दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 के मध्य उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में किया जा रहा है। मेला क्षेत्र गंगा एवं यमुना नदी के किनारों पर लगभग 4200 हे0 के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। मेला क्षेत्र में दिन के समय तापमान कभी कभी 9 डिग्री तथा रात्रि में लगभग 02 डिग्री तक हो सकता है। दिन में धूप न होने पर घने कोहरे की स्थिति भी बन जाती है।

प्रयागराज पहुँचने से पहले

महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेला की जानकारी प्राप्त करें, यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें, गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में अवश्य रखें।,मौसम की पूर्व जानकारी हेतु मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी हेतु सचेत (सचेत/मौसम) मोबाइल एप डाउनलोड कर चेक करें।

60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। डॉक्टर की सलाह के उपरान्त ही यात्रा करें। पूर्व से बीमार व्यक्ति अपने चिकित्सक का परामर्श पर्चा एवं चिकित्सक का संपर्क नम्बर एवं चिकित्सक द्वारा लिखी गयी दवाईयां अपने साथ रखें। हृदय रोग,

श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें।

* यदि आप आयुष्मान कार्ड धारक है तो कृपया अपना आयुष्मान कार्ड साथ में रखे जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के अतर्गत मुफ्त एलाज प्राप्त हो सके।

मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन हेतु

संगम क्षेत्र पहुँचने हेतु पैदल भी चलना पड़ सकता है। इसीलिए शरीर में पानी का स्तर बनाये रखने के लिए पानी / ओआरएस का घोल पीते रहें।

* मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड़ की सम्भावना होने के दृष्टिगत गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। बच्चों, वृद्धजनों एवं गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान ना करने दें।

गहरे पानी में जाने से बचें।

चप्पल जूते का प्रयोग करें एवं कीचड़ वाले स्थान पर ना चलें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें।

खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं।

प्रवास के दौरान खाद्य पदार्थो के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतें तथा खुले व दूषित भोज्य पदार्थो के प्रयोग से बचें।

धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

मेला क्षेत्र में मच्छरों से बचाव हेतु यद्यपि छिड़काव, धुंआ किया जाता है, फिर भी मच्छरों से बचने हेतु मच्छर रेपेलेन्ट भी साथ रखें।

कल्पवासियों हेतु दिशा-निर्देश

सरकारी नल/वाटर एटीएम के पानी का उपयोग करें एवं खाने पीने हेतु उबालने के बाद ही प्रयोग करें। सब्जी, फल इत्यादि को अच्छे से धो कर ही सेवन करें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं।

सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें।

गरम कपड़े, कंबल, रजाई पर्याप्त मात्रा में रखें।

धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

हीटर, अलाव, इत्यादि का प्रयोग टेंट के अंदर ना करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है तथा हानिकारक गैसो के एकत्र होने से स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल परिस्थितिया उत्पन्न हो सकती है। आपात स्थिति में सम्पर्क करें महाकुम्भ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112, आपदा हेल्पलाइन 1077।

एचपीडीए आयोजित करने जा रहा है, हापुड़ चैम्पियन लीग: वीसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण जनपद के युवा क्रिकेट खिलाडियों का प्रोत्साहित करने के लिए शीघ्र ही (आईपीएल) की तर्ज पर जिले में (एचसीएल) हापुड़ चैम्पियन लीग का आयोजन करने जा रहा है। एचसीएल को लेकर प्राधिकरण ने जोरों से तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी दो जनवरी को खिलाडियों की बोली लगेगी,स्पोंसर अपनी टीमें खिलायेंगे। संभावना है,कि आगामी 11 जनवरी को लीग का प्रथम क्रिकेट मैच का आयोजन गांव धनौरा में कार्तिक त्यागी के स्टेडियम में होगा। आपको बता दें,कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण जनपद के क्रिकेट जगत की युवा प्रतिभाओं को निखारने तथा अपनी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए पहली बार आईपीएल की तर्ज पर एचसीएल का आयोजन करने जा रहा है। जिसके माध्यम से युवा क्रिकेट खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। एचसीएल के लिए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने खिलाडियों के रजिस्ट्रेशन करने शुरू कर दिए हैं। रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि आगामी 30 दिसंबर है। जिले में रहने वाले रणजी अथवा अन्य ट्राफी में खेल चुके खिलाड़ी भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

- आगामी 2 जनवरी को 120 खिलाडियों की लगेंगी बोली,
- एचसीएल में स्पोंसर अपनी-अपनी टीमें खिलाएंगे
- एचसीएल में 8 टीम होगी शामिल,आईपीएल की तर्ज पर होंगे क्रिकेट मैच
- टीमों के लिए युवा खिलाड़ी हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण में करा रहे रजिस्ट्रेशन
- ग्रुप ए और ग्रुप बी में 4-4 टीमें होगी शामिल,शनिवार व रविवार को होंगे मैच
- आगामी 11 जनवरी को प्रथम मैच होने की संभावना

खिलाडियों को मिलेगी धनराशि

एचसीएल में अच्छे प्रदर्शन से अन्य मैचों के लिए भी खिलाड़ी अपनी जगह बना सकेंगे। जिले से रणजी,यूपी टी-20 लीग या आईपीएल में खेल चुके खिलाड़ी भी इसमें प्रतिभाग करते नजर आएंगे। प्रतिभा के आधार पर खिलाडियों को धनराशि मिलेंगी।

टीमें तैयार करने के लिए खिलाडियों की लगेंगी बोली

एचपीडीए उपाध्यक्ष आईएएस डा.नितिन गौड़ ने बताया कि एचसीएल का आयोजन जनवरी में होगा। खिलाडियों के लिए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। एचसीएल में आठ टीम भाग लेंगी। जिनके खरीददार खिलाडियों की बोली लगाएंगे।

सप्ताह में दो दिन होंगे मैच

एचपीडीए वीसी डा.नितिन गौड़ ने बताया एचसीएल में कुल 8 टीमें शामिल होंगी,एक ग्रुप और ग्रुप बी में 4-4 टीमें शामिल होंगी। प्रत्येक शनिवार-रविवार को क्रिकेट मैच का आयोजन होगा। फाइनल जीतने वाली टीम को ट्राफी दी जाएगी। मैचों का आयोजन मेरठ हापुड़ बाईपास गांव धनौरा में कार्तिक त्यागी के स्टेडियम में किया जायेगा।

प्राधिकरण की योजनाओं का प्रचार प्रसार

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने गत नवंबर माह में आनंद विहार आवासीय योजना में मेले का आयोजन अपनी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया था। जिसका लाभ प्राधिकरण को हुआ था। अब एचसीएल के माध्यम से भी एचपीडीए अपनी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने जा रहा है।

खिलाडियों की नीलामी होगी

एचसीएल में क्रिकेट टीमें तैयार करने के लिए खिलाडियों को नीलामी के जरिए खरीदा जाएगा, भाग लेने के लिए खिलाड़ी प्राधिकरण के द्वारा पंजीकरण कराएगा,इस नीलामी में स्पोंसर खिलाडियों को खरीदने के लिए बोली लगाएंगे,जिसकी बोली सबसे ज्यादा होती है,उसे उस खिलाड़ी को खरीदने का अधिकार मिलेगा।

प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी शामिल होंगे

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आईपीएल की तर्ज पर होने वाले एचसीएल के लिए खिलाडियों का पंजीकरण किया जा रहा है। लीग के लिए कुल आठ टीमे बनेंगी,जिसमें प्रत्येक टीम के लिए 15 खिलाड़ी होंगे। आठ टीमों के लिए 120 क्रिकेट खिलाडियों की नीलामी होंगी। नीलामी में जो क्लब शामिल हैं वे बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम के लिए लेंगे।

आठ हजार तक में बिकेंगे खिलाड़ी

बताया कि एचपीडीए द्वारा आयोजित किये जा रहे एचसीएल में प्रतिभाग करने वाले क्रिकेट खिलाडियों की बोली लगाई जायेगी। जिसमें खिलाड़ी 500 रुपये से लेकर 8 हजार तक में बिकेंगे। आगामी 2 जनवरी को खिलाडियों की बोली लगाई जायेगी।

टीमों के नाम रखे गये

एचपीडीए के सहायक अभियंता नृपेश सिंह तोमर ने बताया कि एचसीएल में खेलने वाली क्रिकेट टीमों के नाम हापुड़ रॉयल,हापुड़ स्मेसरर्स,हापुड़ योद्धा,हापुड़ ब्लास्टर,हापुड़ टाइटन,रॉयल चैंलर्स हापुड़,हापुड़ स्टीरकर व पिलखुवा वारियर रखा गया है।

धौलाना क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गयी मालवीय जयन्ती, श्रद्धासुमन अर्पित कर शिक्षा के ब्राहम्ण पुरोधा महामना को किया गया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। काशी हिन्दू विश्वाविधालय के सस्थापकं व शिक्षा जगत के ब्रहाम्ण पुरोधा महामना प मदन मोहन मालवीय की जयन्ती क्षेत्र मे धूमधाम से मनायी गयी। उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित कर उस महान शिक्षा की प्रति मूर्ति को नमन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ब्राहम्ण समाज के युवाओ को उच्च शिक्षित होने पर बल दिया गया। साथ ही स्वर्ण समाज के उत्पीड़न का कारक बन चुका एससी एक्ट कानून व आरक्षण का भी विरोध जताया गया। आरक्षण का मापदंड आर्थिक स्थिति बनाने की मांग की गयी। साथ ही फर्जी एससी एक्ट लगाने वालो को जेल भेजने व उन्हे मिली सरकारी सहायता राशि को दस गुनी वसूलने की भी मांग की गई ।

- ब्राहम्ण समाज के बच्चे अधिक से अधिक उच्च शिक्षा ग्रहण करे
- आगामी चुनावो में एससी एक्ट व आरक्षण के विरोध में ब्राहम्ण समाज देगा कडा जवाब



धौलाना की भारद्वाज कालोनी मे बालाजी धाम के निकट ब्रहाम्ण समाज द्वारा महामना मालवीय जी की 126 वीं जयन्ती बडे धूमधाम से मनाई। जयंती पर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का आहवान किया गया, इस दौरान बोलते हुए वरिष्ठ ब्राहम्ण नेता समाज सेवी बालाजी पीठाधीश्वर पंडित अजेय भारद्वाज ने कहा कि मालवीय जी ने आजीवन देश मे शिक्षा की अलख जलाई थी।उनके प्रयासो व सर्म्पण के कारण ही राष्ट्र को एक मात्र हिन्दु विश्वविधालय मिला,जिसके वे आजीवन कुपलपति रहे। पडिंत अजेय भारद्वाज ने कहा कि नाटे कद के मालवीय जी के सामने हैदराबाद के निजाम तक नतमस्तक हुए थे। अपनी जीवन संघर्ष गाथा के कारण ही उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में भारत राष्ट्र को पहला विश्वविधालय समर्पित कर भारत की शिक्षा का डंका विदेशो में बजा दिया था। वे शिक्षा के ब्राहम्ण पुरोधा थे। जिन्हे आज सारा भारत नमन करता है। पंडित के के शर्मा ने कहा की मालवीय जी के प्रयासो के कारण ही शिक्षा के क्षेत्र में ब्राहम्णो ने नये आयाम स्थापित किये। 90 के दशक तक आई एस, और पीसीएस में ब्राहम्णो का बर्चस्व रहा था। लेकिन अब शिक्षा में पिछडने और सगठिंत ना होने पर ब्राहम्ण समाज की दुर्दशा शुरू हो गयी है। हमें अपना पूर्व पाने के लिए समाज को संगठित करना होगा। और अपने बच्चो को उच्च शिक्षा देनी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पडिंत मा रामकिशन शर्मा व संचालन भास्कर पडिंत ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने महामना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। इस मोके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रकाश शर्मा, एस के वशिष्ठ, रविन्द्र शर्मा, बिजेन्द्र शर्मा, सुभाष शर्मा, राकेश शर्मा, ब्रजेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अकिंत शर्मा, मूलचंद शर्मा, सोमेश्वर वशिष्ठ, कुमार आदित्य, अभिमन्यू, भास्कर, राधे पडिंत, आदि सहित बडी संख्या में समाज के लोग रहे ।

एससी,एसटी आयोग के सदस्य ने वृद्धाश्रम व आईएएस, पीसीएस कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। अनुसूचित जाति/ जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य द्वारा दोयमी स्थित वृद्धाश्रम, निजामपुर स्थित राजकीय आईएएस, पीसीएस कोचिंग सेंटर मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। मलिन बस्ती में लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

गुरुवार को अनुसूचित जाति/ जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य हरेन्द्र जाटव ने समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम दोयमी में संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इसके बाद नगर पालिका परिषद क्षेत्र की मलिक बस्ती सोटावाली का निरीक्षण किया।

मलिन बस्ती का निरीक्षण कर लोगों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

सदस्य हरेन्द्र जाटव ने मलिक बस्ती में लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही लोगों से पेंशन, राशन, आवास संबंधी समस्याओं से लेकर साफ सफाई आदि पर चर्चा की गईं।

इसके उपरांत सदस्य द्वारा निजामपुर स्थित राजकीय आईएएस व पीसीएस कोचिंग सेंटर का भी निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार आदि भी मौजूद रहे।

मामूली विवाद में दबंगों ने मा बेटे को मारपीट कर किया घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलेहड़ा में मामूली विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिला रुकसाना और उसके बेटे फिरोज को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

शिकायत के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कोई कार्रवाई, दबंगों की धमकी से दहशत में पीड़ित परिवार

घायल महिला और उसका पुत्र घटना की जानकारी देते हुए ।

आरोप है की शिकायत उपरांत पुलिस ने घायलों का मेडिकल कर उन्हें अस्पताल में तो भेज दिया । लेकिन दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की । स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर पीड़ित महिला के पति पप्पू ने हापुड पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है । पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि दबंगों ने उसकी बेटी के साथ भी छेड़छाड की है । धौलाना थानेदार देवेन्द्र कुमार बिष्ट ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है । जांच की जा रही है । कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

जिले में 100 दिवसीय सघन क्षय रोगी खोज अभियान कार्यक्रम शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्राथमिकता वाले टी0बी0 मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 100 दिवसीय सघन क्षय रोगी खोज अभियान कार्यक्रम गुरुवार से शुरू हो गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.सुनील त्यागी के निर्देशन में गत 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सभी धार्मिक संस्थाओं के मुखियाओं व समाज के सम्मानित व्यक्तियों से मिलकर कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया जा रहा है,साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक करने की अपील की गई। सीएमओ डॉ सुनील कुमार त्यागी जी ने बताया कि पहले यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के केवल पंद्रह जिलों में ही चलाया जा रहा था,किन्तु मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार अब यह कार्यक्रम समस्त उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है। जिसका शासनादेश 25 दिसंबर शाम को ही प्राप्त हुआ,जिसके अंतर्गत आज से जनपद में कार्य आरम्भ किया गया।

धर्म गुरुओं से मिलकर क्षय रोग के प्रति जनमानस को जागरूक करने की अपील की

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि इस संबंध मे जनपद स्तर पर धार्मिक संस्थाओं के मुखियाओं व समाज के सम्मानित व्यक्तियों की एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उनके अभियान का सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की जायेगी।

बैठक सरकारों की मंशा किसान और आम आदमी की मूल सम्मति पर हो कब्जा: वीरेन्द्र शिशोदिया

पंजाब में आमरण अनशन पर बैठे किसानों की मांगो को मजबूती देगी किसान शक्ति: कर्मवीर प्रधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। भारतीय किसान यूनियन किसान शक्ति की हापुड़ जनपद इकाई की एक बैठक राष्ट्रीय कार्यालय आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर प्रधान ने की । बैठक में किसानों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई । जिसमें मुख्य रूप से पिछले 30 दिन से खनौरी बॉर्डर पंजाब पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह ढालेवाल जी के समर्थन में पंजाब खनोरी बॉर्डर पर पहुंचकर । किसानों की मांगो को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया गया । भारतीय किसान यूनियन किसान शक्ति के लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर प्रधान के नेतृत्व में 51 सदस्य टीम पंजाब पहुंच किसानों के संघर्ष को मजबूती देगी । और मुलाकात कर अपना समर्थन पत्र सौंपेगी । जिसके बाद 14 स्टेट के प्रत्येक जिला कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा । वही वीरेन्द्र शिशोदिया ने बताया कि सरकारों की मंशा है किसी भी तरह किसानों और आम आदमी की मूल संपत्ति पर कब्जा कर इस वर्ग को पूरी तरह तबाह किया जाए। जिससे ये वर्ग सरकारों के इशारे पर नाचने को विवश हो सके। इसके लिए सरकार विभिन्न षड्यंत्र कर लोगो की मूल संपत्ति पर कब्जा करने का अभियान संचालित किए हुए है । जिसे किसान शक्ति रोकने का काम करेगी । और सरकार का मंसूबा कभी सफल नहीं होने देगी ।

कर्मवीर प्रधान ने बताया की जिला गौतम बुद्ध नगर में अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे किसान नेताओं को शासन प्रशासन ने जेल में डाल दिया है । उन सभी नेताओं से भारतीय किसान यूनियन किसान शक्ति के पदाधिकारी मुलाकात कर अपना समर्थन पत्र सौंपेंगे । सरकार द्वारा किसानों को उनकी फसल के उचित मुआवजे हेतु एसपी की गारंटी नहीं देने के संबंध में और किसानों के गन्ने का रुका हुआ पेमेंट ना मिलने पर किसने की जमीन को बिना स्वेच्छा के अधिग्रहण के संबंध में देशव्यापी आंदोलन करने पर विचार विमर्श हुआ । और आगे की रणनीति तैयार की गई । बैठक में मौजूद मुख्य लोगो में राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिवकुमार गिरी, राष्ट्रीय सचिव चमन सिंह चौधरी , प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश देवेंद्र सिंह , राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रखर वक्ता वीरेंद्र सिंह सिसोदिया , प्रदेश सचिव राजेंद्र प्रधान , अनुज नागर , शिवम जाखड़ , गुरदीप कौर , राहुल गुर्जर, मानसिंह तोमर , प्रवीण यादव , पारस त्यागी , आदि साहिर बड़ी संख्या में किसान शक्ति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय

कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक

अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

साल 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीडन रोकने का अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया। लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा दिशा-निर्देशो से जाहिर होता है।
कार्य स्थलों पर यौन उत्पीडन रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने 27 साल पहले जारी किए थे। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश जारी किए, जिन्हें 'विशाखा गाइडलाइन्स के रूप में जाना जाता है। उन दिशा-निर्देशो की भावना के मुताबिक कानून बनाने में 15 साल लग गए। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं। 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने यह अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया, लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देशो से जाहिर होता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने निर्देश दिया है कि पॉश कानून को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाए। अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर 2024 तक हर जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। यह अधिकारी 31 जनवरी 2025 तक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे पॉश अधिनियम की धारा 26 के तहत सार्वजनिक और निजी संगठनों का सर्वेक्षण करें और मार्च 2025 तक रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, कानून बनने के 11 साल बाद भी ये सारे कदम नहीं उठाए गए हैं। ताजा निर्देश एक याचिका पर आया, जिसमें गुजारिश की गई है कि कोर्ट केंद्र और राज्य सरकारों से पूछे कि क्या सभी मंत्रालयों और विभागों में यौन उत्पीडन के आरोपों की जांच की समिति का गठन हो गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस कानून को पूरे देश में लागू किया जाना है। कोर्ट तीन महीने के भीतर सर्वेक्षण करने और 31 मार्च 2025 तक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दे रहा है। पॉश अधिनियम की धारा 26 में प्रावधान है कि कोई विभाग, मंत्रालय या निजी संगठन अपने यहां जांच समिति का गठन नहीं करता है, तो उस पर 50,000 रु. तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मगर ऐसी समितियां आज तक बनी ही नहीं हैं। यह देश में कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक है।

आज का विचार



कर्मचारियों की कमी से जूझती शासन व्यवस्था

प्रियंका सौरभ

सरकारी कर्मचारियों का छोटा आकार अधिकारियों पर अत्यधिक बोझ डालता है, जिससे प्रभावी नीति निष्पादन मुश्किल हो जाता है, अपर्याप्त जनशक्ति और अत्यधिक प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं में देरी होती है, क्योंकि अधिकारी काम की मात्रा को संभालने के लिए संघर्ष करते हैं, भारतीय राज्य में प्रति व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या कम है, जिसके परिणामस्वरूप जटिल शासन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कर्मियों की कम उपस्थिति है। भारत में प्रति मिलियन केवल 1,600 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिका में प्रति मिलियन 7,500 हैं, जिससे राज्य की दक्षता प्रभावित होती है, कम सिविल सेवकों के बावजूद, नौकरशाही लाइसेंसिंग, परमिट और मंजूरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं में फंसी हुई है। व्यवसाय शुरू करने के लिए मंजूरी, परमिट और अनुमोदन की भूलभुलैया से गुजरना पड़ता है जो प्रगति में बाधा डालते हैं और परिणामों में देरी करते हैं

भारतीय शासन व्यवस्था को अक्सर 'लोगों की कमी' लेकिन 'प्रक्रियाओं की कमी' के रूप में वर्णित किया जाता है, जो कि प्रभावी शासन के लिए उपलब्ध बड़ी प्रशासनिक मशीनरी और सीमित मानव संसाधनों के बीच असंतुलन को दशार्ता है। जबकि नौकरशाही प्रक्रियाएँ अच्छी तरह से स्थापित हैं, कर्मियों की कमी कुशल कार्यान्वयन में बाधा डालती है। यह विरोधाभास देरी, अक्षमताओं और अपर्याप्त सार्वजनिक सेवा वितरण का कारण बनकर शासन को प्रभावित करता है, जिससे नागरिकों की जरूरतों के प्रति राज्य की जवाबदेही कम होती है। शासन व्यवस्था को 'लोगों की कमी' लेकिन 'प्रक्रियाओं की कमी' के रूप में वर्णित किया जाता है। भारतीय राज्य में प्रति व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या कम है, जिसके परिणामस्वरूप जटिल शासन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कर्मियों की कम उपस्थिति है। भारत में प्रति मिलियन केवल 1,600 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिका में प्रति मिलियन 7,500 हैं, जिससे राज्य की दक्षता प्रभावित होती है। कम सिविल सेवकों के बावजूद, नौकरशाही लाइसेंसिंग, परमिट और मंजूरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं में फंसी हुई है। व्यवसाय शुरू करने के लिए मंजूरी, परमिट और अनुमोदन की भूलभुलैया से गुजरना पड़ता है जो प्रगति में बाधा डालते हैं और परिणामों में देरी करते हैं। भारतीय राज्य में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और पुलिसिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में कुशल पेशेवरों की कमी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास केवल 7,000 कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व में 22,000 कर्मचारी हैं, जो राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता के प्रबंधन में प्रभावशीलता को सीमित करता है। नीति-निर्माण अत्यधिक केंद्रीकृत है, लेकिन कार्यान्वयन सीमित फ्रंटलाइन कर्मियों द्वारा की जाने वाली एक बोझिल प्रक्रिया बनी हुई है।
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजनाओं को क्रियान्वित करता है, जबकि नीति निर्माण मंत्रालय स्तर पर रहता है, जिससे देरी और लागत में कमी आती है। सरकारी कर्मचारियों का छोटा आकार अधिकारियों पर अत्यधिक बोझ डालता है, जिससे प्रभावी नीति निष्पादन मुश्किल हो जाता है। अपर्याप्त जनशक्ति और अत्यधिक प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं में देरी होती है, क्योंकि अधिकारी काम की मात्रा को संभालने के लिए संघर्ष करते हैं। बोझिल विनियामक मंजूरी और अग्रिम पंक्ति के निर्णय लेने वाले प्राधिकरण की कमी के कारण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को लागत में वृद्धि और देरी का सामना करना पड़ता है। नीति निर्माण और निष्पादन का विभाजन निर्णय लेने वालों और सेवा कार्यान्वयनकताओं के बीच एक वियोग पैदा करता है, जिससे खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही कम हो जाती है। जब सड़क निर्माण परियोजनाओं में समस्याएँ आती हैं, तो मंत्रालयों और कार्यान्वयनकताओं के बीच निगरानी के लिए स्पष्ट ज़िम्मेदारी की अनुपस्थिति के कारण दोषारोपण और अक्षमताएँ होती हैं। सरकार के भीतर कौशल की कमी के कारण महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निजी परामर्श फर्मों पर निर्भरता बढ़ जाती है, जिससे सार्वजनिक व्यय बढ़ जाता है। भारत सरकार ने उन कार्यों के लिए परामर्श शुल्क पर 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए, जिन्हें बेहतर प्रशिक्षित अधिकारियों के साथ घर में ही प्रबंधित किया जा सकता था। नौकरशाही की जटिल प्रक्रियाएँ जोखिम लेने और विवेकाधीन निर्णय लेने से परहेज पैदा करती हैं, जिससे नवाचार बाधित होता है और अनुकूलन धीमा होता है। उच्च सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन और नौकरी की सुरक्षा के साथ प्रोत्साहनों का गलत संरेखण ऐसे लोगों को आकर्षित करता है जो सामाजिक सेवा के बजाय वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं। लोगों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न स्तरों पर योग्य पेशेवरों की भर्ती बढ़ाएँ, जिससे कुशल कार्यबल सुनिश्चित हो। मिशन कर्मयोगी जैसे पार्श्व प्रवेश कार्यक्रम और विशेष प्रशिक्षण पहल सिविल सेवकों के कौशल और दक्षता में सुधार कर सकते हैं। कार्यान्वयन से संबंधित निर्णय लेने, जवाबदेही में सुधार और प्रक्रियाओं को गति देने के लिए प्रत्यायोजित अधिकार के साथ फ्रंटलाइन कर्मियों को सशक्त बनाएँ। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समान नीतियों को क्रियान्वित करने में फ्रंटलाइन कार्यकताओं को अधिक नियंत्रण देने से देरी कम होती है और दक्षता में सुधार होता है।
लाइसेंस और मंजूरी के बोझ को कम करने के लिए नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करें, जिससे नागरिकों और व्यवसायों के लिए सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच आसान हो। परमिट और अनुमोदन के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करने वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जटिलता को कम कर सकते हैं और प्रक्रियाओं को गति दे सकते हैं। मध्यम वेतन सुधार लागू करें जो सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन को निजी क्षेत्र के मुआवजे के साथ संरेखित करते हैं, भ्रष्टाचार को हतोत्साहित करते हैं और सामाजिक सेवा से प्रेरित व्यक्तियों को आकर्षित करते हैं। प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहनों को लागू करना और प्रतिस्पर्धी, लेकिन उचित वेतन सुनिश्चित करना सामाजिक सोच वाले पेशेवरों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के आकर्षण को बढ़ा सकता है। निरीक्षण और जवाबदेही तंत्र को मजबूत करें: नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी एजेंसियों में सुधार करें ताकि ऑडिट और जांच को अधिक प्रासंगिक बनाया जा सके और केवल अनुपालन के बजाय नीति उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। निरीक्षण एजेंसियों को नीतिगत निर्णयों की जटिलताओं के प्रति संवेदनशील बनाने से यह सुनिश्चित होगा कि वे संदर्भ को समझें, जिससे मुकदमेबाजी और परियोजना निष्पादन में देरी कम होगी।. भारत के ह्यलोगों की संख्या कमह्न लेकिन ह्यप्रक्रियाओं की संख्या अधिकह्न होने के कारण शासन में अधिक जवाबदेही और दक्षता की आवश्यकता है। मानव संसाधनों को मजबूत करना, निर्णय लेने को विकेंद्रीकृत करना और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना सार्वजनिक सेवा वितरण को सुव्यवस्थित कर सकता है, जिससे बेहतर पहुंच और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकती है। भविष्य-केंद्रित दृष्टिकोण को क्षमता निर्माण और पारदर्शिता पर जोर देना चाहिए, जिससे अधिक जन-केंद्रित और प्रभावी शासन प्रणाली को बढ़ावा मिले।

तू खुदा नहीं पर कमतर भी नहीं

जानता हूँ मेंरा वजूद बेहतर
भी नहीं ,
तू खुदा नहीं पर कमतर भी नहीं ।

यारों ने आईना दिखाया मुझे कई बार
जानता हूँ फकत आईना तेरा भी नहीं।

हालात मेरे जैसे भी हैं बदलेंगे नहीं,
जाहिर है सनम तू बेवफा भी नहीं।

दिखा दो पूरे जमाने को सच क्या है
मेरी हो कहीं कभी जुदा भी नहीं।

जानता हूँ ख्वाइशें हैं तुम्हारी भी बहुत
खामोश हो समझूँ तू खफा भी नहीं।

सूफी कोई लिख गया इश्किया किस्से,
ये किस्सा किसी और का भी नहीं ।

संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन: डिजिटल संसाधनों से शिक्षा की नई दिशा

प्रो. आरके जैन अरिजीत,
बड़वानी (म.प्र.)

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन (डठडर) ने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक और अकादमिक संसाधनों को सभी के लिए सुलभ बनाना है, ताकि उच्च शिक्षा और अनुसंधान से जुड़ी असमानताओं को समाप्त किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2022 में घोषित यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना ज्ञान आधारित समाज के निर्माण पर केंद्रित है, जिसमें देश के सभी शैक्षणिक और शोध संस्थानों को विश्वस्तरीय सामग्री तक समान पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए 6,000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, जो 2025 से 2027 तक लागू रहेगा। इस राशि का उपयोग अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं, शैक्षणिक संसाधनों और अन्य सामग्री की सदस्यता हेतु किया जाएगा। यह कदम छोटे और ग्रामीण क्षेत्रों के संस्थानों के विद्यार्थियों और शोधकताओं को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाएगा। इसके माध्यम से उन छात्रों और शोधकताओं को समान अवसर मिलेंगे, जिनके पास पहले महंगे संसाधनों तक पहुंच नहीं थी। इस योजना का उद्देश्य शिक्षा और अनुसंधान में समावेशिता को बढ़ावा देना और भारत को ज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाना है। वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन योजना कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है। सबसे पहले, यह सभी शैक्षणिक और शोध संस्थानों को समान रूप से अनुसंधान सामग्री और शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराएगी, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को कम किया जा सकेगा। यह योजना अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं और प्रकाशनों को सस्ती दरों पर सुलभ बनाकर शोध की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। इसके अतिरिक्त, योजना नवाचार को प्रोत्साहित करने में सहायक होगी, क्योंकि शोधकताओं को नवीनतम वैश्विक शोध तक पहुंच प्रदान की जाएगी। यह पहल भारत में स्टार्टअप्स और नवाचारों को नई ऊर्जा और दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल माध्यम से शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता इस योजना का एक और प्रमुख पहलू है, जो शिक्षा को न केवल अधिक सुलभ बनाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। डिजिटल संसाधनों के उपयोग से विद्यार्थियों की कागजी किताबों और भौतिक संसाधनों पर निर्भरता घटेगी, जो शिक्षा और पर्यावरण के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को दशार्ता है। इसके साथ ही, यह योजना डिजिटल इंडिया अभियान के उद्देश्यों के साथ मेल खाती है और देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हालांकि, हर नई पहल की तरह, वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन योजना को भी कुछ आलोचनाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी आलोचना इसकी उच्च लागत को लेकर है। 6,000 करोड़ रुपये का बजट काफी बड़ा माना जा रहा है, और कई विशेषज्ञों का मत है कि यह धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में खर्च की जा सकती थी।

शुक्रवार का राशिफल

मेष — कुछ परेशानी कम होगी, घर में कोई जिम्मेदारी भी सम्भालनी पड़ेगी, निसंतान दंपत्ति को ईलाज से फायदा होगा। भाग्य प्रतिशत-57

वृषभ — एमएनसी में नौकरी मिलने का अच्छा अवसर बनेगा, कानूनी मामले में विजयी रहेंगे, पड़ोसी या यात्रा में किसी से बहस से बचना होगा। भाग्य प्रतिशत-72

मिथुन — बहुत ज्यादा काम करना ठीक नहीं है सेहत का भी ध्यान रखें, कोई व्यवसायिक ऑर्डर लेने की परेशानी हल होगी, ऑफिस में अच्छी चलेगी। भाग्य प्रतिशत-75

कर्क — व्यवसाय सेट करने में सफल रहेंगे, एग्रेसिव होने से बचना होगा, पुलिस महकमे में है तो थोड़ी परेशानी बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-53

सिंह — विपरित परिस्थिति आ सकती है मगर उसमें विजयी रहेंगे, केस में वकील बदल सकते है, विदेश यात्रा रद्द हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

कन्या — देश से बाहर जॉब का ऑफर मिल सकता है, मगर इच्छा पूरी होने में बाधा भी आएगी, आर्म्स फोर्स में है तो चोट का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-48

तुला — हर कार्य में सावधानी बरतें खासतौर पर वर्क फ्रंट पर, बेवजह के आकर्षण में ना फंसे बदनाम हो सकते है, कपड़े, दवाई व्यवसाय में ठीक उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

वृश्चिक — काम से आसपास की यात्रा कर सकते है, जनता से जुड़ेंगे कोई काम भी मिलेगा, स्किन,हार्मोन, रक्त की कमी का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-67

धनु — संतान सुख में बीच में बाधा पड़ सकती हैं, किसी धार्मिक स्थान पर जाने का टिकट बुक कर सकते है, जीवन साथी से किसी कारण दूरी होगी। भाग्य प्रतिशत-52

मकर — काम चलाने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी, गृहस्थ जीवन में भी पैसे की थोड़ी किल्लत आ सकती है, प्रेम समबन्ध में दूरी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-48

कुंभ — संतान को किसी काम के लिए प्रोत्साहित करेंगे, किसी को अच्छी सलाह भी देंगे, कार्यक्षेत्र में सावधानी की जरूरत है। भाग्य प्रतिशत-73

मीन — शिक्षा में सुधार की आवश्यकता है, सरकारी परीक्षा की तैयारी में भी कमी है, थोड़े चिड़चिड़े भी हो सकते है, ठंड से बचें। भाग्य प्रतिशत-48

अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

1 फरवरी 2025 आगामी बजट : फिर जागी सीनियर सिटीजन की उम्मीदें



अशोक भाटिया, मुंबई

साल 2025 का बजट पेश होने वाला है और वरिष्ठ नागरिकों को इस बजट से खास उम्मीदें हैं।वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से सीनियर सिटीजंस को काफी उम्मीद हैं। वित्तमंत्री 1 फरवरी को लोकसभा में यूनियन बजट पेश करेंगी। पिछले साल को पेश बजट में वित्तमंत्री ने सीनियर सिटीजंस के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया था। इसलिए सीनियर सिटीजंस को आने वाले बजट से ज्यादा उम्मीदें हैं,ताकि उन्हें पता चल सके कि उनके बटुए में और ज्यादा पैसे आएंगे या नहीं। गौरतलब है कि इस समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025 के बजट पर काम शुरू कर दिया है सो अभी से सीनियर सिटीजन ने अपनी तकलीफों व मांग को लेकर चर्चा शुरू कर दी है ।यह ठीक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान पीएम आने वाले यूनियन बजट 2025 के लिए उनकी राय और सुझाव लिए ।इस बैठक में निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमनियम, मुख्य आर्थिक सहालकार अनंत नागेश्वरन और दूसरे जाने-माने अर्थशास्त्रियों ने पीएम मोदी के साथ हुई इस बैठक में हिस्सा लिया। इस मीटिंग में अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी भी शामिल रहे। ठीक है , परन्तु दुःख इस बात का है कि किसी भी सीनियर सिटीजन को उनकी तकलीफों व राय जानने के लिए नहीं बुलाया जाता । इनकम टैक्स कानून के अनुसार, सीनियर सिटिजन्स को दो समूहों में बांटा गया है झ सीनियर सिटिजन्स और सुपर सीनियर सिटिजन्स। इनमें से प्रत्येक समूह के लिए टैक्स सम्बन्धी कानून भी अलग-अलग हैं। सीनियर सिटिजन्स यानी 60 से 80 साल की उम्र के लोगों के लिए 3 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ है। सुपर सीनियर सिटिजन्स यानी 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ है। रिटायर्ड लोग चाहते हैं कि यह अंतर खत्म हो जाए क्योंकि कई लोगों के पास, पेंशन और इन्वेस्टमेंट को छोड़कर इनकम का कोई अन्य साधन नहीं है। उनका मानना है कि सबके लिए 5 लाख रुपये की छूट सीमा तय की जानी चाहिए ताकि सभी सीनियर सिटिजन्स पर टैक्स का बोझ कम हो सके।मौजूदा टैक्स स्लैब के अनुसार, सीनियर सिटिजन्स को अलग-अलग रेट के हिसाब से टैक्स देना पड़ता है। सीनियर सिटीजंस को उम्मीद है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर डिडक्शन बढ़ा सकती हैं। अभी 60 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पर सालाना 50,000 रुपये डिडक्शन की इजाजत है। बुजुर्गों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में खासकर कोविड की महामारी के बाद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी का प्रीमियम काफी बढ़ गया है। इसलिए सरकार को 50,000 रुपये के डिडक्शन को बढ़ाकर कम से कम एक लाख रुपये कर देना चाहिए। इससे उन पर टैक्स का बोझ घटेगा । सीनियर सिटिजन्स पर महंगाई का ज्यादा असर पड़ता है। उनके इनकम के साधन सीमित और अक्सर निश्चित होने के कारण, बढ़ती महंगाई के कारण सीधे तौर पर उनकी खरीदने की ताकत कम हो सकती है। उनके पास महंगाई से लड़ने के लिए अपने इनकम को बढ़ाने का कोई तरीका नहीं भी हो सकता है। इसलिए, सरकार उन्हें अधिक से अधिक, महंगाई को मात देने वाले सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट ऑप्शंस देने के बारे में सोच सकती है। वर्तमान में, सीनियर सिटिजन्स सेविंग्स स्कीम में 30 लाख रुपये तक इन्वेस्ट किया जा सकता है जिस पर 8.2 % प्रति वर्ष की दर से सुनिश्चित रिटर्न मिलता है। सरकार इस सीमा को बढ़ाने, ज्यादा रेट ऑफ रिटर्न देने और एक कम लॉक-इन फिक्स करने के बारे में सोचना चाहिए । इससे सीनियर सिटिजन्स की खरीदने की ताकत बढ़ जाएगी और उन्हें बेहतर लिक्विडिटी मिल पाएगी।
कई सीनियर सिटीजन की मांग है कि उन्हें चालू ब्याज से 2 प्रतिशन अतिरिक्त ब्याज मिलना चाहिए । वैसे इस समय एफडी ब्याज दरों की बात करें तो डीसीबी बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8.6% का ब्याज मिल रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 7.9% का ब्याज दे रहा है। ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजन को अधिकतम 7.75 फीसदी का ब्याज दे रहे हैं। इसमें एसबीआई, HDFC, ICICI बैंक आदि शामिल हैं। अगर सरकार 2 फीसदी तक ब्याज बढ़ता है तो सीनियर सिटीजन को मिलने वाला ब्याज 10 फीसदी तक जा सकता है। जिससे उनके बुढ़ापे की गाड़ी आसानी से चल सकती है । सीनियर सिटीजन को ब्याज पर रखे धन पर कर कटौती के लिए 15 ल फॉर्म भर कर देना पड़ता है सो बुजुर्गों को बैंक आने जाने में बहुत तकलीफ होती है व बैंक भी कोई सहयोग नहीं करते है जबकि रिजर्व बैंक के कायदे के अनुसार सीनियर सिटिजन को घर बैठे सर्विस देना चाहिए सो हर साल 15ल फॉर्म को जमा करवाने का प्रावधान ही हटा देना चाहिए । वसई पूर्व सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के आनंद बोंगिरवार के अनुसार सरकार वरिष्ठ नागरिको का बँक मे जमा पूँजी की पुरी राशी की सुरक्षा की गॅरंटीकरें इसे 5 लाख की सीमा में लॉक अप न किया जाय । देश में चल रहे सभी विमान सेवा नागरिकों को 50% डिस्काउंट प्रदान किया जाये , विमान सरकारी हो यां गैर सरकारी।इस समय पारिवारिक पेंशन के लिये 80 लाख लोग पेन्शन के लिये लगातार संघर्ष कर रहे है सभी वरिष्ठ नागरिक को पेन्शन प्रदान किया जाय क्योकि उन्होंने अपने जीवन काल मे बहुत ही कम पैसे मे गुजर किया था और महंगाई बढ़ने पर उनकी जमा पुंजी मे कमी हो गई हैं।इसी प्रकार सीनियर सिटीजन को दांतो की बीमारी के लिए इनकम टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती। नकली दाँत बनवाने, और दांतों का इलाज करने की इनकम टैक्स में छूट दी जावे। दांतो के इलाज में एक बड़ी धनराशि खर्च होती है।मोदी सरकार ने चुनाव के पहले वायदा किया था कि 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के सीनियर सिटीजन को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा वह कार्यान्वित तो हो रहा है पर सीनियर सिटीजन कि मांग है कि उम्र सीमा घटा कर70 से 60 वर्ष की जाय तथा यह आयुष्मान कार्ड गिने चुने सरकारी हॉस्पिटल में काम आता है , यदि यह सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में भी लागू हो तो इसकी सार्थकता होगी । कोविड से पहले तक सीनियर सिटीजन को ट्रेन टिकट पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट दी जाती थी लेकिन ये छूट कोविड के समय खत्म कर दी गई। कोविड का डर देश और दूनिया में खत्म होने के बाद भी सरकार ने इस छूट को फिर से शुरू नहीं किया है। अब सीनियर सिटीजन बजट में ट्रेन

पांचली बुजुर्ग स्थित द इंडियन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। पांचली बुजुर्ग गांव स्थित द इंडियन पब्लिक स्कूल में ब्रह्पतिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने विज्ञान के भिन्न भिन्न विषयों पर मिस आफरीन की मार्गदर्शन में अपने मॉडल प्रस्तुत किए,बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ अम्लीय वर्ष,तंत्रिका तंत्र,प्रदूषण,सौर मंडल और वृक्क इत्यादि के मॉडल्स की प्रस्तुति दी असबा,रीफा और शादान,प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।प्रधानाचार्य मिस शीबा सैफी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

सरधना नवीन मंडी में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना। गुरुवार सुबह नवीन मंडी मैदान के निकट एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं युवक की पहचान मंढियाई निवासी मुस्तकीम के रूप में हुई। युवक बुधवार सुबह से लापता था। पुलिस ने शिनाख्त होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार बड़ी मंढियाई व हाल निवासी ईदगाह रोड नई बस्ती निवासी 40 वर्षीय मुस्तकीम पुत्र अल्लाह रक्खा ट्रैक्टर मिस्त्री था। नवीन मंडी की दुकान में उसकी वर्कशॉप है।बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी वर्कशॉप पर जाने के लिए निकला। ना तो वर्कशॉप पर ही पहुंचा और न ही घर वापस आया। परिजनों ने काफी तलाश भी की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। देर शाम परिजनें ने थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।

मृतक मुस्तकीम की फाइल फोटो

गुरुवार सुबह नवीन मंडी के खेल मैदान में कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच उनकी नजर झाड़ियों में स्थित एक पानी भरे गडढे पर पड़ी।वहां एक युवक का शव पड़ा हुआ था। बच्चों ने शोर मचा दिया।

जिसके बाद वहां भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। जांच पड़ताल की तो शव की शिनाख्त मुस्तकीम के रूप में ही हुई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनके आने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला कि मुस्तकीम काफी दिनों से तनाव में चल रहा था। उसपर कर्ज. होने की बात भी सामने आई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का स्टॉल लगाकर दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, न्यूट्री सीरियल घटक योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं मेला कार्यकम का आयोजन स्थान क्वार्सी कृषि फार्म परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती विजय सिंहए मा० अध्यक्ष जिला पंचायत एवं चैधरी ऋषिपाल सिंहए मा० सदस्य विधान परिषद के द्वारा किया गया।

उदघाटनोपरान्त मिलेट्स गेलरी का अवलोकन किया एवं सभी किसान भाईयों ने प्रथम बार मिलेट्स गेलरी को देखा और सराहना की। कार्यक्रम में चैधरी कृष्ण पाल सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। डा० अजय वर्धन आचार्य, क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू सतीश मलिक, उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा, धीरेन्द्र सिंह चैधरी,

जिला कृषि अधिकारीए अमित जयसवाल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, मनोज कुमार पाण्डेयए जिला गन्ना अधिकारी, डा० ए०के० श्रीवास्तव, डा० के०डी० दीक्षित कृषि वैज्ञानिकए, डा० अशरफ अली, कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे। मेला में राजकीय कृषि बीज भण्डार लोधा, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ०प्र०, इफ्को, कृभको, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मत्स्य विभाग, हनी, टाईटन सोलर, यू०पी० डास्प, क्षेत्रीय भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, गन्ना विकास विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना शहर, आत्म निर्भर किसान अभियान, पायोनियर हाईब्रिड अभियान, समृद्धि प्रोड्यूसर कम्पनी लि०, कोमलिका फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, ब्रज किसान फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, शक्ति फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, सुद्धतम एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि०, मैजिक शो मैजीसियन संदीप शर्मा फिरोजाबाद आदि ने स्टाल लगाये।

समस्याओं को लेकर भाकियू किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने तहसील में किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के कार्यकताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया।जिसकी अध्यक्षता राष्टीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने की और संचालन जिला अध्यक्ष निखिल राव ने किया। इस दौरान मनोज त्यागी ने बताया कि सरधना नगर और देहात में विद्युत विभाग द्वारा गलत बिजली का बिल और खराब मीटर की समस्या चल रही है जिससे किसान और मजदूर बिजली विभाग के द्वारा बेहद आहत हो रहे हैं इस मामले को लेकर और गांव टेहरकी और सरधना नगर के मंडी चमारन में खराब रास्ते को लेकर एसडीएम महेश कुमार दीक्षित एसडीओ को ज्ञापन सौंपा गया।जिला अध्यक्ष

निखिल राव ने कहा कि सरकारी विभाग का रवैया किसान मजदूरों के लिए ठीक नहीं है किसान और मजदूर सरकारी विभागों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई भी सरकारी कर्मचारी बात सुनने को तैयार नहीं है अगर ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही बडा आन्दोलन करना पड़ेगा बाद में जिला अध्यक्ष निखिल राव ने एसडीएम और एसडीओ के आश्वासन पर ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया और कहा की अगर इन मामलों मे सही से कार्य नही किया गया तो अबकी बार अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर धरने में हमारे साथ युवा जिला अध्यक्ष मजहर सैफी,सोनू अब्बासी,मुजाहिद खान, सुमित त्यागी,भोलू त्यागी,सहदेव पाल, मनीष पाल, अमित भड़ाना, सोनी खान, पिंकी पुनिया,कोमल, रूखसार,भूरी, रहीश चौधरी, जिनेन्द्र,भोलू भूनी आदि मौजूद रहें।

सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ। नंदा चौकी स्थित प्रेमनगर देहरादून के रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के डॉ. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन द्वारा पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 5 वीं वर्णम अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. जनरल जसवीर सिंह नेगी, प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, प्रताप रॉउत संस्थापक पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन, सहायक निदेशक अकादमिक अवनि कमल, कार्यशाला के संयोजक विभागाध्यक्ष संतोष कुमार, मनोज सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व पटका पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. जनरल जसवीर सिंह नेगी ने कहा कि कला का क्षेत्र बेहद रोमांच से भरपूर है। भारतीय संस्कृति व इतिहास में कला का विशेष योगदान रहा है। कला के द्वारा ही भारतीय संस्कृति विभिन्न रंगों के माध्यम से विश्व पटल पर रोशन है। उन्होंने डॉ. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला के आयोजन पर सभी को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रति कुलपति डॉ.हिमांशु ऐरन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला में देश विदेश से आए कलाकारों के अनुभव से विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।सहायक निदेशक अकादमिक अवनि कमल ने बताया कि कार्यशाला में आठ देशों के कलाकार जिसमें श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, नीदरलैंड, कोरिया, थाईलैंड, नाइजीरिया, वियतनाम सहित भारत के विभिन्न राज्यों के साथ 57 भारतीय कलाकार तथा 250 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया है। उन्होंने बताया कि उनकी माता संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर के नाम पर स्थापित फाइन आर्ट कॉलेज में कला के क्षेत्र से अनुभवी शिक्षक व विशेषज्ञ विद्यार्थियों में रचनात्मक ज्ञान रोपित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर कला व प्रकृति प्रेमी रही है, उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात करते हुए फाइन आर्ट कॉलेज में कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के कोर्स संचालित किये जा रहे है। इस अवसर पर कुलसचिव खालिद हसन, प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह,परीक्षा नियंत्रक, बलवंत बोहरा, शोध विभाग से देवब्रत रॉय, फामेर्सी के प्रिंसिपल डा लोकेश त्यागी सहित पूर्वोदय संस्था के अध्यक्ष प्रताप रॉउत, मनोज सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन अदिति बडोला ने किया। कार्यक्रम में फाइन आर्ट के गीतिका शर्मा, मनोज आनंद ,दीपक सिंह, शैफाली नेगी, अंकुश गौरयाण ,प्रतिष्ठा भंडारी, बदरे आलम, नेहा आदि का सहयोग रहा।

पैथोलॉजी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीएमई और पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह के साथ-साथ प्रिसिजन मेडिसिन के युग में सर्जिकल पैथोलॉजी में प्रगति विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 180 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वैज्ञानिक सत्रों में सर्जिकल पैथोलॉजी में प्रगति पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

एम्स, नई दिल्ली के प्रोफेसर संदीप माथुर ने एंडोमेट्रियल कार्सिनोमा में हालिया अपडेट पर एक व्याख्यान दिया। हमाद मेडिकल कॉरपोरेशन के कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट डॉ. हसन रिजवी ने सॉफ्ट टिशू ट्यूमर में विकास पर प्रस्तुति दी, जबकि एम्स की डॉ. दीपाली जैन ने पल्मोनरी पैथोलॉजी में अपडेट प्रदान किए। युवा फैकल्टी द्वारा दिलचस्प मामलों का पोटपुरी शीर्षक वाले सत्र में प्रो. श्रुति भार्गव (एसएमएस जयपुर), डॉ. सुमैरा कयूम (केजीएमयू, लखनऊ), डॉ. जय कुमार चैरसिया (एम्स भोपाल), डॉ. सदफ हयात (एमपीएमएमसीसी, वाराणसी), और जेएनएमसी, एएमयू से डॉ. बुशरा सिद्दीकी, रुकिया अफरोज और सुहैलुर रहमान सहित पेशेवरों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर रेजीडेंट के साथ-साथ स्नातक छात्रों द्वारा किए गए अभिनव शोध को प्रदर्शित किया गया।

शहीद बनारसीदास गुप्ता स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के स्वर्णाक्षरः मुक्ता संजीव राजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। शहीद बनारसीदास गुप्ता स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के स्वर्णाक्षर हैं, चाहे नमक आन्दोलन हो या असहयोग आन्दोलन हर जगह उनकी मौजूदगी रहती थी।उक्त उद्गार शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा ने स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बनारसीदास गुप्ता के 101 वें जन्मदिवस पर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में आयोजित एक समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बनारसीदास गुप्ता का परिवार ऐसा परिवार है जिसने अतरौली क्षेत्र से सात स्वतंत्रता सेनानी दिए। इस मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की कि जिला मुख्यालय पर शहीद बनारसीदास गुप्ता की मूर्ति स्थापित की जाए। समारोह में स्वतंत्रता सेनानी परिवार से सुरेश चन्द्र शर्मा, राजेन्द्र वार्ष्णेय चीफ, कामेश गौतम, रजनी तौमर, श्रीमती तस्कीन नोमानी, बसंत बंसल, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस मौके पर अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की ओर से मरीजों को फल वितरित किए गए।

निकाली रैली

साहिबजादों के त्याग और बलिदान से लें शिक्षा : थपलियाल

वीर बाल दिवस-2024 पर सुभारती में एनएसएस के वॉलंटियर्स ने निकाली रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ। वीर बाल दिवस-2024 के मौके पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा गुरुवार को 10वें सिख गुरु- गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की याद में

युवाओं में देश के प्रति समर्पण और सेवा भाव आज की जरूरतः जनरल थपलियाल

मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रकोष्ठ, एसवीएसयू, मेरठ के द्वारा छात्रों के बीच एक जागरूकता रैली निकाली गई। जो विश्वविद्यालय परसर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कुलपति कार्यालय पहुंची। कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) जी.के. थपलियाल, एसएम (से.नि.) और रजिस्ट्रार, ग्रुप कैप्टन एम. याकूब ने कुलपति कार्यालय परिसर में बलिदान स्मृति जागरुकता रैली का स्वागत किया। कुलपति (डॉ.) जी.के. थपलियाल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए और उनकी कहानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'वीर बाल दिवस' हमें युवा आत्माओं की अटूट साहस की याद दिलाता है जो उत्पीड़न और अन्याय के सामने खड़े हुए। उन्होंने साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह जैसे युवा दिलों की बहादुरी पर भी जोर दिया, जो हमें सिखाते हैं कि वीरता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। कुलपति ने यह भी कहा कि वीर बाल दिवस की विरासत हर बच्चे को न्याय के लिए साहस और धार्मिकता के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है।

विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रोफे. (डॉ.) सुभाष चंद्र थलेडी ने इस मौके पर कहा कि वीर बाल दिवस-2024 को मनाने के लिए एनएसएस प्रकोष्ठ के द्वारा एक काव्यपाठ प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का भी विद्यार्थियो के मध्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वीर साहिबजादों के बलिदान को अपने शब्दों में मार्मिक रूप से बयां किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वीर बालको की शहादत से प्रेरणा लेते हुए स्वयं को राष्ट्रसेवा के पथ पर अडिग रखने की प्रतिज्ञा ली।

इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल कुमार, राम प्रकाश तिवारी, गौरांग पाल पत्रकारिता विभाग के शिक्षक शैली शर्मा, शिकेब मजीद व शिक्षेणत्तर कर्मी कपिल गिल व बिजेंद्र आदि सैकड़ों एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जेएएन मेडिकल कालिज में में छह बिस्तरों के नए कैथ लैब स्टेप-डाउन वार्ड का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (जेएनएमसीएच) में छह बिस्तरों वाले नए कैथ लैब स्टेप-डाउन वार्ड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जेएनएमसीएच की डीन और प्रिंसिपल प्रोफेसर वीना माहेश्वरी, रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान (आईपीएस), कार्डियोलोजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आसिफ हसन चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर अमजद रिजवी और कार्डियोलॉजी विभाग के शिक्षक प्रोफेसर मलिक अजहरुद्दीन, डॉ. रफी अनवर, डॉ. मोआज किदवई, प्रोफेसर शाद अबकरी डीएम रेजीडेंट और कैथ लैब स्टाफ मौजूद थे। प्रोफेसर आसिफ हसन ने बताया कि कैथ लैब परिसर में अब 12 बिस्तर होंगे। जिससे कैथ लैब से सीधे मरीज को डिस्चार्ज करने की सुविधा मिलने से मुख्य सीसीयू पर बोझ काफी कम होगा। यह प्रगति सुविधा और रोगी देखभाल को बढ़ाती है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा मानकों को बढ़ाने के उद्देश्य से डीएम सीटों को सालाना दो से बढ़ाकर पांच करने की योजना के बारे में भी बताया।

मंविवि में पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं प्रारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ। (मंविवि) में पीएचडी कोर्स वर्क 2024 व अन्य विषयों की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो गई हैं। यह परीक्षाएं 28 दिसंबर तक चलेंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, डीन रिसर्च प्रो. रविकांत, डारेक्टर रिसर्च



प्रो. अशोक पुरोहित ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।परीक्षा नियंत्रक दिनेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। शोधार्थियों को उनके प्रवेश पत्र समय से जारी कर दिए गए हैं और परीक्षा संबंधी जानकारी भी प्रदान गईं हैं।डारेक्टर रिसर्च प्रो. अशोक पुरोहित ने बताया कि जुलाई 2024 में दाखिला लेने वाले शोधार्थियों के साथ साथ 2023 -24 सत्र की भी बैक पेपर की परीक्षाएं करायी जा रही हैं।परीक्षाओं के सफल आयोजन पर कुलपति प्रो. पीके दशोरा और कुलसचिव ब्रिगेडियर समर वीर सिंह ने शुभकामनाएं दी।

मंत्री संदीप सिंह कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में 27 दिसंबर को घरौनियों का करेंगे वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 27 दिसंबर को नई दिल्ली में घरौनी वितरण का कार्य किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत में किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर प्रदेश के मा0 बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह द्वारा पूर्वान्ह 11:30 बजे से कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार घरौनियों का वितरण किया जाएगा। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के समापन के बाद जिला मुख्यालय एवं समस्त ग्राम पंचायत में भी स्थानीय स्तर पर घरौनी वितरण का कार्य किया जाएगा।एडीएम वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अपरान्ह 12:30 बजे लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा भी लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया जाएगा। जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर घरौनी वितरण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। कार्यक्रम के दौरान घरौनी बनने से होने वाले लाभों से लोगों को अवगत भी कराया जाएगा।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के सर्मथन में किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गजरौला। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने अपने पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के सर्मथन में धरना प्रदर्शन किया । दरअसल बता दें कि गुरुवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष में अपने कार्यकताओं के साथ गजरौला चौपला पर धरना दिया वहीं भाकियू संयुक्त मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जिस देश में करोड़ों में बिकते हैं क्रिकेट के खिलाड़ी काश! किसानों की फसलों का भी कोई आईपीएल होता तो आज देश का पेट भरने वाला एक महीने से अनशन पर न होता। देश के बड़े किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जो पिछले करीब एक माह से आमरण अनशन पर हैं। लेकिन उनकी सुध लेने व किसानों की समस्याओं की बाबत सियासी दल मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं हैं। भाकियू संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि पिछले एक महीने से किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन किसानों की मांगों को लेकर निर्णायक संघर्ष की ओर बढ़ता जा रहा है। उनका जीवन संघर्ष किसानों के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। उनकी मुख्य मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की कानूनी गारंटी और अन्य किसान हितैषी नीतियों का कार्यान्वयन शामिल है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर का सम्मान करना सभी राजनीतिक दलों की नैतिक जिम्मेदारी है लेकिन आंबेडकर के नाम पर सियासी फायदा उठाना किस तरह किसान कामगार के हित में हो सकता है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आंदोलन पर सभी राजनीतिक दलों की खामोशी और आंबेडकर मुद्दे पर मुखरता से स्पष्ट हो जाता है कि किसानों का चाहे गन्ना मूल्य बढ़ाने या गन्ना भुगतान का मुद्दा हो या फिर किसान आंदोलन की

महत्वपूर्ण मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की बात हो ऐसी तमाम समस्याएं राजनीतिक दलों के लिए कितनी अहमियत रखती है? भले ही चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसान, किसान की रट लगाई जाती रही हो। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन के समर्थन में यहां आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव अरुण सिद्ध,युवा इकाई प्रदेश अध्यक्ष रवि चौधरी, मंडल अध्यक्ष मयंक धारीवाल, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक इकबाल सैफी,अमित चीमा,नरेश चौधरी, अतुल चौधरी,नकुल चौधरी,सतनाम चौधरी, अली आशु, संजीव चौधरी, रवि चाहल, पुष्पेंद्र चौधरी, रिंकू सागर भाकियू प्रदेश अध्यक्ष, शानू, अब्दुल गफ्फार,नितिन चौधरी, कैलाश नाथ,जबर सिंह, डॉ प्रदीप सिंह,चरण सिंह,नितिन गोस्वामी, अजीत चौधरी,अमित चौधरी, दीपक, शोरज सिंह,हाजी तस्लीम,विपिन चौधरी, जाफर, नासिर, अख्तर, आदि समेत पदाधिकारी व तमाम किसान मौजूद रहे।

गन्ने का भुगतान न किए जाने पर आक्रोशित किसान व पैनी नजर सामाजिक संस्था ने मिल में पहुंचकर दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली (शाहिद अल्वी)। पीलीभीत बरखेड़ा बजाज चीनी मिल के खिलाफ वादे के अनुसार निर्धारित तिथि पर गन्ने का भुगतान न किए जाने पर आक्रोशित किसान व पैनी नजर सामाजिक संस्था ने मिल में पहुंचकर धरना दिया। संस्था अध्यक्ष ने कहा लगातार किसानों को गन्ने का भुगतान न देकर तारीख दी जा रही है वह भी प्रशासनिक अधिकारियों की मध्यस्थता में चीनी मिल ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए वादे को भी नकार दिया जिसको लेकर संस्था अध्यक्ष ने कहा कि यह किसानों के साथ एक बहुत बड़ी धोखाधड़ी है किसानों को पिछले वर्ष का मूल्य नहीं मिल पाया और इस वर्ष का गन्ना मिल ने भर लिया ।

जिस पर किसानों को ब्याज भी नहीं दिया जाता है लगातार किसान अपनी आवाज उठा रहे हैं और मिल प्रशासन अपनी बद नियति का प्रमाण दे रहा है। संस्था अध्यक्ष ने यह भी बताया की मिल प्रशासन ने पिछले धरने में अलग-अलग संगठनों के नेता पहुंचे थे उन सभी नेताओं से अलग-अलग वार्ता खामोशी के साथ करके उनको निजी फायदा पहुंचकर खामोश कर दिया उन्होंने किसानों के बजाय चीनी मिल का साथ दिया लेकिन पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार किसानों के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी संस्था अध्यक्ष ने मिलकर यह भी आरोप लगाया कि यह एक घिनौना खेल दलाली का मिल के द्वारा चल रहा है।

जिसमें नेता के रूप में जो दलाल है वह अपना मोटा पेमेंट लेकर चले जाते हैं और छोटा किसान जो संगठित नहीं है कमजोर है उसका पेमेंट रोक दिया जाता है संस्था अध्यक्ष ने मिल से जिन-जिन किसानों के पेमेंट हुए हैं उनका संपूर्ण डाटा भी मांगा है जिसको देने में मिल प्रशासन आनाकानी कर रहा था क्योंकि उससे कई सारी सच्चाइयां खुल जाएंगी संस्था अध्यक्ष ने किसानों से अपील

की कि ऐसे दलाल नेताओं और दलाल संगठनों से जनता अपने आप को दूर रखें उनका बहिष्कार करें। धरने को समाप्त करने के लिए मिल प्रशासन लगातार प्रयास करता रहा तहसीलदार बीसलपुर व बरखेड़ा थाना के थाना प्रभारी की मध्यस्थता में लिखित 8 जनवरी तक पूर्ण भुगतान करने का आश्वासन दिया और इस आश्वासन पर खड़े न उतरने पर संस्था अध्यक्ष ने कहा कि उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करना प्रशासन की जिम्मेदारी होगी इसी शर्त पर किसान वापस जाएंगे संस्था अध्यक्ष ने यह भी कहा कि 8 तारीख के भुगतान के बाद अगले सत्र का 12 जनवरी से भुगतान किया जाएगा यह भी मिल से आश्वासन लिया।

राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। गुरुवार को राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 13 सूत्रिये मांगों को लेकर सम्भू खिनोरी बाड्र पर पिछले काफी समय से चल रहा आन्दोलन जिसमें 26 नवम्बर से किसान नेता जगजीत सिंह डिल्लेवाल आमरण अनशन पर है जिनकी हालत चिन्ता जनक है आन्दोलन को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा समस्त पदाधिकारीयो के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन पर बैठे अनशन को समवोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा की आज सरकारी आकड़ो के अनुसार किसानों की दैनिक आय मात्रा 27 रुपये है जो की इस सरकार को मालूम होते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं यह सरकार किसानों को बर्बाद करना चाहती हैं परन्तु यह सरकार अपने मनसूबे में कामयाब नही हो पायेगी उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के सभी किसान एक जुट होकर इस आन्दोलन में बड़ चड़ कर भाग ले ताकि आन्दोलन

सफल हो सके और किसान विरोधी सरकार पस्त हो जाये वही राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित 13 सूत्रिये मांग पत्र उपजिलाधिकारी चन्दौसी को सौपा जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा जिला अध्यक्ष राहुल कश्यप, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश चंद्र शर्मा, अमन राठौर ब्लॉक उपाध्यक्ष, ओंकार सिंह तहसील अध्यक्ष ,यश अग्रवाल तहसील सचिव, प्रदेश उपाध्यक्ष शानू शर्मा, अतुल कुमार जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, बिंटू मौर्य जिला संगठन मंत्री संभल, आदेश राघव, निखिल राघव ,सुरजीत राघव, भारी मात्रा में किसान मौजूद रहे।

आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। गुरुवार को नगर के कृष्णा नगर गली नम्बर दो में पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में बीर बाल दिवस (दसवें सतगुरु गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों का बलिदान), एवं महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी उधम सिंह की जयंती पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता नत्थू सिंह (एडवोकेट) ने

की संचालन पूर्व बैंक मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि रामकिशोर (अग्रवाल एडवोकेट), अनिल कुमार शर्मा, दुष्यन्त कुमार सिंह, गेंदन लाल (पूर्व प्रधानाध्यापक), पूर्व प्रधान पलथा वेदराम मौर्य, शिवशंकर मिश्रा, मति गंगा देवी, कटोरी देवी रही। व्यवस्थापक संजीव मिश्रा, भास्कर मिश्रा, अंशुल मिश्रा रहे। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। गुरुवार को एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक संघर्ष समन्वय समिति द्वारा राज्य सभा में चर्चा के दौरान भारत सरकार में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपमानित किए जाने को लेकर राष्ट्रपति को उप जिलाधिकारी नीतू रानी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि राज्य सभा में चर्चा के दौरान भारत सरकार में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, मजदूर, शोषित, वंचित, और महिलाओं के मसीहा, संविधान के जनक बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपमानित किया गया है।

बाबा साहेब हम दलितों, पिछड़ों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों, शोषितों, वंचितों, गरीबों, और महिलाओं के पूजनीय हैं।हर समाज के लोग बाबा

साहेब को भगवान की दृष्टि से देखते हैं। बाबा साहेब के लिए इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी निंदनीय है। जिससे देश,विदेश के बाबा साहेब के अनुयायियों को गहरा आघात पहुंचा है। महामहिम से विनम्र निवेदन है कि गृहमंत्री को अपने शब्द वापस लेकर जनमानस से माफी मांगें और उनकी सांसद सदस्यता से बर्खास्त करें।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में मौजूद रहीं।

संगीता यादव, कोकाराम यादव, सुरेशपाल सिंह यादव, श्रीपाल सिंह यादव, उमेश यादव, रामरुप बौद्ध रूपी, हेमराज बौद्ध, कामरेड रेवाराम, सुभाष बाल्मीकि, रिंकू चौहान, दाताराम भारती, मदनलाल बाल्मीकि, अजीत बौद्ध, तेजपाल बौद्ध,पूरन सिंह मौर्य,जानकी प्रसाद मौर्य, चंद्रपाल मौर्य,एड.अशोक मौर्य, एड. नरेश कुमार, एड.राघव सिंह, काशीनाथ कोरी, एड.ओमप्रकाश प्रजापति , सुंदरलाल, वीरेश बौद्ध, ज्ञानेंद्र यादव आदि।

पालिकाध्यक्ष ने किया एफ.एस.टी. प्लांट का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चन्दौसी। गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय, अधिशासी अधिकारी के0के0 सोनकर, पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी व सभासदगण ग्राम कैथल स्थित नगरपालिका परिषद् के फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफ.एस.टी.पी.) व म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट-50 टी0पी0डी0 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए तथा नगरपालिका जलकल जेई अनुज कुमार द्वारा एफ.एस.टी.पी. के बारे में जानकारी दी

गई। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा बताया गया कि अभी तक सेप्टिक टैंक के गाद को टैंकों में भरकर खुले में सड़क के किनारे गिरा दिया जाता है, जिससे बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषित होता है और भयंकर बीमारियां फैलती हैं। ट्रीटमेंट प्लांट से यहां आने वाली गंदगी को निस्तारित कर खाद बनाया जाएगा व पानी को साफ कर दूसरे प्रयोगों में लाया जाएगा। साथ ही पालिका अध्यक्ष ने बताया कि एफएसटीपी पर 3000 लीटर के 03 वाहन व 1000 लीटर का एक वाहन मौजूद है। इस मौके पर नवकांत शर्मा, इरफान, सचिन रस्तोगी, निशांत, लोकेश, मनोज, अन्ना खां, अनुज वार्ष्णेय (जेई जलकल), चंद्रमोहन (लिपिक प्रकाश विभाग), प्रभाकर गुप्ता, सोबरन, संजय, तुषार वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, कृष्णमोहन आदि लोग उपस्थित रहे।

महिला बिंग की महानगर अध्यक्ष बनी फरहा तस्लीम, जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने सौंपा नियुक्ति पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली (शाहिद अल्वी) भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य के नेतृत्व में उनकी यूनियन पूरे जिले भर में किसानों की समस्याओं को सुनने ब सुलझाने में सबसे तेजी से काम कर रही है,और यही वजह है कि जिले की जनता दुर्गेश मौर्य के नेतृत्व की सराहना व प्रशंसा कर रही है, वह 24 घंटे किसानों की समस्या सुनने को तैयार रहते हैं,और दिन हो या रात वह किसने की समस्या सुनने के लिए ऑन द स्पॉट काम करते हैं। दुर्गेश मौर्य का कहना है कि वह महात्मा टिकैत के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं और उनका खून का एक-

एक कतरा किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए है और अंतिम सांस तक किसानों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

बृहस्पतिवार को बरेली में हुई यूनियन की मीटिंग में जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने फरहा तस्लीम को महिला बिंग का महानगर अध्यक्ष बनाया और अपनी शुभकामनाएं दी।

वही नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष फरहा तस्लीम ने कहा कि वह यूनियन को आगे बढ़ाने के लिए वह तन मन धन से अपनी सहभागिता देगी और किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहेगी।

संभल मे बेकुसूर लोगो को जांच के नाम पर परेशान करने को लेकर उलमाऐ संभल का एक प्रतिनिधी मंडल एडीजी बरेली से मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल। उलामाऐ संभल के एक प्रतिनिधि मंडल ने एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा से मुलाकात कर संभल में बेकुसूर लोंगों को जॉच पडताल के नाम पर थाने में बैठाने,रातों को दबिश देकर परेशान करने, व संभल में अमन सुकून बहाली के लिए और लोंगों में विश्वास जगाने की अपील की, इस पर एडीजी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों से तुरंत वार्ता कर उलामाऐ किराम को विश्वास में लेकर कारवाई करने को कहा । इस मौके पर मौलाना फैजान अशरफ हामिदी,काइदे अहले सुन्नत मौलाना नफीस अखतर अशरफी,इमाम शाही ईदगाह कारी गाजी अशरफ हामिदी, काइदे मौलाना इरफान लतीफी,मौलाना जियाउल मुस्तफा, मौलाना

कामिल मिसबाही, मौलाना शुऐब अमजदी, मौ रिजवान अशरफी मौजूद रहे ।

महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई क्रांतिकारी उधम सिंह की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। गुरुवार को नगर के कृष्णा नगर गली नम्बर दो में पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में बीर बाल दिवस (दसवें सतगुरु गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों का बलिदान), एवं महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी उधम सिंह की जयंती पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता नत्थू सिंह (एडवोकेट) ने की संचालन पूर्व बैंक मैनेजर दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि रामकिशोर (अग्रवाल एडवोकेट), अनिल कुमार शर्मा, दुष्यन्त कुमार सिंह, गेंदन लाल (पूर्व प्रधानाध्यापक), पूर्व प्रधान पलथा

वेदराम मौर्य, शिवशंकर मिश्रा, मति गंगा देवी, कटोरी देवी रही। व्यवस्थापक संजीव मिश्रा, भास्कर मिश्रा, अंशुल मिश्रा रहे। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

तहरीर बहनोई के नाम बहन को प्रताड़ित करने के नाम पर दी तहरीर

बाउंसरों को लेकर पहुंचा यूट्यूबर कोतवाली बहजोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)। जाने माने युटूबर की कहानी जब सामने आई जब अपनी बहन के मामले में एक दिन के लिए भाई ने

- **थाने में पुलिस पर भरोसा ना कर, बाउंसरों के लिए साथ पहुंचा यूटूबर**
- **शिकायत के आधार पर पुलिस ने 151 में किया चालान**

बाउंसरों का साथ लिया अपनी दबंगई के चलते किराये के बाउंसरों को लेकर कोतवाली बहजोई पहुंचा। पूरा मामला बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव

मझोला का है जहां का निवासी सालिम पुत्र शफीक की शादी 6बर्ष पूर्व कोका नवादा निवासी जैनव से हुई उनकी दो बेटियां भी है। ससुराल पक्ष का कहना है कि युटूबर गनी पठान आये दिन फोन पर धमकी दे रहा है।

बुधवार 26दिसम्बर को युटूबर ने थाने में तहरीर दी की उसका बहनोई उसकी बहन को परेशान करता है पुलिस ने तहरीर के अनुसार 151 धारा में उसका चालान कर दिया।

मुख्य बात क्या है

आखिर कार युटुबर गनी पठान को संभल पुलिस पर भरोसा क्यो नही था उसने किस कारण एक दिन के लिए बाउंसरों पर भरोसा क्यों किया यह एक बडी बात है।

बाउंसरों को साथ लेकर क्या साबित करना चा रहा था यूटूबर

लगभग 6बर्ष पूर्व जैनब की शादी सालिम से हुई थी दोनों को दो बेटियां थी एक लगभग 6 बर्ष की दूसरी एक बर्ष की आखिर ऐसा क्या हुआ कि यूटूबर गनी को बाउंसरों का साथ लेना पडा,यह अपने आप में एक बडी बात है। आखिर क्या साबित करना चाहता है यूटेबर गनी।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चन्दौसी (मयंक सक्सेना)। प्रदेश सरकार

द्वारा मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत सम्भल पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को कार्यक्रम कर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया जा रहा है। साथ ही छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। और महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

छात्राओं को ह्यगुड टच व बैड टचह्य के बारें में बताया तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन की जानकारी दी गई। साथ ही थानो में संचालित महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया गया। साथ ही बताया कि यदि किसी छात्रा के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो वह तुरंत अपने विद्यालय या माता-पिता को बताये जिससे समय पर कार्यवाही की जा सके। किसी भी छात्रा को डरने की जरुरत नहीं है। और कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ अपने परिवार के कार्यों में भी हाथ बंटाना चाहिए।

अलीगढ की सबा रानी ने कराटे चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाज़ियाबाद। गाज़ियाबाद में आयोजित अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप। गाज़ियाबाद कराटे वेलफेयर सोसाइटी, गाज़ियाबाद द्वारा राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान में अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 5,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

अलीगढ़ 'कराटे चैंपियन अकादमी' के मुख्य प्रशिक्षक सेन्सेई नसीम खान ने अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया है । अकादमी की छात्रा सबा रानी ने स्वर्ण पदक जीता। अफिया अली, रयान दुरानी, खुशी शर्मा, रिया भी विनर रही। ज्ञात हो कि सबा रानी कवि अब्दुल रज्जाक की बेटी हैं। इसके अलावा, 4 रजत पदक एयरा अली, आयजा जहरा और अब्दुल अहद ने जीते। जबकि जुहैब अहमद और अर्सलान खान ने अलीगढ़ जिले के लिए 2 कांस्य पदक हासिल किए।

प्राइड ऑफ इंडिया मिस, मिसेज और मिस टीन इंडिया 2024 का हुआ भव्य ग्रैंड फिनाले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दिल्ली। प्राइड ऑफ इंडिया मिस, मिसेज और मिस टीन इंडिया 2024 का भव्य ग्रैंड फिनाले 20 से 22 दिसंबर तक नई दिल्ली के रैडिसन ब्लू, पश्चिम विहार में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। ग्रैंड फिनाले का नेतृत्व प्राइड ऑफ इंडिया की संस्थापक डॉ. जिमी गरिमा एवं सह संस्थापक गुड्डू कुरैशी द्वारा किया गया। जिमी गरिमा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देशभर से 50 से अधिक फाइनलिस्ट ने अपने राज्यों का गर्वपूर्वक प्रतिनिधित्व किया। कई शानदार राउंड्स के बाद, राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें देबस्मिता साहू मिस इंडिया 2024, तोशी कोटांगले मिस टीन इंडिया 2024, डॉ. शेहा ठाकुर गोयल मिसेज इंडिया 2024 (G1), और सीमा नथानी मिसेज इंडिया 2024 (G2) चुनी गईं। इन प्रतिभाशाली विजेताओं ने अपनी प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और उत्कृष्टता से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता भारत के

लिए वैश्विक मंच पर भी गर्व का क्षण साबित हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की गई। निधि भारद्वाज को मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल 2024, ख्वाहिश कोहली को मिस टीन वर्ल्ड इंटरनेशनल 2024 और श्रीपर्णा राय को प्राइड मिस यूनिवर्स 2024 के खिताब से नवाजा गया। ये विजेता भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेंगी और देश की प्रतिभा, विविधता और सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगी। इनकी उपलब्धियां प्राइड ऑफ इंडिया पेजेंट द्वारा स्थापित उच्च मानकों को दशार्ती हैं।

सह संस्थापक गुड्डू कुरैशी ने बताया कि यह कार्यक्रम डीके पेजेंट ऑर्गनाइजेशन और काइनोवेडा के सहयोग से आयोजित किया गया। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में प्रतियोगियों ने पारंपरिक परिधान, ईवनिंग गाउन और सवाल-जवाब राउंड्स में हिस्सा लिया, जहाँ उन्होंने अपनी आत्मविश्वास और शैली का प्रदर्शन किया। प्राइड ऑफ इंडिया पेजेंट महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने का एक मंच है, जो उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करता है।

उर्दू अकादमी द्वारा भारत रत्न अटल उर्दू सम्मान से सम्मानित हुई 4 विभूतियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। उ0प्र0 उर्दू अकादमी के तत्वावधान में सेमिनार और अटल उर्दू सम्मान कार्यक्रम के नाम उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में हुआ, इस कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के व्यक्तित्व व कृतित्व विषय पर स्कालर ने अपने-अपने पर्चे पढ़े, जिनमें डॉ0 नुजहत फात्मा, सीमा सिद्दीकी, डाॅ मसीउद्दीन खान, राह्लिाद खां और अतिया बी शामिल थे।

इस अवसर पर उ0प्र0 उर्दू अकादमी के सचिव शौकल अली ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालने के साथ-साथ उर्दू अकादमी की उपलब्धियां भी बतायी, फिर सचिव जी के करकमलों द्वारा चार विभूतियों को ह्यभारत रत्न अटल उर्दू सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया, इन सम्मानित होने वाली विभूतियों में अतहर नबी, डा0 अनिल रस्तोगी, जयन्त कृष्णा व नवाब मसूद अब्दुल्लाह शामिल थे। सम्मान के बाद इन चार विभूतियों ने अटल जी के साथ अपनी-अपनी मुलाकातों का जिक्र किया। अतहर नबी ने अटल जी के सरल स्वभाव का जिक्र करते हुए बताया, ह्यह्यजब अटल जी सिर्फ सासंद थे और ला-प्लास कॉलोनी में ठहरे थे, तो मै मिलने गया, तो अटल जी सिर्फ धोती और कुर्ते में बैठे थे, हमको देखकर गर्मजोशी से मिले और फिर अपने हाथों से चाय बनाई।

इसी तरह नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने अपने भाई नवाब मीर जाफर अब्दुल्लाह से अटल जी की मुलाकात बताते हुए कहां, कि जब अटल जी ने अपने प्रधानमंत्री काल में ही लखनऊ में ईद के अवसर पर ईद मिलन का कार्यक्रम रखा था, हम लोगो का निमन्त्रण भी आया, जब बड़े नवाब साहब अटल जी के करीब गये और बोले ईद की मुबारक बाद देने के लिए क्या सिर्फ हाथ मिलाना काफी है, तो अटल खड़े होकर नवाब साहब के गले लगे, जबकि उसी दौर में अटल जी के घुटनों का आपरेशन हुआ था, ये अपनाईत वाला अटल का स्वभाव था। बाकी वक्ताओं ने भी अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर करामत, शिया, यूनिटी, कैरियर, खुनखुन व मुफ्तीगंज कालेज की उन 30 छात्र-छात्राओं को ह्यअटल उर्दू सम्मान दिया गया, जो छात्र-छात्रायें उर्दू विषय में अच्छे नम्बरों से सफल हुए थे। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक एस.एन.लाल ने दिया, कार्यक्रम का संचालन खलील खान ने किया। इस अवसर पर अटल जी के चित्रों की एक दिवसीय प्रदशर्नी भी लगी थी।

मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन,सहमति देने से किया इनकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जेवर (इनामुलहक)। जेवर के गांव नीमका मे गुरुवार को एयरपोर्ट के तीसरे चरण से प्रभावित ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण का मुआवजा बढ़ाये जाने की मांग को लेकर एक पंचायत का आयोजन किया और मांग पुरी न होने पर सहमति न देने व गांव के विस्थापन से इनकार किया है।

जेवर मे बन रहे नॉएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे चरण से प्रभावित गांव नीमका व ख्वाजपुर के लोगों ने गांव नीमका मे खुर्जा रोड पर प्राइमरी स्कूल के पास एक पंचायत का आयोजन किया। ग्रामीणों ने बढ़ाये गए मुआवजे 4300 वर्ग मीटर को एक छल बताया और कहा

कि उनको 12 हजार रुपए वर्ग मीटर की दर से मुआवजा दिया जाये, प्रभावित किसान परिवार के प्रत्येक बालिग व नाबालिग बच्चे को प्लाट दिया जाये और रोजगार के लिए दी जाने वाली रकम को भी डबल किया जाये आदि मांगे रखी और गांव के विस्थापन से इनकार किया है। गांव के प्रवीण चौधरी ने बताया कि भूमि अधिग्रहण कानून का पालन किया जाये। गांव को शहर घोषित कर दिया है, जो गलत है। सभी मांगों के पुरा होने तक सहमति नहीं दी जाएगी। इस मौके पर चौधरी तेजपाल सिंह पूर्व प्रधान, विजय शंकर शर्मा, संदीप फौजी, सरेन्द्र, विजय पाल दरोगा, प्रवीन अत्रि, अरविंद्र अत्रि प्रधान, कल्याण, राजकुमार शर्मा, सतपाल, सतपाल फौजी आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

देश संविधान से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं: सांसद तनुज पुनिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (लेखराम मौर्य)। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की लखनऊ एवं फैजाबाद मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला/शहर अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के चेयरमैन तनुजपुनिया -सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का आरंभ

तनुज पुनिया ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बैठक में उपस्थित उक्त मंडलों के जिलों से आए प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला/शहर अध्यक्षों ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक का संचालन अनुसूचित जाति विभाग लखनऊ के अध्यक्ष विषम सिंह ने किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया ने उपस्थित कार्यकताओं से कहा कि आप सभी कांग्रेस संगठन की रीढ़ हो, संगठन को मजबूत करने में आप सभी का विशेष योगदान रहा और मैं आशा करता हूं कि वह आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान को लेकर भाजपा जो गलत बयानबाजी कर रही है उसे कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा और इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। श्री पुनिया ने कहा कि देश संविधान से चलेगा मनु स्मृति से नहीं।

श्री पुनिया ने कहा अभी हाल ही में देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर घृणित टिप्पणी कर उनका अपमान जो किया गया है जिससे देश का दलित, शोषित, वंचित समाज बुरी तरह से आहत है और आक्रोशित है। भाजपा के नेताओं द्वारा पूर्व में भी संविधान को बदलने की साजिश की जा चुकी है। भाजपा के नेताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया जाना इस बात का संकेत था कि यदि भाजपा प्रचंड बहुमत में आई तो संविधान को बदलने का प्रयास करेगी। परंतु इस देश की देवतुल्य जनता ने भाजपा को सबक सिखाते हुए उनके 400 पार के नारे को जमींदोज कर सबक सिखाने का काम किया।

आज देश का दलित समाज समझ चुका है कि उनका असली हितैषी कौन है? दलित समाज आज कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। भाजपा दलितों को को लेकर सिर्फ वोट की राजनीति करती है लेकिन उनको हक, अधिकार और सम्मान से वंचित रखकर उनकी उपेक्षा करती है।

आज की बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मीता गौतम, पूर्व राज्य मंत्री कमलेश भारती, अनु0 जाति विभाग की प्रवक्ता सिद्धि श्री, सुशील बाल्मीकि, प्रो0 आर0बी0 बौद्ध, पारसनाथ गौतम, जयंत गौतम, राम हरक रावत, दिलीप रावत, सरोज रावत, डॉ0 आर0के0 गौतम, सुशीला सोनकर, राजीव रतन राजवंशी, राम किशोर रावत, हीरालाल शास्त्री सुरेश कुमार पासवान, महेशचन्द्र दोहरे, सी0आर0 भारती, विजय पाल गौतम, बृजेश गौतम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

कानपुर में बीच सड़क पर हार्ट अटैक का शिकार हुआ युवक, सीपीआर से जान बचाने में चौकी प्रभारी नितिन कुमार की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कानपुर (सुनील बाजपेई)। अगर ईश्वर , अल्लाह और गॉड को अगर किसी की जान बचानी होती है तो वह इंसान के रूप में ही बचाता है। यह कथन सत्य साबित हुआ बर्रा थाने की यादव मार्केट चौकी क्षेत्र में, जहां एक दरोगा ने हार्ट अटैक से युवक की जान बचाने के मामले में उसका भगवान बन गया। इस सब इंस्पेक्टर ने राह चलते हार्ट अटैक का शिकार हुए इस युवक की जान सीपीआर देकर बचाई। अगर सीपीआर देने में कुछ मिनट का ही विलंब हो जाता तो इस युवक की जान का बच पाना मुश्किल हो जाता लेकिन इसके पहले कि ऐसा कुछ हो पाता यादव मार्केट चौकी प्रभारी नितिन कुमार और उनकी टीम ने तत्काल सीपीआर देकर युवक को असमम मौत का शिकार होने से साफ बचा लिया। जान बचाने के मामले में भगवान जैसा का रोल अदा करने वाली पुलिस के इस कार्य की सराहना भी होती नजर आई।

प्राप्त विवरण के मुताबिक घटना के समय एक युवक कहीं जा रहा था कि अचानक हार्ट अटैक की वजह से सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया जैसे ही इसकी जानकारी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी यादव मार्केट के चौकी प्रभारी नितिन कुमार को मिली वह तत्काल ही अपनी टीम के साथ मनोहर नगर बर्रा 2 पहुंच गए लेकिन तब तक कानपुर में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के क्रम में शिकार हुआ युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो चुका था। यह देख एक भी पल का विलंब किए बगैर निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले चौकी प्रभारी नितिन कुमार उसे सीपीआर देना शुरू किया। अंततः किसी की प्राण रक्षा जैसे संसार के सर्वोत्तम परोपकार वाला जुझारू तेवरों वाले यादव मार्केट के चौकी प्रभारी नितिन कुमार यह सर्वोत्तम सराहनीय प्रयास युवक की जान बचाने के रूप में सफल भी हो गया।

कुल मिलाकर डॉक्टर को तो भगवान का रूप माना ही जाता है लेकिन सीपीआर देकर युवक की जान बचाने के रूप में पुलिस का भी रोल भगवान जैसा ही साबित हुआ। उसके इस सराहनीय कार्य का वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ। पुलिस का यह सराहनीय कार्य सर्वत्र चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

क्षेत्रीय विधायक द्वारा खेल विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी! (सैय्यद मजहर) सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के

लोकप्रिय विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने खंड विकास कार्यालय द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया ! इस मौके पर उन्होंने विजय हुए प्रतियोगियों से अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें जिससे हमारे विद्यालय नगर और देश का नाम रोशन हो ! इस कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया अनुराग तोमर सभासद गगन प्रजापति, हिमांशु गोयल संजीव गोयल सौरव गर्ग जुगनू दीपक गोयल आदि लोग उपस्थित रहे !

महिला कर्मचारियों को दी जाए, गर्म और फुल ड्रेस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चन्दौसी। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उ0प्र0 द्वारा सफाई कर्मचारियों के समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष नंदू वाल्मीकि व नगराध्यक्ष सनी कमल अधिशासी अधिकारी के0के0 सोनकर से मिले और सफाई कर्मचारियों को गर्म कपड़े प्रदान करने नगरपालिका अध्यक्षा व अधिशासी अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही महिला कर्मचारियों को हॉफ डेज्स दी गई है जो सर्दी में पर्याप्त नहीं है। साथ अधिशासी अधिकारी को पूर्व चेयरमैन इंदुरानी के समय का दो माह का वेतन नहीं दिये जाने के अवगत कराया गया। साथ ही मांग की गई कि पिछड़ी जाति के कर्मचारियों को पालिका के बाबू की पोस्ट से हटाकर उनको सफाई कार्य में लगाया जाये जिससे भेदभाव का समाप्त किया जा सके। इस दौरान ज्ञानप्रकाश वाल्मीकि, कैलाश चटवाल, शिव नंदन, सनी कमल, पंकज चौधरी,

रिंकू वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, गुड्डू वाल्मीकि, प्रवेश चटवाल, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

सम्मान समारोह सभागार में पांचवें अटल रत्न सम्मान समारोह 2024 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ

भारत रत्न अटल सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न, समाज की कई हस्तियों को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वङ्ग अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म शताब्दी पर पण्डित दीन दयाल उपाध्याय सूचना भवन के सभागार में पांचवें अटल रत्न सम्मान समारोह 2024 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी तथा निहारिका साहित्य मंच की संस्थापिका/अध्यक्ष डॉङ्ग रीमा सिन्हा जोकि पत्रकारों की आवाज बुलन्द करने के साथ साथ साहित्यकारों कलमकारों डॉक्टरों तथा समाजसेवियों को सम्मानित करने के लिए भी मशहूर हैं। लगातार पांचवीं बार अटल रत्न सम्मान समारोह आयोजित करने वाले प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी ने इस बार भी बड़े ही भव्य तरीके से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के सभागार में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की जयन्ती के अवसर पर पांचवें अटल सम्मान समारोह 2024 का भव्य आयोजन किया।जहां लखनऊ ही नहीं देश-विदेश से कई प्रख्यात साहित्यकारों, चिकित्सकों, समाजसेवियों और पत्रकारों को "अटल सम्मान" से सम्मानित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर नेता अम्मार रिजवी, तथा लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, मौजूद रहे।अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कस्टम अधिकारी निगहत खान प्रख्यात साहित्यकार डॉङ्ग सुल्तान शाकिर हाशमी, सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर उमंग खन्ना, फिल्म निमार्ता निर्देशक मान बहादुर सिंह मान, भाजपा नेत्री फराह रिजवी, प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक आजाद हाफिज, राष्ट्रीय सलाहकार अब्दुल वहीद और जुबेर अहमद, रॉयल होटल ग्रुप के चेयरमैन मुरलीधर आहूजा, इमरान कुरैशी , तथा आरिफ कुरैशी उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथियों के रूप में लोहिया हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ सी.एम सिंह, सिविल अस्पताल के निदेशक राजेश कुमार, बलरामपुर अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉङ्ग सम्मद्धर, डॉङ्ग ए.के गुप्ता, डफरिन हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉक्टर मधु गोढ़वाल, प्रख्यात शायर मोहम्मद साहिल, वरिष्ठ समाजसेवी कुदरत उल्ला खां, मुर्तजा अली, शाकिब भारत,शहजादे कलीम, तौसीफ अहमद, एड.सलाहुद्दीन उर्फ शीबू, वामिक खान,अनवर आलम, राकेश चौहान, समाजसेवी वी.बी पाण्डे, मुश्ताक बेग, शबाब नूर,आसिम मार्शल, एहसन रईस, सैयद गुलाम,तनवीर रजा खान आरिफ मुकीम तथा लखनऊ एवं देश के कई शहरों से और विदेश जैसे कि अमेरिका, कनाडा, नेपाल, दुबई, से आए हुए कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रवज्जलित करके की गई मशहूर शायर आसिम काकोरवी के बेहतरीन मंच संचालन में कार्यक्रम के आयोजक प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल अजीज सिद्दीकी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रीमा सिन्हा ने आए हुए गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। अपने अभिभाषण में डॉक्टर सुल्तान शाकिर हाशमी तथा देश विदेश में मशहूर डॉ. उमंग खन्ना ने स्व. अटल बिहारी बाजपेई जी की जीवन की यादगार बातों को बताते हुए उनकी यादों को ताजा कर दिया। मुख्य अतिथियों तथा अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य हस्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपना बेहतरीन योगदान देने पर उनको दुशाल ओढ़ाकर "अटल रत्न सम्मान" की स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।

देश के वरिष्ठ नेता अम्मार रिजवी ने अपने शानदार वक्तत्व में कई बेहतरीन बातें कहीं, साथ ही ये भी कहा कि "भारत रत्न स्वङ्ग अटल बिहारी बाजपेई जी के नाम पर देश से और विदेश से आए मेहमानों को "भारत रत्न अटल सम्मान" देकर देश का मान बढ़ाते हुए लखनऊ का नाम रोशन कर दिया है, इसके लिए मैं अजीज सिद्दीकी तथा डॉक्टर रीमा सिन्हा को मुबारकबाद पेश करता हूं।सम्मान समारोह के अन्त में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रीमा सिन्हा ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रोफेसर ख्वाजा सैफुल्लाह जफर मेडिसिन विभाग के नए अध्यक्ष नियुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर ख्वाजा सैफुल्लाह जफर मेडिसिन विभाग के नए अध्यक्ष होंगे। वह 27 दिसम्बर को अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। प्रोफेसर जफर करीब 15 साल से शिक्षण और शोध में लगे हुए हैं। उन्होंने 2013 में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम किया और 2021 में एएमयू में कैडर पद पर मेडिसिन के प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति से पहले वहां 5 साल से अधिक समय तक यूनिट हेड के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने दो पुस्तकें लिखी हैं और अंतरराष्ट्रीय ख्याति की पत्रिकाओं में 20 से अधिक शोध पत्र और 4 समीक्षा लेख प्रकाशित किए हैं। उनके पास 101 उद्धरण हैं, जिनके आधार पर उन्हें एच इंडेक्स-10 और आई-10 इंडेक्स-4 प्राप्त है। वे आंतरिक चिकित्सा के व्यापक स्पेक्ट्रम में संक्रामक रोगों और हेमाटोलॉजी पर विशेष रूचि के साथ शिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों में लगे हुए हैं।

सीडीओ की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बैठक हुई आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में डोर-टू-डोर कूडा संग्रहण की सेवा ग्रामीणों को प्रदान करने के साथ ही सेवा के सापेक्ष निर्धारित स्वच्छता शुल्क संग्रहण कार्य की समीक्षा की गई। संग्रहित स्वच्छता शुल्क का स्वच्छता के कार्यों में सदुपयोग किए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं विकास खण्ड खैर, टप्पल, जवां एवं लोधा के समस्त सचिव ग्राम पंचायत, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियों की निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा की गई।स्वच्छता संग्रहण शुल्क में ब्लॉक अतरौली की शिथिल प्रगति पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी नाथूराम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि तहसील की दूसरे ब्लॉक बिजौली में जहां 60000 का स्वच्छता संग्रहण शुल्क जमा किया गया है, वहीं तहसील मुख्यालय के ब्लॉक में मात्र 25000 ही स्वच्छता संग्रहण शुल्क एकत्रित किया जाना आपत्तिजनक है। अन्य विकास खण्ड भी अतरौली से कहीं बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा की डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का स्थाई निदान संभव है। लोगों को जागरूक किया जाय। स्वच्छता संग्रहण शुल्क का सदुपयोग करने पर भी अतरौली के साथ लोधा की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। सीडीओ ने दोनो बीडीओ क्रमशः अतरौली एवं लोधा को कड़ी फटकार लगाते हुए शासकीय एवं विकास कार्यों में व्यक्तिगत रुचि के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। ग्राम पंचायतों के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने के बाद भी विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। बीडीओ ध्यान दें, और प्राप्त धनराशि का जनहित में सदुपयोग करते हुए विकास कार्य कराएं। सीडीओ ने ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाए जाने की भी बात कही।बैठक में जिन ग्राम पंचायतों में कूडागाडी उपलब्ध है उन ग्रामों की पीपीटी के माध्यम से पंचायतों में माह नवम्बर, 2024 तक डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं स्वच्छता शुल्क की वास्तविक स्थिति, कचरा से कंचन केन्द्र के सुदृढ़ीकरण, कच्ची गली मुक्त ग्राम अभियान में इण्टरलॉक एवं सीसी रोड करायी गयी गलियों की संख्या, स्थल एवं लम्बाई के साथ कच्ची गली मुक्त ग्राम का विवरण और नवीन 50 अस्थाई गौशाला निर्माण की प्रगति व पूर्व निर्मित गौशालाओं में शैड के चारों ओर खडंजा निर्माण की प्रगति के साथ ही गौ संरक्षण के सबंध में बैठक की गई। सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों में पर्याप्त धन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों पर धनराशि का सदुपयोग करते हुए किसी भी प्रकार के भुगतान को लम्बित न रखा जाए। ग्राम में जो भी एसेट्स यथा आर आर सी सेंटर, व्यक्तिगत शौचालय आदि बन गए हैं, उनका सदुपयोग किया जाए। कच्ची गली अभियान के सबंध में बताया गया की 6 करोड़ 71 लाख 23000 की धनराशि से 712 गलियों को पक्का किया गया है।

शुक्रवार को बूंदाबांदी के आसार, अब गिरेगा पारा, सताएगी सर्दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मौसम विभाग की भविष्यवाणी को यदि सही माने तो आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने शुक्रवार से बादल छाने और बूंदाबांदी होने के आसार व्यक्त किए हैं। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ेगा। गुरुवार को हल्का कोहरा था जो समय के साथ छंट गया। दिन में धूप भी चटख निकली थी। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह वातावरण में नमी 86 फीसदी थी, जो शाम को 65 फीसदी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और न्यूनतम तापमान में .5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से .8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि शुक्रवार को कोहरा हो सकता है।

जल्द स्मार्ट होंगी मुरादाबाद शहर की दस पुलिस चौकियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मुरादाबाद शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से एक और पहल की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शहर की 10 पुलिस चौकियों को स्मार्ट बनाए जाने का निर्णय लिया है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इन पुलिस चौकियों का कायाकल्प किया जाएगा और इन्हें आधुनिक तरीके से बनाया जाएगा। इन आधुनिक पुलिस चौकियों से शहर की सुरक्षा और भी मजबूत होगी।स्मार्ट सिटी की ओर से जिन 10 पुलिस चौकियों को स्मार्ट बनाएगा, वहां संबंधित क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों का भी एक्सेस होगा। इससे पुलिस चौकी में बैठे-बैठे पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र पर नजर रख सकेंगे। अपराध होने की स्थिति में आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिसकर्मी फुटेज दोबारा देख सकेंगे। कैमरों का 90 दिन का डाटा पुलिस चौकी पर सुरक्षित रहेगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के अनुसार कई पुरानी पुलिस चौकियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

नए साल में वाहनों की प्रदूषण जांच होगी महंगी

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। एक जनवरी से वाहनों की प्रदूषण जांच फिर महंगी होने जा रही है। सभी तरह के वाहनों की प्रदूषण जांच शुल्क में पांच प्रतिशत - की बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में पेट्रोल वाहनों पर पांच और डीजल वाहनों पर 10 रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। सभी आरटीओ व एआरटीओ को जल्द ही आदेश जारी किया जाएगा। वाहनों की प्रदूषण जांच नहीं होने के दशा में 10 हजार रुपये का चालान करने के निर्देश हैं। डीजल, पेट्रोल, सीएनजी व एलपीजी से संचालित वाहनों को हर छह माह में प्रदूषण की जांच करानी पड़ती है।अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन - सत्यार्थी ने बताया कि प्रदूषण जांच का शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है, अनुमोदन के बाद पीयूसीसी पोर्टल पर नई दरें अपडेट की जाएंगी। - राजधानी लखनऊ में प्रदूषण जांच के करीब 210 से अधिक केंद्र हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष शुल्क में पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। सरकार का जोर है कि इलेक्ट्रिक वाहन ही अधिक से अधिक संख्या में चले इनसे प्रदूषण नहीं होगा।

परिवहन विभाग ने इन वाहनों की जांच दर में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव दिया है यानी दो पहिया बीएस-6 पेट्रोल वाहन को 130 रुपये और सभी डीजल वाहनों को 240 रुपये प्रदूषण जांच का भुगतान करना होगा। इस पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है।

मुरादाबाद शहर की सुरक्षा अब और होगी चाक चौबंद, इमरजेंसी कॉल बॉक्स सुविधा का होगा विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर की सुरक्षा अब और चाक-चौबंद होने जा रही है। इसके लिए इमरजेंसी कॉल बॉक्स यानी ईसीबी सुविधा का विस्तार होगा। रात में झपटमारी, लूट, मारपीट समेत अन्य घटनाओं की शिकायत पीड़ित बॉक्स सेंटर के जरिये कर सकेंगे। शिकायत मिलते ही फौरन पुलिस पीड़ित तक पहुंच सकेगी। इस सेवा की मदद से अन्य आपातकालीन सुविधाएं भी आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।स्मार्ट सिटी की ओर से मौजूदा समय में शहर के 35 स्थानों पर ईसीबी सेंटर की सुविधा उपलब्ध है। इस सेंटर में पैनिक बटन लगाए गए हैं, जिसे स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया गया है। आपात परिस्थिति में कोई भी पैनिक बटन दबाकर कंट्रोल रूम में शिकायत कर सकता है। तत्काल एक्शन लेकर संबंधित विभागों को सूचना दी जाती है। अब इस इमरजेंसी कॉल बॉक्स सेंटर की संख्या 35 से बढ़ाकर 100 की जाएगी। इससे शहर के 100 स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इमरजेंसी कॉल बॉक्स गुरहट्टी चौराहा, कोहिनूर तिराहा, लाकड़ी तिराहा संभल रोड, पीली कोठी चौराहा, लासा मार्ट चौराहा,

जिन चौराहों या स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स की सुविधा मौजूद है, वहां लोगों को जाकर लाल बटन को दबाना है

काशीपुर तिराहा, कोठीवाल डेंटल कॉलेज, असालतपुरा गलशहीद चौराहा, मंडी चौक, प्रभात मार्केट, बुध बाजार चौराहा, मझोली चौराहा, कपूर कंपनी तिराहा, रोडवेज हरपाल नगर, रोडवेज पीतल नगरी, किला तिराहा, मधुबनी तिराहा, ताड़ीखाना इंदिरा चौक, ताड़ीखाना, इंदिरा चौक, प्रिंस रोड, पीएसी तिराहा, गागन तिराहा, रेलवे स्टेशन गेट संख्या-5, टाउन हॉल, लोकोशेड पुल, आजाद नगर तिराहा, रेलवे स्टेशन गेट नंबर-दो, शेरवा चौराहा, आशियाना पीवीआर तिराहा, संभल चौराहा, हनुमान मूर्ति तिराहा, इंपीरियल तिराहा, प्रकाश नगर चौराहा, हरथला चौराहा और फव्वारा चौराहे पर लगा है'स्मार्ट सिटी के चीफ इंजीनियर एके मित्तल के अनुसार पैनिक बटन से कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं। राहगीर किसी तरह की दुर्घटना, जाम, सुरक्षा, अपराध आदि की शिकायत इमरजेंसी कॉल बॉक्स की मदद से कर सकते हैं। जिन चौराहों या स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स की सुविधा मौजूद है, वहां लोगों को जाकर लाल बटन को दबाना है। बटन दबाते ही स्वतः कॉल इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर में लग जाती है। यहां शिकायत सुनने के साथ ही संबंधित अधिकारी को सूचना दे दी जाती है। पुलिस, फायर ब्रिगेड, अस्पताल, ट्रैफिक, एंबुलेंस आदि की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाती है।

परिवहन मंत्री के औचक निरीक्षण में रोडवेज बस अड्डे पर खाली मिले पूछताछ काउंटर और एमएसटी कक्ष, एआरएम समेत कई अधिकारी मिले गायब, गायब "अधिकारियों पर गिरेगी गाज "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुरादाबाद रोडवेज बस अड्डे का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। गाड़ी से उतरकर मंत्री ने पूछताछ कक्ष, एमएसटी कक्ष का निरीक्षण किया तो वहां कोई मौजूद नहीं था। एआरएम समेत कई अन्य कर्मचारी भी गायब मिले। मंत्री पूरे बस अड्डे की वीडियोग्राफी कराकर लौट गए। गायब कर्मचारियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है' नगर निगम कार्यालय में बैठक के बाद परिवहन मंत्री अचानक मुरादाबाद डिपो का निरीक्षण करने पहुंच गए। मंत्री के साथ गाड़ियों का काफिला देख बस अड्डे पर चालक-परिचालक समेत अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।मंत्री अपनी गाड़ी से उतरकर बस अड्डे का निरीक्षण करने लगे। पूछताछ कक्ष, एमएसटी कक्ष में पहुंचे तो वहां कोई कर्मचारी नहीं मिला। पेयजल के साथ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। मंत्री के साथ मौजूद टीम ने लगातार व्यवस्थाओं की वीडियोग्राफी भी की। एआरएम भी बस अड्डे पर नहीं मिलीं। परिवहन निगम के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। मंत्री के आगमन की सूचना मिलने पर ड्यूटी से नदारद कर्मचारियों और अधिकारियों में खलबली मची हुई है। माना जा रहा है कि जल्द ही गायब कर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है।

पौधे लगाओ-पौधे बचाओ अभियान, 280000 फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। उद्यान विभाग ने 50 हजार आम के पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। समाज के हर वर्ग के लोगों को एक से पांच तक आम के पौधे निशुल्क मिल सकेंगे। माननीयों के नाम से पौधे लगवाकर उनका जीवन जीवन बचाने की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। सरकारी विद्यालयों के परिसर में फलदार पौधे लगवाए जाने हैं। इसके लिए बिलारी और सरथल की नर्सरी में पौध तैयार हो रही है।उद्यान विभाग को पौधे लगाओ-पौधे बचाओ अभियान के तहत वर्ष 2025 में मुरादाबाद को दो लाख 80 हजार फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। इनमें से उद्यान विभाग 50 हजार आम के पौधे लगाएगा। पौध निशुल्क वितरण करने के लिए उद्यान विभाग बिलारी और सरथल नर्सरी में तैयार करा रहा है। फलदार पौधों में आम, अमरूद, नीबू, सहजन, करौंदा और जामुन उद्यान विभाग की दोनों नर्सरी में तैयार हो रहे हैं। जिला उद्यान अधिकारी बैजनाथ सिंह ने बताया कि आम की पौध लगाने के बाद उसे जिंदा रखने के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है। पौधे को जीवित रखकर पेड़ बनाने के लिए उद्यान विभाग अनूठी पहल कर रहा है। इसके लिए उद्यान विभाग ने बेसिक शिक्षा विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाया है। जिले के सभी जनप्रतिनिधियों से भी पौधारोपण कराया जाएगा। माननीय अपने नाम से जो पौधा लगाएंगे, उसको जीवित रखने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। पौधे जिला, तहसील ब्लाक और ब्लाक स्तरीय सभी अधिकारियों के नाम से भी लगेंगे। इसके अलावा सक्रिय एनजीओ, मीडिया के जिम्मेदार लोगों के नाम से भी पौधे लगाए जाने हैं। सरकारी स्कूलों में प्रधानाचार्य, शिक्षकों के नाम से भी पौधे लगने हैं। जिले के ग्राम प्रधानों को भी एक से लेकर पांच तक पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा कहीं स्थान अधिक मिलेगा तो वहां अलग से पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। पौधे लगाओ-पौधे बचाओ अभियान विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होगा।

भारतीय युवा हेल्प ट्रस्ट ने किया लिहाफों का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी । गुरुवार की दोपहर में नगर में स्थित ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में गरीब असहाय निधन महिलाओं एवं पुरुषों को लिहाफों का वितरण किया गया । गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भारतीय युवा हेल्प ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित लिहाफ वितरण कार्यक्रम में गरीबों महिलाओं व विकलांगों को सर्दी से बचने के लिए लिहाफो का वितरण किया गया। जिसमें ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर मशकूर अली, मोहसिन अली, सैयद आरिफ मियां, सुल्तान खांन का सहयोग रहा इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह एवं कुंदरकी चौकी इंचार्ज राजनाथ सिंह, मोहम्मद बिलाल खान, डॉक्टर जुबेर खान, डॉक्टर ओवैस खान, मजीद अली राजकुमार आदि भी उपस्थित रहे ।

डल्ले वाल के समर्थन में किसानों ने कलैक्ट्रेट पर की भूख हड़ताल,

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। 26दिसंबर को संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के सह -संयोजक जितेंद्र शर्मा द्वारा किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्ले वाल जी के समर्थन में एकदिवसीय भूख हड़ताल जिला कलैक्ट्रेट पर सुबह करीब 10 बजे से शाम 4 बजे तक रखीं गई जितेंद्र शर्मा ने कहा कि डल्ले वाल सहाब ने किसानों की मांगों को लेकर शहादत तक का ऐतिहासिक कदम उठा किसानों में क्रान्ति की जों अलख जगाई है वह आज देश के गांव गांव से दिखाई देती नजर आ रही है जिसके चलते अलीगढ़ कलैक्ट्रेट पर भूख हड़ताल में मोर्चा के किसानों में उत्साह दिखाई दे रहा है राष्ट्रीय महासचिव धीरज सिंह ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत दौर में गांधी जी ने आमरण अनशन कर अंग्रेजों की बुनियाद हिला दी थी आज ऐतिहासिक आंदोलन डल्ले वाल सहाब ने पुनः काले अंग्रेजों के विरुद्ध खड़ा कर दिया है गांव गांव से किसानों में क्रान्ति दिखाई देने लगी है जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान शाह ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा 16 माह से मान सिंह नगला क्षेत्र में बिना विद्युत पोल पर लिखित शिकायत बाद भी आज तक पोल नहीं लगाएं गये जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हैं सूबे के मुखिया इसे विकास कहते हैं तो ऐसा विकास नहीं चाहिए ।

पुलिस ने हास्य कलाकार उस्मान भारती को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने भोजपुर कस्बे के मोहल्ला चौधरीयान निवासी उस्मान भारती चर्चित यूट्यूबर और हास्य कलाकार और पति सहित ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एवं छेड़खानी करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चर्चित यूट्यूब पर हास्य कलाकार उस्मान भारती को गिरफ्तार करके चालान कर दिया । कुन्दरकी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी शादी भोजपुर के घास मंडी मदीना मस्जिद के पास मौ.फारुख के साथ हुई थी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर पति व देवर उस्मान भारती, सास अनीसा, नन्द शाहनाज, खुशी, नाजिम समेत सात पर पर अभियोग पंजीकृत किया था । कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मुकदमा से संबंधित कार्रवाई करते हुए हास्य कलाकार यूट्यूब पर उस्मान भारती को गिरफ्तार करके मेडिकल परीक्षण करा कर न्यायालय के समक्ष कर दिया।

बाल स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन, फूलों की वर्षा कर लोगों ने किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में अभिमन्यु बाल शिशु पथ संचलन निकाला गया। जिसमें छोटे छोटे बच्चे कंधे पर लाठियां रखकर वंदे मातरम के जयघोष लगाते हुए अनुशासित ढंग से चल रहे थे। जगह -जगह पथ संचलन का लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।आरएसएस के जिला संघ चालक कृष्णगोपाल ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए शहीद होने वाले हमारे श्री गुरु गोविंद सिंह के बच्चों के विषय में हम अपने परिवार में चर्चा नहीं करते है। जिला व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अपने बच्चों को उनके प्रारंभ से भारतीय संस्कार, संस्कृति और महापुरुषों के विषय में बताना चाहिए ताकि उन्हें इसका भी ज्ञान हो सके। इसके बाद पथ संचलन शुरू हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचकर संपन्न हो गया । सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे। नगर में पथ संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। व्यवस्था में डॉ. अनुज चौधरी, नगर कार्यवाह सूर्य प्रताप, भाजपा के मंडल महामंत्री जीतू वर्मा, उपाध्यक्ष अंकुश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल प्रजापति, विद्यार्थी प्रमुख नीटू सिंह, गौरव बिश्नोई विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य महिमा शंकर पांडे आदि रहे।

प्रतियोगिता विजेता , खिलाड़ियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया

विकासखंड स्तरीय युवा कल्याण विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल की ओर से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मलिहाबाद ब्लॉक में एथेलेटिक्स ,कबड्डी ,वॉलीबाल ,भारोत्तोलन, जूडो, एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इनमें विजेता , खिलाड़ियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। सभी खेल अनुदेशकों को टीशर्ट , स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकास खंड मलिहाबाद की खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता महमूद नगर खेल मैदान में आयोजित की गयी जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा द्वारा किया गया। इसमें जूनियर वर्ग 100 मीटर में सुमित कनौजिया एवं सब जूनियर वर्ग में लकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग कबड्डी में कनार की टीम विजयी रही। सीनियर वर्ग बालक वर्ग में विद्यास्थली के बच्चों ने बाजी मारी। इस दौरान अऊड कृषि मानवेन्द्र ,सचिव संदीप , सचिव अलोक एवं सचिव पवन विमल के सहयोग से इड पारुल वाजपई द्वारा कार्यक्रम का सफल सञ्चालन एवं समापन किया गया।

सीओ को दिया ज्ञापनः झूठी शिकायत फिर फैसले के नाम पर अवैध वसूली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। नगर के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी समसो पत्नी रईस का आरोप था कि उनके मोहल्ले का अफजाल लोगों के खिलाफ आए दिन झूठी शिकायत करता है और फिर फैसला कराने के नाम पर उनसे अवैध वसूली करता है महिला का कहना था कि उसके मकान में किराएदार रहते हैं जिनके खिलाफ अफजल ने षड्यंत्र रचा और उनसे पैसों की मांग करनी शुरू कर दी इसका विरोध किया तो वह फंसाने की धमकी देने लगा। इस बात से नाराज आज महिला और पुरुष तहसील पहुंचे और सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जांच कर मदद का भरोसा दिलाया है।

एक्शन से भरपूर फतेह का ट्रेलर रिलीज, दोनों हाथों में बंदूक थामे नजर आए सोनू सूद

अभिनेता सोनू सूद अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से वह अपनी आगामी फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनू बतौर निर्देशक अपनी शुरूआत करने जा रहे हैं। आजकल वह इसी के प्रचार में जुटे हैं।अब आखिरकार फतेह का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सोनू जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है।

फतेह में जैकलीन फर्नांडिस के साथ सोनू की जोड़ी बनी है। नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ट्रेलर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।फतेह ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा के विषयों पर आधारित है, जो डिजिटल युग के काले रहस्यों को उजागर करती है।फिल्म के एक्शन दृश्यों को हॉलीवुड तकनीशियनों द्वारा डिजाइन किया गया है। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

हाल ही में सोनू ने ऐलान किया था कि वह अपनी इस फिल्म की सारी कमाई दान कर देंगे।उन्होंने कहा था, फतेह देश के लोगों के लिए बनाई गई फिल्म है। हम फिल्म की कमाई को वृद्धाश्रम और अनाथालयों में दान करेंगे। सोनू के इस फैसले ने उनके प्रशंसकों को खुश कर दिया है।अभिनेता को पूरी उम्मीद है कि साइबर क्राइम पर आधारित एक्शन से लबरेज उनकी यह फिल्म दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरेगी।

बेबी जॉन का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज, एक्शन अवतार में वरुण धवन ने दिखाया कमाल

वरुण धवन पिछले कुछ दिनों से फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। अब इस फिल्म का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज हो गया है, जिस पर उनके प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। इसी गाने के साथ फिल्म की एडवांस बुकिंग भी खुल गई है। वरुण ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। फिल्म के गाने में वरुण का जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। गाने को राजा कुमारी ने गाया है। इसकी शुरूआत वरुण से होती है, जो अपनी बेटी की खोज करते हैं और गुंडों से दो-दो हाथ करते दिख रहे हैं। पुलिस अफसर के किरदार में वरुण खूब जंच रहे हैं। उधर गुंडों के लीडर बने जैकी श्रॉफ का अवतार भी देखने लायक है। प्रशंसक सोशल मीडिया पर इस गाने की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। यह गाना देख एक यूजर ने लिखा, बेबी जॉन ब्लॉकबस्टर होगी। एक ने लिखा, भाई बड़े समय बाद ऐसा जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक सुनने को मिला है।एक ने लिखा, ओह भाई साहब यही वजह है कि मैं सिर्फ और सिर्फ सिनेमाघरों में यह फिल्म देखूंगा। कुछ प्रशंसकों का मानना है कि इस फिल्म से वरुण सिनेमाघरों में आग लगा देंगे। एक लिखते हैं, फायर नहीं, ये वाइल्डफायर है भाई। मजा आ गया।एक ने लिखा, सचमुच बवाल है बेबी जॉन। बेबी जॉन में वरुण की जोड़ी पहली बार कीर्ति सुरेश के साथ बनी है। वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे सितारे भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए वरुण पहली बार पर्दे पर डबल रोल में दिखेंगे।

तमन्ना भाटिया के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, ओडेला 2 का नया पोस्टर जारी

तमन्ना भाटिया वर्तमान में ओडेला 2 में अभिनय कर रही हैं, जो 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित, फिल्म ने पहले ही महत्वपूर्ण रुचि जगा दी है। तमन्ना ने नागा साधु की भूमिका निभाई है, एक ऐसा किरदार जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। इसी बीच तमन्ना के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका खतरनाक लुक जारी कर दिया गया है।तमन्ना भाटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, ओडेला 2 के निमार्ताओं ने एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें अभिनेत्री को एक खतरनाक नागा साधु अवतार में दिखाया गया है। पोस्टर में उन्हें खोपड़ियों के एक मैदान में साहसपूर्वक चलते हुए दिखाया गया है, जिसके ऊपर उड़ते हुए गिद्ध एक तनावपूर्ण माहौल बना रहे हैं।यह पोस्टर फिल्म में उनके किरदार की गहन और शक्तिशाली प्रकृति का संकेत देता है। तमन्ना भाटिया ने अपनी भूमिका के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है, जिसमें दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले लुभावने स्टंट को परफेक्ट करने के लिए व्यापक रिहर्सल भी शामिल हैं। ओडेला 2 एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जो तमन्ना द्वारा चित्रित अच्छाई और वशिष्ठ द्वारा चित्रित बुराई के बीच तीव्र टकराव पर केंद्रित है।फिल्म की कहानी एक गांव के आसपास केंद्रित है, और कैसे इसके सच्चे रक्षक ओडेला मल्लन्ना स्वामी हमेशा अपने गांव को बुरी ताकतों से बचाते हैं। फिल्म के लिए संगीत अजनीश लोकनाथ द्वारा तैयार किया गया है, जो कंतारा में अपने काम के लिए मशहूर हैं।

किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स का ट्रेलर रिलीज

किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स क्रिसमस के दिन सिनेमाघरों में आने वाली है और हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले इसे सुबह 11:08 बजे रिलीज करने का कार्यक्रम था, लेकिन ट्रेलर लॉन्च को स्थगित कर दिया गया और चित्रदुर्ग के किच्चना कोटे में प्री-रिलीज इवेंट के साथ जोड़ दिया गया। ट्रेलर में सुदीप के किरदार अर्जुन महाक्षय को राक्षस मोड में दिखाया गया है, जो एक ट्रिगरिंग घटना के बाद हिंसा से बदला लेता है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में एक सस्पेंस भरी कहानी को एक ही रात में, शाम 7 बजे से सुबह



7 बजे तक के समय में दिखाया गया है।

सुदीप ने कथा में रोमांटिक उलझनों से बचने के महत्व पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कहानी केंद्रीय कथानक पर केंद्रित रहे। विजय कार्तिकेय द्वारा निर्देशित मैक्स में वरलक्ष्मी सरथकुमार, सुनील, शरत लोहिताश्व, प्रमोद शेट्टी, सुकृता वागले, संयुक्ता हॉर्नड, सुधा बेलावाड़ी और विजय चेंदूर हैं।

मैक्स को 2 घंटे और 12 मिनट की अवधि के साथ यू/ए सेंसर किया गया है। कन्नड़ मूल 25 दिसंबर को कर्नाटक में केआरजी स्टूडियो के सौजन्य से रिलीज हुई। तमिल और तेलुगु संस्करण आ 27 दिसंबर को जारी किए जाएंगे। सुदीप के प्रदर्शन और फिल्म की आकर्षक कहानी ने उच्च उम्मीदें जगाई हैं।

ऊनी कपड़ों की ऐसे करें देखभाल, बरकरार रहेगी चमक

सर्दियां आ चुकी हैं और ठंड से बचने के लिए आपने ऊनी कपड़े पहनना शुरू कर दिया होगा। आम या गर्मी के कपड़ों की तुलना में गरम और ऊनी कपड़ों को खास देखभाल की जरूरत होती है। ऐसा नहीं करने पर ऊनी कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं और उनकी चमक भी फीकी हो जाती है। आइए आज सर्दियों में ऊनी कपड़ों की अच्छे से देखभाल करने के लिए पांच आसान टिप्स जानते हैं।

हाथ से धोने की करें कोशिश

ऊन आमतौर पर गंध-प्रतिरोधी, क्रीज-प्रतिरोधी और दाग-प्रतिरोधी होती है, इसलिए ऊनी कपड़ों को कम धोना चाहिए। इसके अलावा जब भी आप इन कपड़ों को धोएं, तब इन्हें वॉशिंग मशीन की बजाय अपने हाथों से ही धोएं। इन्हें धोने के लिए विशेष रूप से सर्दियों के कपड़ों के लिए बनाए गए डिटर्जेंट का ही इस्तेमाल करें और धोने से पहले इन्हें तीन-पांच मिनट के लिए पानी में भिगो दें। याद रखें कि इन कपड़ों को ठंडे पानी से ही धोना है।

ऊनी कपड़ों को लटकाकर बिल्कुल न सुखाएं

ऊन बहुत सारा पानी सोख लेती है, इसलिए ऊनी कपड़े गीले होने पर भारी हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप इन्हें लटका कर सुखाएंगे तो कपड़ा खिंच जाएगा और यह अपना आकार भी खो देगा। इससे बचने के लिए जरूरी है कि ऊनी कपड़ों को लटका कर सुखाने की बजाय आप इन्हें समतल सतह पर सुखाने के लिए रख दें। इसके अलावा अपने सर्दियों के कपड़ों को सुखाने के लिए सीधी धूप से दूर रखें।

पूरी तरह सूखने पर प्रेस न करें

अगर आपके गीले ऊनी कपड़े सूख जाएं तो उन्हें प्रेस बिल्कुल भी न करें। ऐसा इसलिए क्योंकि सीधे गर्मी के संपर्क में आने से कपड़ा झुलस जाता है और फिर सिलवटे खत्म नहीं हो पाती हैं। इसके लिए आप नॉर्मल प्रेस की बजाय स्टीम प्रेस का इस्तेमाल करें और याद रखें कि हमेशा कपड़ों को अंदर वाली साइड से ही प्रेस करें। इसके अलावा सर्दियों के कपड़े प्रेस करते वक्त प्रेस को हमेशा ऊन ऑप्शन पर सेट करें।

ऊनी कपड़ों को नमी से रखें दूर

सर्दियों में हमेशा गरम कपड़ों को नमी वाली जगहों से दूर रखने की कोशिश करें। कुछ लोग नहाते वक्त गरम कपड़ों को बाथरूम में ही छोड़ देते हैं, लेकिन इससे आपके ऊनी कपड़े जल्दी खराब हो सकते हैं, इसलिए हमेशा इन्हें सूखी जगह पर ही रखें। इसके अलावा अलमारी में गरम कपड़े रखने से पहले नीचे अखबार बिछा दें और कपड़ों को बैक्टीरिया फ्री रखने के लिए इनमें नीम की पत्ती रख दें।

लिंट रिमूवर ब्रश का करें इस्तेमाल

सर्दियों में ऊनी कपड़ों और कोट को अच्छी स्थिति में रखने के लिए उनकी सही देखभाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कई बार इन कपड़ों में रोएं आ जाते हैं और धूल जम जाती है। इसके लिए आप लिंट रिमूवर ब्रश का इस्तेमाल करें। किसी भी ऊनी कपड़े या कोट को पहनने से पहले और बाद में उसे लिंट रिमूवर ब्रश से साफ करें ताकि उसकी चमक बनी रहें और वह नया दिखे।

सर्दियों में मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द को दूर करने के उपाय

फ्लू से लेकर त्वचा के रूखेपन तक, शीतलहर का मौसम हर साल कई तरह की बीमारियों को साथ लेकर आता है और इनमें से सबसे खराब अचानक से होने वाली मांसपेशियों में ऐंठन और जोड़ों का दर्द है। अमूमन लोग इनसे राहत पाने के लिए दर्द निवारक दवाएं लेते हैं, लेकिन उनका स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आइए आज कुछ ऐसे उपाय जानते हैं, जिन्हें अपनाकर सर्दियों में मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों का दर्द दूर हो सकता है।

रोजाना कुछ मिनट धूप में बैठें

सर्दियों में कुछ मिनट धूप में बैठने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े फायदे मिल सकते हैं। खासकर, अगर आप ठंड के मौसम में जोड़ो के दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन से सुरक्षित रहना चाहते हैं तो रोजाना 15 मिनट तक धूप में रहें। धूप शरीर से विटामिन- डी की कमी को दूर करके कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। कैल्शियम जोड़ो का दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन से बचाए रखने में सहायक है।

पानी के सेवन पर दें ध्यान

सर्दियों के दौरान कई लोग पानी का सेवन करना कम कर देते हैं, लेकिन इसकी कमी शरीर को कई समस्याओं से घेर सकती है। रोजाना 8-10 गिलास पानी का सेवन करने का नियम बना लें क्योंकि इससे न सिर्फ शरीर हाइड्रेट रहेगा, बल्कि मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द से भी दूरी बनी रहती है। आप चाहें तो पानी के सेवन पर नजर रखने के लिए अपने मोबाइल में वॉटर इंटेक ऐप को भी डाउनलोड कर सकते हैं।

एक्सरसाइज और योगासनों को रुटीन में करें शामिल

विशेषज्ञों के मुताबिक, जोड़ो के दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन से बचे रहने के लिए वजन को नियंत्रण में रखना बहुत जरूरी है। अतिरिक्त वजन के कारण जोड़ों और मांसपेशियों पर अधिक दबाव पड़ता है, जिसके कारण दर्द की स्थिति उत्पन्न होती है। इन समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए रोजाना कुछ मिनट सरल एक्सरसाइज और योगासनों का अभ्यास करना सुनिश्चित करें। अगर बाहर बहुत ठंड है तो इनडोर एक्सरसाइज का विकल्प चुनें।

इन फिटनेस गतिविधियों का भी किया जा सकता है अभ्यास

सर्दियों के दौरान मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द से बचने के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करना काफी फायदेमंद हो सकती है। इसके अलावा, आप इन शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए साइकिलिंग, जॉगिंग, दौडना, एरोबिक्स, स्विमिंग आदि शारीरिक गतिविधियों को भी अपने रुटीन में शामिल कर सकते हैं। ये गतिविधियां घुटनों की मांसपेशियों को मजबूत करती हैं और उन्हें लचीला बनाती हैं।

अपनी जीवनशैली में करें कुछ बदलाव

मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द से सुरक्षित रहने के लिए जीवनशैली में कुछ बदलाव करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिए, गर्म पानी से नहाने से मांसपेशियों और जोड़ों को आराम मिल सकता है। इतना ही नहीं, यह स्लिप साइकिल को सुधारने में भी सहायक है, जो मांसपेशियों के दर्द को ठीक कर सकता है और ऐंठन से भी राहत दिला सकता है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

कोरवा,आर डब्लू ए फेडरेशन एवं फ्लेट ओनर फेडरेशन ने पुलिस कमिश्नर के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गुरुवार को कोरवा यू पी,आर डब्लू ए फेडरेशन एवं फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद यानी सिविल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के साथ बैठक की। बैठक में कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने ध्वनि नियंत्रण, नगर के मुख्य चौराहों पर फैले अतिक्रमण को हटाने और एसपीओ नियुक्त करने पर चर्चा की। बैठक में गाजियाबाद के सभी जोन इंदिरापुरम, वसुंधरा, मोहननगर, विजय नगर, कविनगर और सिटी जोन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कर्नल त्यागी ने शहर में सद्भाव कायम रखने के लिए एसपीओ नियुक्त किए जाने, रेड लाइट चौराहों को ई रिक्शा मुक्त, वेन्डर मुक्त और भिखारी मुक्त किये जाने, सभी सोसाइटियों और सार्वजनिक स्थानों मे धार्मिक अनुष्ठानों अथवा जन्मदिन पार्टियों के नाम पर लाउड स्पीकर के इस्तेमाल और डेसीबल लिमिट पर नियंत्रण करने के लिए निर्देश जारी किए जाने, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों को पुलिस स्टेशनों में वरीयता देने, रिहायशी इलाकों में चल रहे देह व्यापार की शिकायतों पर कार्यवाही, ट्रेफिक व्यवस्था व अतिक्रमण, अपने साइज से चार गुणा ज्यादा सरिया ढोने वाली ट्रॉलियों पर नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरा, टायर ब्रेकिंग स्पाइक्स आदि के लिए नगर निगम को लिखे जाने आदि पर सुझाव दिए। पुलिस आयुक्त ने सभी बिन्दुओ पर आवश्यक निर्देश और कार्यवाही का भरोसा दिया है। बैठक में कोरवा-यूपी के अध्यक्ष पवन कौशिक, डॉ. आर पी शर्मा, राज कुमार त्यागी, कप्तान गोपाल शर्मा, कैलाश शर्मा, डॉ आर के आर्या, ज्ञान सिंह, अनुज पहलवान, नेमपाल सिंह, शरद सिंघल, मनोज, गोपाल सिंह, रमेश नेगी, गणेश दत्त, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

लखनऊ : शबीहे बैतुल हुज्न में मोहम्मद मेंहदी खां इफ़्तिकारी की मजलिस को संबोधित करते मौलाना कम्बर अली रिजवी। **छाया:- बुलन्द संदेश**

विकासखंड दानपुर में पीडीआई एवं एलएसडीजी आधारित सुशासन एवं आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाकर दीं जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

डिबाई (केपीसिंह चौहान)। उपनिदेशक (पंचायत) के कुशल निर्देशन में जनपद बुलंदशहर के विकासखंड दानपुर में पीडीआई एवं एलएसडीजी आधारित सुशासन एवं आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव विषय पर ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत का एक दिवसीय प्रशिक्षण खंड विकास अधिकारी अजयपाल सिंह एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत रहमान द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्रशिक्षकों द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य,उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ)के

प्रावधान अनुसार प्रधान को पद से हटाया जाना, ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने एवं महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दी गई क प्रशिक्षको द्वारा पीडीआई एवं एलएसडीजी के अंतर्गत आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई क इस अवसर पर प्रशिक्षक सुशील शर्मा, श्रीमती धीरज शीलर एवं डॉ दीपक सिंह वरिष्ठ फैकल्टी,डीपीआरसी हापुड़ एवं प्रधान संगठन के अध्यक्ष नरेश प्रधान रहमापुर, प्रधान इंदौर खेड़ा, खुदादिया, चिमाबली,भीमपुर, प्रकाशपुर, शहदवा व अन्य लगभग 45 प्रधान गण द्वारा प्रतिभाग किया गया उपस्थित थे ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात महिपाल ढांडा पहुंचे प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया के आवास पर एवं जनता की समस्याएं सुन उनके समाधान हेतु किया आश्वस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हरियाणा/ हिसार(राजेश सलूजा)। महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया के आवास पर बरवाला में शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री हरियाणा सरकार महिपाल ढांडा पहुंचे। वहां पहुंचने पर नरेंद्र मास्टर,सुमन सलूजा,कुलबीर डीपी,राजेश पूनिया, कार्यवाहक खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता एवं राजेश सलूजा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आवास पर अनेकों प्रदेशवासी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे जिसका शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सभी समस्याओं को दुरुस्त करने का आश्वाशन दिया एवं अनेकों ग्राम पंचायत के सरपंच,जिला पार्षद एवं प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया के आवास पर पहुंचे थे। जलपान के पश्चात शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री हरियाणा सरकार महिपाल ढांडा ने बताया कि आज वे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी के जयंती के रूप में जो सुशासन दिवस जिला हिसार में मनाया गया उसके पश्चात वे अब भारतीय जनता पार्टी के अनन्य भक्त एवं वरिष्ठ नेता प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया के आवास पर पहुंचे है। उनके साथ मिलकर उन्होंने अटल

जी के स्मृति के बारे बड़ी गहनता से चर्चा की एवं अटल जी एक नेता ही नहीं अपितु एक युगपुरुष थे जिसका आज पूरा भारतवर्ष साक्षी है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने बताया कि आज शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा जो बरवाला की धरती पर पहुंचे है उनका हम क्षेत्रवासियों की तरफ से धन्यवाद करते है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनूप , रामावतार शर्मा गुराना सरपंच,सतीश गिल, डॉ देशराज, प्रवीण सैनी,पवन शर्मा ,कृष्ण सैनी, विपिन लोहिया ,हर्ष बामन, अशोक सैनी ,रोशन घनघस, प्रवीन पोपली, प्रमोद सिवाच आदि सभी गणमान्य सदस्य मौजूद रहें ।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिले श्रीनिवास गोयल

उकलाना को तहसील और अग्रोहा को उप-तहसील का दर्जा देने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) । उकलाना को उप-तहसील से तहसील का दर्जा दिलाने और अग्रोहा को उप-तहसील बनाने की मांग लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्राथमिकताओं में रही है। इस मुद्दे को लेकर हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री और जिला पुनर्गठन कमेटी के सदस्य महिपाल ढांडा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपा और जनता की समस्याओं से अवगत कराया।

उकलाना को तहसील बनाने की मांग

पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास गोयल ने बताया कि उकलाना एक ऐतिहासिक उप-तहसील है, जिसका क्षेत्रफल काफी बड़ा है। वर्तमान में यहां तहसील से संबंधित कार्य सप्ताह में केवल मंगलवार और गुरुवार को ही हो पाते हैं। रजिस्ट्री जैसे आवश्यक कार्यों के लिए लोगों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है, क्योंकि यहां केवल नायब तहसीलदार की उपस्थिति होती है। क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से उकलाना तहसील का दर्जा पाने का पूर्ण रूप से हकदार है। श्रीनिवास गोयल ने कहा कि तहसील का दर्जा मिलने से लोगों

की समस्याएं कम होंगी और सरकारी कार्यों में तेजी आएगी।

अग्रोहा को उप-तहसील का दर्जा देने की मांग

श्रीनिवास गोयल ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से अग्रोहा कस्बे को उप-तहसील का दर्जा दिलाने की मांग भी की। उन्होंने बताया कि अग्रोहा क्षेत्र के लोगों को तहसील से संबंधित कार्यों के लिए हिसार जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी होती है। अग्रोहा को उप-तहसील का दर्जा मिलने से यहां के निवासियों को हिसार जाने की आवश्यकता नहीं होगी और सरकारी काम स्थानीय स्तर पर ही पूरे हो सकेंगे।

सरकार से सकारात्मक आश्वासन

श्रीनिवास गोयल ने बताया कि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से उनकी बातचीत सकारात्मक रही। मंत्री ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। श्रीनिवास गोयल को विश्वास है कि हरियाणा सरकार जल्द ही उकलाना को तहसील और अग्रोहा को उप-तहसील का दर्जा देकर जनता को राहत प्रदान करेगी।

जनहित में अहम कदम

इस पहल को लेकर क्षेत्रवासियों में भी उम्मीद जगी है। तहसील और उप-तहसील के दर्जे से न केवल सरकारी कामकाज सुचारू होंगे, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नया आयाम मिलेगा। अब देखना यह है कि सरकार कब तक इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाती है।

खेत में पानी भरने के झगड़े में तमंचे से धमकी देने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)। छेत्र के गांव आछेपुर निवासी एक किसान ने ट्यूबवेल से पानी भरने के दौरान एक युवक पर तमंचे से गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छेत्र के गांव आछेपुर निवासी किसान चमन सिंह के मुताबिक, गुरुवार को वह ट्यूबवेल से अपने खेतों की सिंचाई कर रहा था। आरोप है कि, इसी दौरान गांव निवासी एक युवक वहां पहुंचा और पानी भरने को लेकर गाली गलौज करते हुए ट्यूबवेल पर लगे इंजन को बंद कर दिया। आरोप है कि, विरोध करने पर आरोपी ने चमन की कनपटी पर तमंचा सटाकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लकड़ी माफियाओं ने बाग से काटे फलदार पेड़, सुनवाई नही होने पर मुख्यमंत्री से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)। छेत्र के गांव चांदपुर निवासी किसानों के बाग से लकड़ी माफियाओं ने 7 विशाल फलदार पेड़ काटकर चोरी कर लिए। आरोप है कि, स्थानीय स्तर से लेकर जिला प्रशासन से शिकायत के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नही की गई। जिसके बाद पीड़ित ने सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत की है।

छेत्र के चांदपुर गांव निवासी सतपाल के मुताबिक, उनका व उनके भाई उदयसिंह आदि का गांव आछेपुर में आम, जामुन, कटहल व

गूलर आदि का करीब 40 साल पुराना बाग है। आरोप है कि, करीब एक सप्ताह पहले 8 से 9 अज्ञात लकड़ी माफियाओं ने उनके बाग में लगे आम, कटहल, जामुन आदि के 7 विशाल फलदार पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया। पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस से लेकर डीएम तक मामले की शिकायत की। लेकिन आरोप है कि, शिकायत के बावजूद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नही की गई। जिसके बाद गुरुवार को पीड़ित ने सीएम योगी आदित्यनाथ के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर, कार्रवाई की मांग की है।

जब तक ईवीएम छेड़छाड़ का ठोस सबूत नहीं, तब तक आरोप लगाना सही नहीं : सुप्रिया सुले

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद महाविकास अघाड़ी के नेता ईवीएम पर लगातार सवाल उठा रहे है। इसी बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने ठोस सबूतों की बात की है। सुप्रिया सुले ने ईवीएम पर लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब तक इसके खिलाफ छेड़छाड़ के ठोस सबूत नहीं मिलते, तब तक ईवीएम को दोष देना गलत है। ईवीएम के खिलाफ कोई भी आरोप तभी उचित हो सकते हैं जब उसके बारे में ठोस और विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध हों। मैं खुद ईवीएम से चार बार चुनाव जीत चुकी हूं।

सुप्रिया सुले ने आगे कहा कि ओडिशा के बीजू जनता दल (बीजेडी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे कुछ राजनीतिक दलों ने ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों को साबित करने के लिए डेटा होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बीजेडी के नेता अमर पटनायक ने मंगलवार को उन्हें एक पत्र लिखा था, जिसमें ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ कुछ डेटा साझा किया गया था। हालांकि इस डेटा के बारे में पत्र में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई थी।

सुप्रिया सुले ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने पर आपत्ति जताई है। केजरीवाल का यह आरोप था कि वोटर लिस्ट में नामों को बिना उचित कारण के हटाया और जोड़ा जा रहा है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। मैं यहीं कह सकती हूं कि कुल मिलाकर माहौल परेशान करने वाला है। चाहे कोई तकनीकी समस्या हो या मतदाता सूची से जुड़ी कोई बात हो, इन बातों का जवाब बिना चर्चा के नहीं दिया जा सकता है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने चुनाव आयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईसीआई को खुद साबित करना चाहिए कि वो चोर नहीं हैं। हमें यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि आप चोर हैं। यह आपकी जिम्मेदारी है। महाराष्ट्र की जनता बीजेपी के खिलाफ है और उनकी चोरी हर गांव और शहर में उजागर हो चुकी है। जनता की अदालत में बीजेपी का पदार्फाश हो चुका है।

शुभारम्भ

सहकारिता मंत्री जे0पी0एस0 राठौर ने लखनऊ में प्रशस्ति पत्र का वितरण किया

अमित शाह ने नई दिल्ली में 10,000 नव गठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का किया शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (लेखराम मौर्य) । सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकार से समृद्धि के तहत 25 दिसम्बर, 2024 को 10,000 नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ केन्द्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली स्थित भारतरत्न सी0 सुब्रमण्यम सभागार, एन.ए.एस.सी. कॉम्प्लेक्स आई.सी.ए.आर., पूसा में किया गया। राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया वहीं कार्यक्रम में कृष्ण पाल मा0 सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार व मुरलीधर मोहोल मा0 सहकारिता एवं नागर विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई पहलों पर प्रस्तुति दी गयी।

इसी क्रम में प्रदेश स्तर पर जे.पी.एस. राठौर, मा0 सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में सहकारिता मुख्यालय लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एम.पी.

अग्रवाल प्रमुख सचिव सहकारिता, के. रविन्द्र नायक प्रमुख सचिव दुग्ध विकास तथा मत्स्य की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चयनित पांच बी-पैक्स, 11 दुग्ध, 10 मत्स्य नवगठित सहकारी समितियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य को माइक्रो एटीएम, ऋण सीमा स्वीकृत के प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र, एआईएफ एवं जन सेवा केन्द्र (सीएससी) की एक-एक समिति तथा एमएसएमई योजना में 03 समितियों को एवं नैनो उर्वरक में सर्वाधिक वितरण हेतु 03 समितियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। इस प्रकार कार्यक्रम में कुल 40 प्रमाण पत्रों/प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों में बी-पैक्स अलामचक विकास खण्ड कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर, बी-पैक्स अहरक जनपद वाराणसी, बी-पैक्स बहादुर नगर विकास खण्ड-बिजुआ जनपद लखीमपुर खीरी, बी-पैक्स कासिमपुर जनपद सीतापुर, बी-पैक्स कुरंग जनपद अमेठी को माननीय मंत्री द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं दुग्ध समितियों में जनपद गोण्डा से दुग्ध समिति तेजपुर व दुग्ध समिति गोंदहा, जनपद मेरठ से इस्लामाबाद छिलौर, रायबरेली से दुग्ध समिति ताजुद्दीनपुर, लखनऊ से दुग्ध समिति माँदा (उदित खेड़ा), वाराणसी जनपद से दुग्ध समिति भोरकला, जालौन से दुग्ध समिति सुजानपुर, शाहजहांपुर से कादर दादपुर उर्फ लिल्थरा तथा बाराबंकी जनपद से सैदनपुर व जदवापुर को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

मत्स्य समितियों में हरदोई जनपद की 05

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267